हिन्दी दैनिक
जन-जन की वाणी...
# सोन वर्षा वाणी
औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित
कृष्ण पक्ष, श्रावण, विक्रम संवत् 2081 • औरंगाबाद • बुधवार • 26 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 196 • पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 2.00

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

RESIST!
REDUCING SUBSTANCE INGESTION AND STOPPING TRAFFICKING

## मादक पदार्थों पर रोक के लिए पूर्णतः संकल्पित झारखण्ड सरकार...



श्री चम्पाई सोरेन
मुख्यमंत्री, झारखण्ड

# नशे को ना



# जिंदगी को हाँ

टोल फ्री न॰
**112**
(24x7)
पर कॉल करें

- शिक्षण संस्थानों से **100 मीटर** की परिधि में तम्बाकू निषेध।
- **18 वर्ष से कम आयु** को मादक/नशीले पदार्थ की बिक्री नहीं करें।
- मादक/नशीले पदार्थों की **खरीद-बिक्री** नहीं करनी चाहिए।
- नशीले पदार्थ की **खेती नहीं करें**।
- कानून में **सजा और जुर्माना** का प्रावधान।
- नशीले पदार्थ का **उत्पादन, भंडारण, बिक्री, परिवहन** या **उपयोग** के सहभागी नहीं बनें।
- मादक पदार्थ/अफीम की खेती की सूचना **टोल फ्री नम्बर 112** पर दीजिये।
- ड्रग्स के कारोबार को रोकने के लिए **प्रशासन का साथ** दीजिये।
- आपके द्वारा दी गयी जानकारी पर **त्वरित कार्रवाई** होगी। आपकी **पहचान गुप्त** रखी जायेगी।

### नशा से छुटकारे के लिए तुरंत संपर्क करें

| रिनपास, राँची | केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान, राँची | अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, देवघर | जिला अस्पताल के आईसीटीसी/एआरटीसी परामर्श केंद्र |
|---|---|---|---|

सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

PR No. 327693 / IPRD / 2024-25

Page 11


हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

खेल

औरंगाबाद, आरा एवं रांची से प्रकाशित

रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास

नरेंद्र मोदी 3.0 में भी हाइवे और एक्सप्रेसवे पर जोर

Page 10


• औरंगाबाद • बुधवार • 26 जून 2024 • वर्ष 26 • अंक 196 • पृष्ठ 12

मूल्य ₹ 2.00

## बांग्लादेश से तीस्ता समझौते को लेकर ममता नाराज

### पीएम मोदी को लिखा पत्र, संसद में घमासान के आसार

**कोलकाता (एजेंसी)।** बांग्लादेश के साथ तीस्ता नदी जल बंटवारा और फरक्का संधि पर बातचीत को लेकर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नाराज हैं। उन्होंने इसमें पश्चिम बंगाल सरकार को शामिल नहीं करने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को सोमवार पत्र लिखा। इसमें अपनी नाखुशी का इजहार



किया है। बनर्जी ने प्रधानमंत्री से पश्चिम बंगाल सरकार को शामिल किए बिना पड़ोसी देश के साथ ऐसी कोई चर्चा नहीं करने का भी आग्रह किया। उन्होंने मोदी को लिखे तीन पृष्ठ के पत्र में कहा, 'मैं यह पत्र बांग्लादेश की प्रधानमंत्री की हालिया यात्रा के संदर्भ में लिख रही हूं। ऐसा लगता है कि बैठक के दौरान गंगा और तीस्ता नदियों से संबंधित जल बंटवारे के मुद्दों पर चर्चा हुई होगी।

## महाराष्ट्र में चुनाव के नए रास्ते तलाश रही बीजेपी

### 'मोदी फैक्टर' से मोहभंग

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र में लोकसभा चुनाव में नुकसान के बाद अब बीजेपी ने विधानसभा चुनाव की रणनीति बनानी शुरू कर दी है। अक्टूबर में महाराष्ट्र में विधानसभा के चुनाव भी कराए जा सकते हैं। वहीं बीजेपी ने 2019 में 23 लोकसभा सीटें जीती थीं लेकिन इस बार 9 पर ही सिमट गई। बीजेपी के सूत्रों का कहना है कि सबसे पहले बीजेपी गठबंधन के अंदर की कमियां दूर करना चाहती है।



महायुति के अंदर ही शिवसेना और अजित पवार की अगुआई वाली एनसीपी में रार देखने को मिली है। वहीं बताया जा रहा है कि विधानसभा चुनाव में सीट बंटवारे को लेकर भी सहमति बनाना मुश्किल हो सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक बीजेपी ने इस बार राज्य के नेताओं को प्रमुखता देने का फैसला किया है। उनके द्वारा सुझाए गए रोडमैप को ही आगे रखा जाएगा। बीजेपी का मानना है कि सीधे केंद्र के दखल की वजह से नुकसान हुआ।

## अल्टीमेटम! मां-बाप की मंजूरी से ही हो लव मैरिज

### खाप पंचायतों ने कहा-कानून न बना तो करेंगे आंदोलन

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** हरियाणा के खाप ने केंद्र सरकार से मांग की है कि लव मैरिज को लेकर संसद में कानून बनाया जाए और इसमें मां–बाप की सहमति को अनिवार्य कर दिया जाए। इसके अलावा लिव–इन–रिलेशनशिप सिस्टम को खत्म कर दिया जाए। खाप ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि अगर सरकार उनकी बात नहीं सुनती है तो वे विरोध प्रदर्शन शुरू कर देंगे। कांडेला,



माजरा, नौ गामा, बिनैन, कलवा तापा और थुवा काप ने ये मांगें सरकार के सामने रखी हैं। खाप के नेताओं का कहना है कि अगर एनडीए सरकार दोनों मामलों को लेकर कानून नहीं बनाती है तो विपक्षी दलों को लोकसभा में ये मांग उठानी चाहिए। माजरा खाप के प्रवक्ता ने कहा, लव मैरेज या फिर कोर्ट मैरेज पर हमें आपत्ति नहीं है लेकिन इसके लिए मां–बाप से इजाजत लेनी जरूरी होनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब एक पिता अपनी बेटी को पाल–पोषकर बड़ा करता है और वह भाग जाती है तो बहुत दुख होता है।

# अब तेजी से पेंडिंग केस निपटाएगा सुप्रीम कोर्ट

### सीजेआई चंद्रचूड़ ने कर दिया लोक अदालत का ऐलान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अदालतों में बड़ी संख्या में लंबित पड़े मामलों को देखते हुए सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने लोक अदालत लगाने का ऐलान कर दिया है। उन्होंने कहा कि 29 जुलाई से लोक अदालत शुरू की जाएगी और लोग इसका लाभ उठा सकते हैं। उन्होंने कहा, 29 जुलाई से 3 अगस्त तक सुप्रीम कोर्ट में लोक अदालत का आयोजन होगा। सुप्रीम कोर्ट की स्थापना के 75 साल पूरे होने पर आयोजित होने वाली कार्यक्रमों कि श्रृंखला के अंतरगत यह आयोजन भी किया जा रहा है। सीजेआई ने कहा, गौर करने वाली बात है कि हम सब जज हैं और न्याय के संस्थान के लिए उत्तरदायी हैं। ऐसे में हमें लंबित पड़े मामलों की भी चिंता है। लोक अदालत में एक बहुत ही अनौपचारिक और तकनीक आधारित हल निकाला जाएगा जिससे नागरिक संतुष्ट भी हो जाएं और केस भी निपट जाएं। यह आपसी सहमति पर आधारित होगा। उन्होंने कहा कि नागरिक और



वकील सभी इसका लाभ उठा सकते हैं। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, सुप्रीम कोर्ट के सभी साथियों और कर्मचारियों की तरफ से हम नागरिकों से अपील करते हैं कि नागरिक और वकील जिनके केस लंबित हैं वे कोशिश करें कि त्वरित तरीके से उनके मामलों का समाधान निकल आए। यह एक तरह का विवाद का हल निकालने का तरीका है। दरअसल लोक अदालत को लीगल सर्विसेज अथॉरिटीज ऐक्ट 1987 के तहत वैधानिक बताया गया है। लोक अदालतों द्वारा दिए गए फैसलों को सिविल अदालत का डिक्री माना जाता है और सभी पक्षों पर मानने के लिए बाध्यकारी होता है। इस फैसले के खिलाफ किसी अदालत में कोई अपील भी नहीं की जा सकती है। हालांकि प्रक्रिया के तहत उचित अदालत में जाकर मुकदमा शुरू किया जा सकता है। विशेष लोक अदालतों द्वारा समझौते और निपटान की स्थिति में अदालती शुल्क वापसी का भी प्रावधान है। आम तौर पर इन अदालतों में वैवाहिक और संपत्ति विवाद, मोटर दुर्घटना दावा, भूमि अधिग्रहण, मुआवजा, सेवा और श्रम संबंधी विवाद सुलझाए जाते हैं।

# हाईकोर्ट से नहीं मिली बेल जेल में ही रहेंगे केजरीवाल

### ट्रायल कोर्ट का फैसला पलटा, कहा-बेल देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल अभी तिहाड़ जेल में ही रहेंगे। हाईकोर्ट ने दिल्ली शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में मंगलवार को जमानत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि दलीलों पर सही ढंग से बहस नहीं हुई थी, इसलिए राउज एवेन्यू कोर्ट के फैसले को रद्द करते हैं। फैसले को देखकर ऐसा लगता है कि केजरीवाल को जमानत देते समय विवेक का इस्तेमाल नहीं किया। अदालत को ईडी को बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए था। उधर, आम आदमी पार्टी का कहना है, हम हाईकोर्ट के फैसले से सहमत नहीं हैं। हम सुप्रीम कोर्ट जाएंगे। जमानत पर आदेश को इस तरह से नहीं रोका जा सकता, सुप्रीम कोर्ट ने भी कल यही कहा है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने 20 जून को केजरीवाल को बेल दी थी, लेकिन ईडी की याचिका पर हाईकोर्ट ने 21 जून को रोक लगा दी थी। अब कल (बुधवार को) सुप्रीम कोर्ट में दिल्ली सीएम की जमानत याचिका पर फैसला होगा। ट्रायल कोर्ट की टिप्पणी पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है। यह दर्शाता है कि ट्रायल कोर्ट ने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। इस बात पर मजबूत तर्क दिया गया कि जज ने धारा 45 की दोहरी शर्त पर विचार-विमर्श नहीं किया। ट्रायल कोर्ट को ऐसा कोई निर्णय नहीं देना चाहिए जो हाईकोर्ट के फैसले से उलट हो। ट्रायल कोर्ट ने धारा 70 के तर्क पर भी विचार नहीं किया है। कोर्ट का यह भी माना है कि सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को लोकसभा के लिए जमानत दी थी। एक बार जब उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी गई है, तो यह नहीं कहा जा सकता है कि कानून का उल्लंघन है।



### इमरजेंसी की बरसी पर कांग्रेस पर बरसे पीएम मोदी

# आपातकाल लगाने वाले ना दिखाएं संविधान प्रेम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर जमकर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों ने इमर्जेंसी लगाई थी उन्हें संविधान के लिए प्रेम का दिखावा करने की जरूरत नहीं है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इन लोगों ने ही आर्टिकल 356 को लागू कर दिया था और प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने के लिए विधेयक लेकर आए थे। इन लोगों ने संघीय ढांचे को खत्म करने और संविधान का उल्लंघन करने का हर संभव प्रयास किया। पीएम मोदी ने कहा, जिस पार्टी ने आपातकाल लगाया था उनकी मानसिकता नहीं बदली है। वे दिखावा करके संविधान के तिरस्कार को छिपाने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतें देख ली हैं और इसीलिए एक बार फिर उन्हें रिजेक्ट कर दिया है। बता दें कि 49 साल पहले 25 जून 1975 को इंदिरा गांधी की कांग्रेस सरकार ने देश में आपतकाल लगाया था। संविधान के अनुच्छेद 352 में राष्ट्रपति को आपातकाल लगाने का अधिकार दिया गया है। मोदी ने कहा, आज आपताकाल के विरोध में खड़े होने वाले महापुरुषों के प्रति आभार व्यक्त करने का दिन है।



## कमाल! चांद के सबसे अंधेरे हिस्से से मिट्टी लाया चीन

- ऐसा करने वाला पहला देश बना, 2030 तक इंसानों को चांद पर भेजने का लक्ष्य

**बीजिंग (एजेंसी)।** चीन का मून मिशन चांद की सतह से मिट्टी लेकर धरती पर पहुंच गया है। इसी के साथ वह पहला देश बन गया है, जो चांद के अंधेरे हिस्से से सैंपल लाने में सफल रहा है। चीनी नेशनल स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन का चैंग ई-6 लैंडर 53 दिन बाद



कैप्सूल में सैंपल लेकर धरती पर लौटा है। चीन ने 3 मई को चैंग ई-6 मिशन लॉन्च किया था। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, इस प्रोब का लक्ष्य चांद के सबसे दूर वाले हिस्से (जहां अंधेरा होता है) पर जाकर सैंपल इकट्ठे करके इन्हें धरती पर भेजना था। चीन ने 2030 तक इंसान को चांद पर भेजने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन भी उसी टारगेट का हिस्सा है।

# राहुल गांधी को 99 से मिला मौका, पहली कतार में बैठे

### लोकसभा में दिखा बदलता रुख, जिम्मेदारी को दिखे तैयार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी अब तक संसद में पार्टी के एक सांसद के तौर पर ही काम करते दिखे हैं। यूपीए सरकार रहने के दौरान वह केंद्रीय मंत्रिमंडल का हिस्सा नहीं बने थे और फिर कांग्रेस के विपक्ष में आने के बाद भी वह संसद में नेता विपक्ष जैसे अहम रोल में नहीं दिखे। भाजपा उनके जिम्मेदारी न लेने को मुद्दा बनाती रही है। लेकिन अब राहुल गांधी का रुख बदलता दिख रहा है और वह लोकसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी संभालने को तैयार नजर आ रहे हैं। सोमवार को चुनाव के बाद आयोजित पहले सत्र में वह पहली कतार में ही अखिलेश यादव के साथ बैठे नजर आए। इसके अलावा पीएम नरेंद्र मोदी जब सांसद के तौर पर शपथ लेने पहुंचे को उन्हें संविधान की कॉपी दिखा



रहे थे। राहुल गांधी के इस रुख से अनुमान लगाया जा रहा है कि वह नेता विपक्ष बनने के लिए तैयार हैं। पार्टी के रणनीतिकारों का मानना है कि राहुल गांधी पार्टी के अध्यक्ष नहीं हैं। ऐसे में उन्हें लोकसभा में नेता विपक्ष की जिम्मेदारी लेकर नेतृत्व करना चाहिए। यह उनके लिए मौका भी है क्योंकि पार्टी को लोकसभा में 99 सीटें मिली हैं, जो उसकी उम्मीद से अधिक हैं। इसके अलावा भाजपा को उसके नेतृत्व वाला अलायंस 240 सीटों पर ही रोकने में सफल रहा। इन नतीजों के बाद भी कांग्रेस लगातार तीसरी बार केंद्र सरकार से बाहर है।

## जय भीम, जय मीम और जय फिलीस्तीन...

- असदुद्दीन ओवैसी ने शपथ के दौरान लगाए नारे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** एआईएमआईएम अध्यक्ष और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने 18वीं लोकसभा के सदस्य के तौर पर मंगलवार को शपथ ली। अपना शपथ ग्रहण उन्होंने जिन शब्दों के साथ समाप्त किया उनमें जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलीस्तीन शामिल हैं। आखिर में ओवैसी ने अल्लाह हू अकबर भी कहा। ओवैसी के जय फिलीस्तीन कहने पर सदन में बीजेपी सांसदों ने हंगामा शुरू कर दिया। प्रोटम स्पीकर ने लोकसभा के सदस्य रूप के लिए शपथ लेने के लिए ओवैसी को बुलाया था। उन्होंने शपथ से पहले बिस्मिल्लाह पढ़ा। इसके बाद ओवैसी ने उर्दू में शपथ ली। शपथ पूरी हो जाने के बाद उन्होंने जय भीम, जय मीम, जय तेलंगाना और जय फिलीस्तीन का नारा लगाया।



## अपराध चाहे कितना गंभीर हो, आरोपी की उम्र नजरअंदाज नहीं कर सकते

- बॉम्बे हाईकोर्ट बोला-पोर्श एक्सीडेंट केस में नाबालिग को दे दी जमानत

**पुणे (एजेंसी)।** पुणे पोर्श एक्सीडेंट केस में बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को आरोपी नाबालिग को जमानत दे दी है। साथ ही उसे बाल सुधार गृह से तुरंत रिहा करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हमें आरोपी के साथ वैसे ही पेश आना होगा, जैसे हम कानून का उल्लंघन करने वाले किसी और बच्चे के साथ पेश आते। फिर चाहे अपराध कितना भी गंभीर क्यों न हो। नाबालिग आरोपी ने 18-19 मई की रात पुणे के कल्याणी नगर इलाके में सेक्टर में काम करने वाले बाइक सवार युवक-युवती को टक्कर मारी थी, जिससे दोनों की मौत हो गई। घटना के समय आरोपी नशे में था। वह 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से पोर्श स्पोर्ट्स कार चला रहा था। उसे 22 मई को बाल सुधार गृह भेजा गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट ने यह आदेश आरोपी लड़के की आंटी की तरफ से दाखिल याचिका पर दिया। पिछले हफ्ते दाखिल की गई इस याचिका में कहा गया था कि लड़के को गैरकानूनी तरीके से हिरासत में रखा गया है। उसे तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। याचिका में यह भी कहा गया था कि लोगों के गुस्से चलते पुलिस जांच के सही रास्ते से भटक गई।



## हार सुनिश्चित, फिर भी दलित कार्ड चलती है कांग्रेस

- चिराग पासवान ने जमकर बोला हमला, गिनाए कई उदाहरण

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने मंगलवार को कांग्रेस पार्टी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने देश की सबसे पुरानी पार्टी पर दलितों का इस्तेमाल अपने फायदे के लिए करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी को पता है कि उसके पास संख्याबल नहीं है फिर भी उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए अपना उम्मीदवार खड़ा किया। बता दें कि लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) केंद्र के सत्ताधारी राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का हिस्सा है। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चिराग पासवान को अपने मंत्रिमंडल में मंत्री बनाया है।

# पक्ष-विपक्ष तैयार, लोकसभा अध्यक्ष को लेकर आर-पार

### नहीं बन पाई सहमति, आज होगा चुनाव, बिरला के मुकाबले उतरे के. सुरेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। लोकसभा स्पीकर के पद पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच सहमति नहीं बन पाई है। एनडीए की ओर से ओम बिरला ने नामांकन दाखिल कर दिया है। वहीं विपक्ष की ओर से के. सुरेश को कैंडीडेट बनाया गया है। उन्होंने भी नामांकन दाखिल कर दिया है। अब बुधवार को सुबह 11 बजे स्पीकर पद के लिए मतदान होगा। के. सुरेश केरल से कांग्रेस के सांसद हैं और 8वीं बार चुनकर लोकसभा पहुंचे हैं। आंकड़ों को देखते हुए साफ है कि स्पीकर पद पर चुनाव की स्थिति में एनडीए का दावा मजबूत है, लेकिन इंडिया अलायंस को लगता है कि उसके पास अपनी ताकत दिखाने का मौका है। इसलिए उसने डिप्टी स्पीकर का पद देने की शर्त न पूरी होने पर कैंडीडेट ही उतार दिया है। इसके साथ ही भारतीय लोकतंत्र के 72 सालों के इतिहास में ऐसा तीसरी बार होगा, जब स्पीकर के पद पर चुनाव होगा। इस स्थिति के लिए राहुल गांधी ने सरकार पर ही ठीकरा फोड़ा है। उन्होंने कहा कि विपक्ष ने स्पीकर पद के लिए सरकार का समर्थन करने का फैसला लिया था। हमारा कहना था कि आप डिप्टी स्पीकर का पद विपक्ष को दे दें। ऐसी परंपरा भी रही है।



## संक्षिप्त समाचार

### आज से गया में होगी अग्निवीर सेना भर्ती के लिए दौड़

**गया।** गया-बोधगया मुख्य मार्ग पर स्थित बिहार विशेष सशस्त्र पुलिस-03 के मैदान में मंगलवार से दक्षिण बिहार के 11 जिलों के अभ्यर्थियों के लिए भर्ती रैली का आयोजन किया जाएगा। इस रैली में अग्निवीर सेना भर्ती रैली के लिए लिखित परीक्षा के आधार पर शॉर्टलिस्ट पुरुष उम्मीदवार हिस्सा लेंगे। 25 से 29 जून तक आयोजित होने वाली इस रैली में अग्निवीर जनरल ड्यूटी, ऑफिस असिस्टेंट, एसकेटी, अग्निवीर टेक्निकल, अग्निवीर ट्रेड्समैन एवं सैनिक तकनीकी नर्सिंग सहायक एवं सिपाही फार्मा के अभ्यर्थी हिस्सा ले सकेंगे। उक्त जानकारी सोमवार को सेना भर्ती कार्यालय, गया के भर्ती निदेशक कर्नल द्विवेदी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए दी। 34 परीक्षा केंद्रों पर 95549 अभ्यर्थियों ने लिखित परीक्षा में लिया था हिस्सा : कर्नल श्री द्विवेदी ने बताया कि अग्निवीर सेना भर्ती के लिए बिहार-झारखंड के 15 जिलों में विगत 22 अप्रैल से 03 मई के बीच लिखित परीक्षा आयोजित की गई थी। इस परीक्षा में 95 हजार 549 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया था। परीक्षा में करीब 30 हजार अभ्यर्थी सफल हुए हैं। इनमें से दक्षिण बिहार के 11 जिलों के 5494 अभ्यर्थी शामिल हैं। इन जिलों के 5494 अभ्यर्थी लेंगे हिस्सा : कर्नल श्री द्विवेदी ने बताया कि आयोजित सेना भर्ती रैली के दौरान दक्षिण बिहार के 11 जिलों गया, अरवल, औरंगाबाद, जमुई, रोहतास, जहानाबाद, कैमूर, लखीसराय, नालंदा, नवादा और शेखपुरा के शॉर्टलिस्ट किए गए 5494 अभ्यर्थी हिस्सा लेंगे। उन्होंने बताया कि यह रैली तीन चरणों में आयोजित की जाएगी। पहले चरण में अभ्यर्थियों को 1.6 किलोमीटर की दौड़ में हिस्सा लेना होगा। इसमें सफल अभ्यर्थियों को फिजीकल फिटनेस टेस्ट से गुजरना होगा। फिटनेस टेस्ट पास करने के बाद अभ्यर्थी मेडिकल टेस्ट में भाग लेंगे। सफल अभ्यर्थियों को सितम्बर महीने में प्रशिक्षण में भेजा जाएगा तथा अक्तूबर महीने के अंत तक वे अपनी ड्यूटी ज्वाइन कर सकेंगे।

### पर्यवेक्षण गृह में रहे बाल कैदी मौत, फांसी लगाने की आशंका

**गया।** रामपुर थाना क्षेत्र में सीआरपीएफ मुख्यालय कैंप एरिया स्थित बाल पर्यवेक्षण गृह में रविवार को एक कैदी की मौत हो गई। मृतक टकला पासवान डेल्हा थाना के बैरागी मोहल्ले का रहने वाला था। उसे फरवरी माह में किशोर को गोली मारने के मामले में पकड़कर पर्यवेक्षण गृह भेजा गया था। इस मामले में मृतक के परिजन का कहना है कि पर्यवेक्षण गृह से टकला के फांसी लगा लेने की सूचना दी गई थी। हकीकत में मौत कैसे हुई, यह स्पष्ट नहीं हुआ है। बता दें कि 18 फरवरी की शाम केन्द्रीय विद्यालय नंबर एक के मैदान में खेलने गए साहिल पासवान से कुछ युवक उलझ गए थे और उसे गोली मार दी थी। गोली किशोर के बांयी पसली में लगी थी, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया था। जहां प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति के कारण उसे पटना रेफर कर दिया गया। इस मामले में साहिल के बयान पर मोहन मांझी, रोहित, अमन पासवान, शुभम कुमार, टकला पासवान व रघु रविदास को आरोपित किया गया था। इस मामले में पुलिस ने टकला पासवान व रघु रविदास को गिरफ्तार किया था। इस बारे में रामपुर थानाध्यक्ष रवि कुमार ने बताया कि पर्यवेक्षण गृह के कर्मियों के अनुसार टकला ने वार्ड नंबर दो के बाथरूम में फांसी लगा ली थी। अचेतावस्था में उसे मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### गया पुलिस ने लौटाए 502 मोबाइल, पुलिस ने 1 करोड़ 40 लाख रुपए मोबाइल असली मालिक को लौटाए

**गया।** गया पुलिस ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत जनवरी 2023 से लेकर अब तक एक करोड़ 40 लाख रुपए का मोबाइल फोन बरामद कर उसके असली मालिक को लौटा चुकी है। पुलिस द्वारा अब तक लौटाए गए मोबाइल फोन की संख्या 502 हो चुकी है। सोमवार को भी एसएसपी आशीष भारती की मौजूदगी में 15 मोबाइल फोन लौटाए गए। जिनकी अनुमानित कीमत 3 लाख रुपए बताई गई है। बरामद किए मोबाइल फोन धारकों से या तो गुम हो गए थे या फिर लूट या छीन लिए गए थे। एसएसपी ने बताया कि साल 2023 में कुल 371 मोबाइल फोन बरामद किए गए थे। शेष मोबाइल फोन साल 2024 में बरामद किए गए। जिनकी कुल संख्या 502 हो चुकी है। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन मुस्कान की टीम बेहतर काम कर रही है। टीम को इस वर्ष भी लोगों के खो हुए 500 मोबाइल फोन बरामद किए जाने का टारगेट दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि गया जिले में ऑपरेशन मुस्कान बेहतर रिजल्ट दे रहा है। उन्होंने गया के आम अवाम से अपील की है कि जिस भी व्यक्ति का मोबाइल किसी वजह से खो गया है वे थाने में सनहा या फिर एआईआर दर्ज करवा कर उसकी फोटो कॉपी और मोबाइल फोन का बिल 7543077077 वॉट्सऐप नम्बर पर सेंड कर दें। जिला पुलिस खो हुए मोबाइल को ढूंढ निकालने की हर सम्भव कोशिश करेगी। मोबाइल फोन बरामद हो जाने पर मोबाइल धारक को सूचित किया जाएगा। फिर सत्यापन के बाद मोबाइल फोन लौटा दिया जाएगा। उन्होंने यह भी सलाह दी है कि किसी भी अनजान व्यक्ति से या फिर बगैर बिल के सेकेंड हैंड मोबाइल फोन कभी न खरीदें। ऐसी गलती परेशानी बढ़ा सकती है।

### नक्सली हीरा की हत्या मामले में 1 और आरोपी गिरफ्तार, जेल से छुटने के बाद हुआ था मर्डर

**गया।** गया में बीती 14 जून को कोंच थाना क्षेत्र के कमल बिगहा में नक्सली हीरा यादव की हत्या मामले में एक और नक्सली को गिरफ्तार किया है। पुलिस अब तक 5 अपराधियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पकड़ा गया 5वां नक्सली गोरेलाल रवानी है। गोरेलाल को टिकारी अनुमंडल पुलिस ने झिलमिल गांव से गिरफ्तार किया है। इसके खिलाफ 11 नक्सली केस गया और औरंगाबाद में दर्ज है। यह हाल में ही जेल से छूटा था। पकड़े गए अपराधी ने हीरा यादव की हत्या में खुद की संलिप्तता स्वीकार की है। एसएसपी आशीष भारती ने बताया कि हीरा लाल यादव की हत्या में शामिल अपराधियों की तलाश में SDPO सुशांत चंचल के नेतृत्व में टिकारी पुलिस जुटी हुई थी। पुलिस को जांच में पता चला कि हीरा यादव की हत्या में नक्सली गोरे लाल रवानी भी शामिल है। इस पर पुलिस ने गोरेलाल के मामले में सूचना जुटाई और उसे टिकारी के झिलमिल गांव से गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गोरेलाल ने स्वीकार किया है कि हीरा यादव की हत्या करने में वह शामिल था। उसने बताया कि हत्या करने के बाद सभी नक्सली अपने-अपने ठिकाने को उसी रात चले गए थे। बता दें कि हीरा यादव खुद नक्सली था। वह नक्सली संगठन एमसीसी का सदस्य था। लेकिन उसे संगठन ने निकाल दिया था। संगठन से निकाले जाने के बाद से वह MCC द्वारा प्रतिबंधित जमीन की खरीद-फरोख्त में जुटा था। इस बात से एमसीसी काफी खफा था। उसने हीरा यादव की हत्या किए जाने का पोस्टर भी उसके गांव में चस्पा किया था। पोस्टर चस्पा किए जाने के 1 साल के अंदर ही नक्सलियों ने हीरा यादव की हत्या 14 जून को कर दी थी।

### नीट परीक्षा रद्द करने को लेकर कांग्रेस ने फूंका केंद्रीय शिक्षा मंत्री का पुतला

**गया।** कांग्रेस, युवा कांग्रेस, एनएसयूआई के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को शहर के टावर चौक के समीप नीट परीक्षा रद्द कर अविलंब दोबारा परीक्षा आयोजित कराने की मांग को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का पुतला फूंका गया। पुतला दहन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि 05 मई 2024 जिस दिन नीट परीक्षा आयोजित हुई थी। उसी दिन बिहार, गुजरात, हरियाणा में पेपर लीक का मामला आने पर स्थानीय पुलिस द्वारा कार्रवाई शुरु होने तथा देशभर के 24 लाख परीक्षार्थियों द्वारा परीक्षा रद्द करने की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन करने के बाद भी नेशनल टेस्टिंग एजेंसी एक सुनियोजित साजिश के तहत लोकसभा चुनाव के काउंटिंग के दिन 04 जून को नीट परीक्षा का परिणाम जारी किया। नेताओं ने कहा कि आज तक के इतिहास में ऐसा रिजल्ट कभी नहीं आया था। जहां 67 परीक्षार्थियों ने एक साथ टॉप करते हुए 720 में 720 अंक प्राप्त किए। वहीं 1567 अभ्यर्थियों को ग्रेस अंक के साथ 718, 719 अंक दिए गए। हरियाणा के एक सेंटर के 7 परीक्षार्थी टॉपर की लिस्ट में शामिल थे। नेताओं ने कहा कि नीट परीक्षा परिणाम ने अपने आप में पेपर लीक, भ्रष्टाचार की पूरी कहानी बयां कर दी। शुरु में तो नवनियुक्त केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान तथा एनटीए पेपर लीक से इंकार करते रहे। लेकिन, मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंचने के बाद 1567 ग्रेस वाले छात्रों के परिणाम को रद्द कर दोबारा परीक्षा आयोजित कराने का आदेश दिया। अब जबकि पेपर लीक कांड का पूरा पटाक्षेप हो गया है।

## सर्कस देखने के दौरान बच्चों के बीच हुआ विवाद

# मारपीट में घायल बुजुर्ग की मौत आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में बदमाशों ने लाठी डंडे से पीट कर एक बुजुर्ग की हत्या कर दी। मामला नगरनौसा थाना क्षेत्र के कैला गांव का है। घटना सोमवार की रात हुई है। मृतक की पहचान कैला गांव निवासी स्वर्गीय बुलकन राम के 60 वर्षीय पुत्र राम लखन राम के रूप में की गई है। मंगलवार की सुबह शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर परिजन बिहार शरीफ सदर अस्पताल पहुंचे।

**बच्चों के बीच हुई विवादः** घटना के संबंध में मृतक के पुत्र राजेश राम ने बताया कि गांव में लक्ष्मी स्थान के पास सर्कस सोमवार की रात दिखाया जा रहा था। किसी बात को लेकर आरोपी सुग्रीव ने उनके बेटे के साथ गाली-गलौज करने लगा और उसके साथ मारपीट कर दी। जब वह मना करने पहुंचे तो सुग्रीव और उसके पुत्र ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इसी बीच लड़ाई झगड़े की बात सुनकर उसके पिता वहां पहुंच गए और बीच बचाव करने लगे। तभी सुग्रीव उसके पुत्र समेत अन्य लोगों ने लाठी डंडे से पीट कर पिता को जख्मी कर दिया। गांव वालों ने बीच बचाव किया और उसके पिता को इलाज के लिए नगरनौसा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मौत की पुष्टि के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। इसके बाद स्थानीय पुलिस को घटना की जानकारी दी गई।



नगरनौसा थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष शंभू यादव ने बताया कि बच्चों के बीच विवाद हुआ था। इसमें बड़े भिड़ गए। दोनों पक्ष में मारपीट हुई, जिसमें एक बुजुर्ग की मौत हो गई। इस मामले में दो आरोपी सुग्रीव और उसके पुत्र सुभाष कुमार को गिरफ्तार किया गया है। अन्य अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी की जा रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया है एवं पुलिस पूरे मामले की अनुसंधान में जुट गई है।

# कैंप लगा कर दिए जाएंगे इंटरमीडिएट के सर्टिफिकेट

निज संवाददाता। नालंदा



**26 जून से 19 जुलाई तक प्रखंडवार डीआरसीसी में वितरण किए जाएंगे सर्टिफिकेट**

इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा के सर्टिफिकेट का वितरण जिला निबंधन एवं परामर्श केंद्र में 26 जून से किया जाएगा। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को इस मौके पर कुशल युवा कार्यक्रम, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना से संबंधित जानकारी भी प्रदान की जाएगी। इसके लिए प्रखंडवार तिथि निर्धारित की गई है। इंटरमीडिएट वार्षिक परीक्षा 2024 का औपबंधिक प्रमाण पत्र, अंक पत्र, प्रवजन प्रमाण पत्र की प्राप्ति के लिए छात्र-छात्राओं को उक्त तिथि को दसवीं का अंक पत्र, आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक एवं एक फोटो की मूल प्रति तथा सभी दस्तावेजों के एक छाया प्रति के साथ उपस्थित होना होगा। स्कूल कॉलेजों को यह निर्देश दिया गया है कि स्नातक में नामांकन की प्रक्रिया चल रही है। इसके कारण प्रधानाध्यापक एवं प्रभारी प्रधानाध्यापक, विद्यालय परित्याग प्रमाण पत्र/ प्रवजन प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र संबंधित छात्र को तत्काल नामांकन के लिए उपलब्ध करा सकते हैं। लेकिन प्रोविजनल सर्टिफिकेट निर्धारित तिथि को कैंप के माध्यम से ही वितरण किया जाना है। निर्धारित तिथि को यदि विद्यालय के प्राचार्य/ प्रधानाध्यापक अनुपस्थित पाए जाते हैं तो उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। विद्यालय महाविद्यालय के प्राचार्य/प्रधानाध्यापक अपने संस्थान के बच्चों के साथ प्रखंडवार जो तिथि निर्धारित की गई है।

# नालंदा में युवक ने फांसी लगा की खुदकुशी

निज संवाददाता। नालंदा

बिहार शरीफ में एक युवक ने घरेलू विवाद में फांसी लगा खुदकुशी कर ली। मामला लहेरी थाना क्षेत्र के विकास नगर मोहल्ले का है। मृतक की पहचान भागलपुर निवासी कोसु महतो का 35 वर्षीय पुत्र गौतम राय के रूप में की गई। वर्तमान में गौतम अपनी पत्नी के साथ विकास नगर मोहल्ले में किराए पर रह रहा था। फिलहाल घटना के संबंध में परिजन कुछ भी बताने से परहेज कर रहे हैं। घटना के संबंध में लहेरी थाना अध्यक्ष रंजीत कुमार रजक ने बताया कि पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद दोनों किराए के कमरे में ही फंदे से लटक आत्महत्या कर रहे थे। तभी पड़ोसी की नजर पड़ी और दोनों को फंदे से नीचे उतारा गया। इस बीच गौतम राय की मौत हो गई। वहीं उसकी पत्नी को बचा लिया गया। स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को मिली। तत्काल



◆ दंपती ने आपसी विवाद में लगाई फांसी, पति की गई जान, घटनाक्रम पर परिजनों ने साधी चुप्पी

पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिहार शरीफ सदर भेज दिया। युवक का ससुराल रामचंद्रपुर इलाके में है। उसका बच्चा अपने ननिहाल में ही रह रहा है। युवक टाइल्स लगाने का काम करता था। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की जांच में जुट गई है। आवेदन मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## सोने की जगह ईंट थमाया, क्राइम ब्रांच कर्मी बनकर की ठगी

# रेलवे स्टेशन से विष्णुपद मंदिर के पंडा लौट रहे थे घर, बीच सड़क ठगों ने उतरवाई अंगूठी-चेन

निज संवाददाता। गया

गया में खुद को क्राइम ब्रांच का कर्मी बता कर बाइक सवार दो ठगों ने विष्णुपद मंदिर के पंडा से ढाई लाख रुपए के जेवरात ठग लिए। पीड़ित गया रेलवे स्टेशन से लौट रहे थे। इसी दौरान बाइक सवार ठगों ने उन्हें रास्ते में रुकवाया और खुद को क्राइम ब्रांच का आदमी बताकर कहा रास्ते में इतना सोना पहनकर मत चलिए। ठग ने पीड़ित से सोने की चेन, अंगूठी और लॉकेट मांगें और कागज के टुकड़े को मोड़ कर दिया। पीड़ित को पता भी नहीं चला कि ठग ने कागज में जेवर की जगह 3 ईंट टुकड़े रख दिए। ठगी का अहसास होने पर पंडा गोविंद लाल महतो ने सिविल लाइंस पुलिस से सम्पर्क किया और लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। घटना मंगलवार दस बजे के बाद की है।



फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**बाटा मोड़ के पास छिनतई की बात कह डरायाः** पंडा गोविंदलाल महतो ने बताया कि मैं पुरोहितों की टोह में गया रेलवे स्टेशन गया था। स्टेशन से घर को लौट रहा था। रास्ते में सिविल लाइंस थाना क्षेत्र के पास पीछे से एक बाइक पर सवार दो युवकों ने ओवर टेक कर मुझे रुकवाया। मेरी बाइक जैसे ही रुकी वे दोनों युवक अपनी बाइक से तेजी से उतरे और कहने लगे अभी-अभी बाटा मोड़ के पास छिनतई हुई है। हम लोग क्राइम ब्रांच से हैं।

इतना सारा सोना पहन कर क्यों चल रहे हैं। इसे उतार कर अपनी जेब में रख लीजिए। हम उनकी बातों में आ गए और जेब में रखने लगे। इसी बीच उन दो ठगों में से एक ने कहा कि जेवर को ऐसे मत रखिए। उसने अपनी जेब से कागज के टुकड़े निकाले और मेरे सोने के जेवर लेकर कागज में लपेट कर मुझे दे दिया और जाने को कहा। लेकिन जब मैं राजेन्द्र आश्रम पहुंचा तो सोचा कि अब सभी जेवर पहन लेता हूं। जेब से जब उस कागज के टुकड़े को निकाल कर देखा तो उसमें से पत्थर के 3 टुकड़े निकले। समझ मे आ गया कि मेरे साथ ठगी हुई है। पीड़ित ने अंगूठी, सोने की चेन और लॉकेट पहन रखा था।

# रिमांड होम के शौचालय में नाबालिग का मिला शव, गोलीबारी मामले में चार माह से बाल सुधार गृह में रह रहा था

निज संवाददाता। गया

गया जिले के बाल सुधार गृह में बंद एक नाबालिग का शव शौचालय में गमछे से लटका हुआ मिला। देर रात डीएम को आवेदन देकर पोस्टमॉर्टम कराने का आदेश लिया गया। परिजनों का आरोप है कि बंदी गृह वालों ने हत्या की है। उनका कहना है कि महज 15 साल का लड़का कैसे और आखिर क्यों आत्महत्या करेगा। ये वहां हुआ जहां 50 से अधिक बच्चे रहते हो। गार्ड के अलावा अन्य अधिकारी रहते हैं। ऐसे में साजिश के तरीके से किसी की हत्या तो सम्भव हो सकती है पर आत्महत्या नहीं। गोलीबारी मामले में नाबालिग चार माह से बाल गृह में रह रहा। एक वर्ष के अंदर बाल सुधार गृह के अंदर दो लड़कों की मौत हो चुकी है।

**परिजनों से आवेदन मांगा गयाः** दरअसल डेल्हा थाना क्षेत्र निवासी नाबालिग गोलीबारी के जुर्म में 20 फरवरी 2024 से बाल सुधार गृह में रह रहा था। वहीं, एसडीएम सदर किसलय श्रीवास्तव का कहना है कि पुलिस मामले की जांच कर रही है। मृतक के परिजनों से पुलिस ने आवेदन मांगा है। फिलहाल पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई पूरी की जा रही है। वहीं दूसरी ओर बाल सुधार गृह के अधिकारी लवलेश सिंह को सम्बन्धित मामले की विस्तृत जानकारी और उनका पक्ष जानने के लिए फोन किया गया तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।



◆ परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

**मगध मेडिकल अस्पताल ले जाया गया था, जहां मृत घोषित किया गयाः** घटना देर शाम 8 बजे के बाद की बताई जा रही है। रिमांड होम के कर्मियों ने इसकी सूचना रामपुर थाने की पुलिस को दी। रामपुर थाना पुलिस नाबालिग को मगध मेडिकल अस्पताल लेकर पहुंची। लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। नाबालिग की मौत की खबर की भनक लगते ही बड़ी संख्या में परिजन मगध मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंच गए।

# गर्दन रेत अधेड़ की हत्या, शव की पहचान में जुटी पुलिस

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में एक अधेड़ का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मामला नालंदा थाना क्षेत्र के नीरपुर गांव के खंधा का है। फिलहाल शव की पहचान नहीं की जा सकी है। शव के पोस्टमॉर्टम को लेकर मंगलवार की सुबह पुलिस सदर अस्पताल पहुंची। घटना के संबंध में नालंदा थाना अध्यक्ष निशि कुमार ने बताया कि ग्रामीणों के द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति का शव नीरपुर गांव के खंधा में पड़ा हुआ है। इसके बाद पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, जहां देखा कि धारदार हथियार से गर्दन रेत कर अधेड़ की हत्या कर दी गई है। घटनास्थल पर शव देखने से यह प्रतीत हुआ कि हत्या कहीं और कर शव को सुनसान इलाके में लाकर फेंक दिया गया है। शरीर के अन्य हिस्सों पर भी चोट और जख्म के



निशान है। अधेड़ की उम्र करीब 50 से 55 साल के बीच है। फिलहाल शव को पोस्टमॉर्टम कराकर सदर अस्पताल के मोर्चरी रूम में पहचान के लिए रखा गया है। वहीं, पुलिस आसपास के थाना एवं सोशल मीडिया का सहारा शव के पहचान के लिए लिया जा रहा है। पहचान होने के बाद ही विस्तृत जानकारी दी जा सकती है। फिलहाल पुलिस पूरे घटनाक्रम की बारीकी से छानबीन में जुट गई है।

# खेत में काम करने से मना करने पर मारपीट

निज संवाददाता। नालंदा

नालंदा में संपत्ति विवाद में सगे बेटे ने मां-पिता और भाई की पत्नी को मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामला सारे थाना क्षेत्र के मुर्गियाचक गांव का है। जख्मी सिद्धेश्वर गोप, पत्नी मालती देवी और बहू बबीता देवी को परिजनों द्वारा बिहार शरीफ सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के संबंध में जख्मी के छोटे बेटे ने शिव शंकर कुमार ने बताया कि खेत के कारण विवाद हुआ है। तीनों भाइयों में बराबर बराबर हिस्सों में खेत बंटा हुआ है। जबरन बड़ा भाई मेरे हिस्से के खेत में धान की रोपनी करने का काम कर रहा था। जिस पर पिता ने आपत्ति जताई तो उसने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। बीच बचाव करने पहुंची मां और पत्नी को भी मारपीट कर जख्मी कर दिया। पीड़ित ने जब मदद की



गुहार पड़ोसियों से लगाई तो बड़े बेटे की दबंगता के कारण पड़ोसी भी मदद करने के लिए आगे नहीं आए। हालांकि किसी ने इस बात की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी। वहीं, इस मामले में सारे थाना के प्रभारी थाना अध्यक्ष एएसआई रंजन कुमार सिंह ने बताया की मारपीट की सूचना मिलने के बाद पुलिस तत्काल गांव पहुंची। इससे पहले ही आरोपी गांव छोड़ फरार हो गया। जख्मी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आवेदन मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

# गया समेत 4 जिलों के नंगे पहाड़ बनेंगे हरे-भरे, 50 हजार सीड बॉल डाले जाएंगे

निज संवाददाता। औरंगाबाद

बिहार सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन सह सहकारिता मंत्री डॉ प्रेम कुमार सोमवार को औरंगाबाद पहुंचे। डॉ प्रेम कुमार ने अतिथि गृह में प्रेस वार्ता के दौरान कहा कि औरंगाबाद, गया, नवादा और जमुई जिले में मृतप्राय एवं नंगे पहाड़ों को सीड बॉल के जरिए पेड़ लगाकर हरा-भरा बनाया जाएगा। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि वन विभाग ने व्यापक योजना बनाई है। इसके तहत औरंगाबाद जिले में यहां के नंगे पहाड़ों पर इस वर्ष 50 हजार सीड बॉल डाले जाएंगे। पहाड़ों पर जहां पहुंचना आसान नहीं होगा, वहां सीड बॉल डालने में ड्रोन तथा हेलीकॉप्टर की भी मदद ली जाएगी। वर्षा होने पर जब सीड



बॉल प्रस्फुटित तथा अंकुरित होगा तो इससे स्वतः वृक्ष लगेंगे। विभाग की ओर से बाद में भी इन वृक्षों के रखरखाव की व्यवस्था की जा रही है। मंत्री ने बताया कि औरंगाबाद जिले में इस वर्ष वन विभाग की ओर से तथा विभिन्न सरकारी एवं निजी संगठनों की मदद से करीब चार लाख पौधे लगाए जाएंगे। इसके लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है।

**एक जुलाई से वन महोत्सव शुरू होगाः** उन्होंने बताया कि आगामी एक जुलाई से वन महोत्सव शुरू हो रहा है। मौसम के अनुकूल होते ही पूरे राज्य में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण का कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा। विभाग ने इस बात की खास तैयारी की है कि वृक्ष लगाने के बाद अगले तीन वर्षों तक उसके बचाव तथा रखरखाव की व्यवस्था पहले से हो।

**स्कूली बच्चों, कॉलेज के छात्र-छात्राओं को किया जाएगा जागरूकः** डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि वन एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति स्कूली बच्चों तथा कॉलेज के छात्र-छात्राओं को जागरुक किया जाएगा। इसके लिए शिक्षा विभाग से समन्वय स्थापित कर सप्ताह में एक वर्ग वन तथा पर्यावरण संरक्षण पर सुनिश्चित करने का प्रबंध करेंगे। इस अवसर पर वन प्रमंडल पदाधिकारी रुचि सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### 90 करोड़ वोटरों को हर माह दस हजार रुपए की मांग : भोजमो

**आरा।** भोजपुरिया जन मोर्चा ने सोमवार को पांच मांगों को लेकर पैदल मार्च किया एवं कलेक्ट्रेट के समक्ष धरना दिया। मार्च का नेतृत्व मोर्चा के राष्ट्रीय प्रवक्ता गोरखनाथ अकेला, दलित प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष ललन प्रसाद नट व प्रखंड अध्यक्ष कुंअर पासवान ने किया। पैदल मार्च रेलवे पश्चिमी गुमटी से निकलकर विभिन्न मार्गों से होकर कलेक्ट्रेट पहुंच कर धरना में शामिल हो गया। कार्यकर्ता हाथों मे पार्टी का झंडा लिए वोटर पेंशन चालू करो वर्ना कुर्सी खाली करो, तीन डिसमिल जमीन का वादा पूरा करो आदि नारे लगा रहे थे। धरना को संबोधित करते मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भरत सिंह सहयोगी ने कहा कि समाज एवम देश हित मे देश के सभी वोटरों को राष्ट्रीय आमदनी का आधा पैसा सीधे वोटर के खाते मे जाना चाहिए। बंदरबांट वाली योजना को बंद किया जाय। गोरखनाथ अकेला ने कहा कि देश के 90 करोड़ वोटरों को बिना भेदभाव के हर माह दस हजार रुपया दिया जाय। ललन प्रसाद नट ने कहा कि सरकार बार-बार घोषणा करती है कि भूमिहीन को तीन डिसमिल जमीन दिया जायेगा, उस वादा को सरकार पूरा करे। प्रवक्ता विनोद सिंह ने कहा कि भोजपुरी भाषा को संविधान की आठवीं अनुसूची मे शामिल किया जाय।

### वीकेएसयू के अधिकारियों पर गड़बड़ियों का लगाया आरोप

**आरा।** छात्र जदयू अध्यक्ष आजाद सिंह ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के कुलपति को ज्ञापन सौंप कर परीक्षा विभाग, एमबीए विभाग के अलावा कॉलेजों में कर्मियों की संविदा पर हुई नियुक्ति की गड़बड़ियों की तरफ ध्यान आकृष्ट कराया है। उन्होंने वर्तमान परीक्षा नियंत्रक के कार्यकाल में कई तरह की गड़बड़ी होने का कथित तौर पर आरोप लगाया है। बीएड, एमएड रिजल्ट, पीएचडी प्रवेश परीक्षा का परिणाम और केंद्र निर्धारण आदि पर सवाल खड़ा किया है। पूरे मामले की जांच उच्च स्तरीय एजेंसी से कराने की मांग की है। तत्काल प्रभाव से कार्रवाई करने के साथ विश्वविद्यालय मे हो रही अनियमितता और धांधली पर रोक की मांग की है।

### जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत शुरू

**आरा।** श्री लक्ष्मीप्रपन्न जीयर स्वामी जी महाराज का चातुर्मास्य व्रत ग्राम सिंगरा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज ) पलामू, झारखंड में शुरू हो गया है। स्वामी जी महाराज का प्रवचन भी शुरू हुआ। स्वामी जी का चातुर्मास व्रत शुरू होने को लेकर उनके भक्तों में काफी खुशी है। बिहार से काफी संख्या में भक्तगण स्वामी जी का दर्शन करने के लिए झारखंड जाने वाले है। मीडिया प्रभारी अखिलेश बाबा ने बताया कि स्वामी जी के चातुर्मास्य के बाद श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इसमें भारत के कोने- कोने से लेने संत हिस्सा लेने आएंगे। उन्होंने बताया कि 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के दिन काफी संख्या में स्वामी जी का दर्शन करने के लिए लोग झारखंड जाएंगे। अपने प्रवचन में स्वामी जी महाराज ने कहा कि कामना रहित पूजा होनी चाहिए। कामना युक्त नहीं। क्योंकि ईश्वर तो आपकी सभी कामनाओं को जानते हीं है। फिर कहने से क्या फायदा। श्री जीयर स्वामी जी महाराज ने कहा कि प्रभु अपने भक्त को दुःखी नहीं करते। अपने दास की चिन्ता अपने ही ऊपर उठा लेते हैं। सुखपूर्वक हरि का कीर्तन करो। हर्ष के साथ हरि के गुण गाओ। भगवान् अपने भक्तों को कभी छोड़ते ही नहीं। हरिका नाम ही बीज है और हरि का नाम ही फल है। यही सारा पुण्य और सारा धर्म है। सब कलाओं का यही सार मर्म है। संतों का मुख्य कार्य जीवों को मोह-माया की निद्रा से जगा देना होता है स्वयं जगे रहते हैं, दूसरों को जगा देते है। भक्त समागम से सब भाव हरि के हो जाते है, सब काम बिना बताए ही करते है हरि भक्त समागम से सब भाव हरि के हो जाते हैं। सब काम बिना बताये हरि ही करते हैं। हृदयसम्पुट में समाये रहते हैं और बाहर छोटी-सी मूर्ति बनकर सामने आते हैं। श्रीहरि सब भूतों में रम रहे हैं, जल, थल, काठ, पत्थर सब में विराज रहे है। पृथ्वी, जल, अग्नि, समीर, गगन-इन पञ्च महाभूतों को और स्थावर-जङ्गम सब पदार्थों को व्यापे हुए हैं। उनके सिवा ब्रह्माण्ड में दूसरी कोई वस्तु ही नहीं, यही शास्त्र - सिद्धान्त है और यही संतोंका अनुभव है। मनुष्य किसी भी वर्ण या जाति में पैदा हुआ हो वह यदि सदाचारी और भगवद्भक्त है तो वही सबके लिये वन्दनीय और श्रेष्ठ है।

### गर्मी से सब्जी और आम उत्पादकों को हो रहा भारी नुकसान

**आरा।** लगातार कई दिनों से भीषण गर्मी और तेज लू का कुप्रभाव मानव के साथ सब्जी और आम के पैदावार पर पड़ा है। इस वजह से भोजपुर जिले में इस बार सब्जी और आम उत्पादकों को भारी घाटा हुआ है। क्योंकि भीषण गर्मी और वर्षा नहीं होने के कारण सब्जियों और आम के पेड़ों को सिंचाई और पोषण के लिए समुचित मात्रा में पानी उपलब्ध नहीं हो सका। इस कारण सब्जियों व आमों के आकार में पूर्ण वृद्धि नहीं हो सकी। अधिकांश जगहों पर 40 से 60% तक कम वृद्धि हुई। इससे सब्जियों और आम उत्पादकों को पहले की तुलना काफी कम दाम मिल रहा है। हाल यह है कि अधिकांश मंडियों में बड़े आकार के परवल व करैला कम दिख रहा हैं। कुछ दिन पहले 30-40 किलो बिकने वाले परवल का भाव धड़ाम से नीचे गिर गया है। छोटे आकार के परवल 20 से 25 में डेढ़ किलो तक बिक रहे हैं। यही हाल आम का है। पिछले साल 30-50 किलो बिकने वाले आम 20 से 25 किलो तक बिक रहे हैं। आरा सब्जी गोला, बाजार समिति, आरा स्टेशन रोड, बिहिया, शाहपुर, पीरो, गड़हनी, जगदीशपुर व कायमनगर के प्रमुख सब्जी-फल मंडियों का बाजार भाव यही बताया जा रहा है। हालांकि, स्थानीय पैदावार वाले क्षेत्र, मंडियों की निकटता व परिवहन खर्च कम होने के कारण किलो में 5 और पसेरी में 20-25 का अंतर पाया जा रहा है। ज्यादा दिन नहीं टिक रहे पालक व अन्य साग मिट्टी नम नहीं रहने से खेतों में अधिक दिन तक लाल व हरा पालक और अन्य साग अधिक दिन तक नहीं टिक रहा है। खेतों से तोड़कर मंडियों में आने तक कुछ ही घंटे में मुरझा और सूख जा रहे हैं। इसलिए किसान और व्यापारी कम दाम में जल्दी बेच दे रहे हैं। म बागानों के मालिकों को सर्वाधिक घाटा; मेहनत-मजदूरी खर्च भी नहीं भोजपुर जिला एक प्रमुख आम उत्पादक क्षेत्र है। भले ही बाहर की मंडियों से यहां आम की आवक होती है। लेकिन बाहर भी भेजे जाते हैं। लेकिन, इस साल सर्वाधिक घाटा यहां के आम बगानों के मालिकों को हुआ है। भीषण गर्मी और वर्षा नहीं होने से काफी आम सूखकर गिर गए। लंगड़ा, कृष्णभोग, जर्दालू, मालदह, बंबईया, मिठकी, दशहरी आमों के आकार में 40 से 60% तक वृद्धि नहीं हुई। सिपिया, शुकुल व आचार के अन्य आम भी कम आकार के हुए। करीब 500 ग्राम तक होने वाले आम 150-200 ग्राम तक हुए। इससे पैकारो/ व्यापारियों ने बाहर की मंडियों में आम नहीं भेजा। लोकल मंडियों में आमों की आवक कम हुई, लेकिन बाजार भाव अधिक नहीं हुआ। कारण कम आकार और स्वाद में मिठास कम। अपवाद छोड़ दें। जो आम बगान 1 लाख रु. में बिकते थे, वे 50 हजार में बिके।

### ग्रामीणों का बिजली ऑफिस पर प्रदर्शन

**कोईलवर।** प्रखंड अंतर्गत महकमपुर गांव में विद्युत आपूर्ति करने वाला ट्रांसफार्मर 15 दिन से जला पड़ा है। जिससे यहां के करीब दो हजार लोग प्रचण्ड गर्मी व अंधेरे में रहने को मजबूर हैं। गुस्साए लोगों का सोमवार को गुस्सा फूट पड़ा और इन लोगों ने गीधा अवस्थित बिजली ऑफिस पर आकर धरना प्रदर्शन किया। बाद में जल्दी ट्रांसफार्मर बदलने के भरोसे पर ग्रामीणों ने हंगामा बंद किया। ग्रामीणों का कहना था कि महकम पुर गांव में विद्युत आपूर्ति करने वाला ट्रांसफार्मर 15 दिनों पूर्व जल गया था। उपभोक्ताओं ने विभागीय अधिकारियों को शिकायत पत्र देकर ठीक कराने की मांग की थी लेकिन किसी ने ग्रामीणों की इस समस्या की तरफ ध्यान नहीं दिया। तमाम प्रयास के बाद भी अधिकारियों द्वारा समस्या की सुनवाई न होने से नाराज होकर दर्जनों ग्रामीणों ने सोमवार को गीधा अवस्थित बिजली ऑफिस पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी एक घंटा नारेबाजी करते रहे। इस दौरान गीधा पुलिस ने इन्हें समझाया व बिजली विभाग के अधिकारी द्वारा जल्द ट्रांसफार्मर बदलने के आश्वासन पर प्रदर्शन करना बंद किया। ग्रामीण जनता का यह भी कहना था की ट्रांसफार्मर पर अधिक लोड होने की वजह से हर 1–2 महीनों पर ट्रांसफार्मर जल जाती है। बिजली कर्मचारियों को कहने पर भी ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ाई नहीं जा रही है। मौके पर कोईलवर प्रखंड अध्यक्ष युवा राजद प्रिंस ठाकुर, आनंद कुमार, दीपक सिंह,चेतन शर्मा,चंदन, नीरज, मुन्ना साव, सोनू साव, गोलू,विजय, रिशु,छोटू पंडित,लाल बाबू सिंह सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# 18 सूत्री मांगों को लेकर ABVP का प्रदर्शन

## स्नातक सत्र 2024-2028 में हो रही धांधली



निज संवाददाता। आरा

आरा में 18 सूत्री मांगों को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र नेताओं ने वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय में मंगलवार को प्रदर्शन किया। इस दौरान छात्र नेताओं ने विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में कुलपति के गेट का घेराव और तालाबंदी कर कुलपति के खिलाफ नारेबाजी की। छात्रों ने कॉलेज के विधि व्यवस्था को लेकर सवाल खड़ा किया। वहीं, स्नातक सत्र( 2024-2028 ) के नामांकन के लिए प्रथम के आधार पर मेधा सूची जारी करने, छात्र संघ चुनाव की तिथि अविलंब घोषित करने समेत 18 सूत्री मांगों को लेकर छात्र नेताओं ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कर रहे हैं छात्र नेता छोटू ने बताया कि अपनी 18 सूत्री मांगों को लेकर कैंपस में आए थे। जैसे ही अधिकारियों को पता चला कि छात्र संगठन आ रहे हैं। सारे अधिकारी अपने-अपने ऑफिस छोड़कर भाग गए। हमारी मुख्य मांगे हैं कि स्नातक सत्र 2024-28 के नामांकन में बड़े स्तर पर धांधली हो रही है। जिस छात्रों का नंबर ज्यादा है उनको प्राइवेट कॉलेज में भेजा गया है। जबकि जिन छात्रों का नंबर काम है उन्हें सरकारी कॉलेज दिया गया है।

♦ **कुलपति चेंबर के बाहर बैठे छात्र नेता, जमकर किया हंगामा**

इसे पता चलता है कि प्राइवेट कॉलेज से मोटी रकम लेकर ज्यादा नंबर लाने वाले छात्रों का नामांकन प्राइवेट कॉलेज और कम नंबर वालों से भी पैसा लेकर उनका नामांकन सरकारी कॉलेज में कराया जा रहा है। इस सत्र का नामांकन रद्द होना चाहिए नहीं तो अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद चरणबद्ध आंदोलन करेगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के राज्य मंत्री राज पांडेय ने कहा कि बक्सर जिले में महिला महाविद्यालय खेल की पहल की जाए। जिन महाविद्यालयों में पदाधिकारी भ्रष्टाचार में संयुक्त पाए गए हैं उन्हें तत्काल पद मुक्त कर और उन पर अविलंब उचित कार्रवाई हो। विश्वविद्यालय में एक व्यक्ति एक पैड लागू हो। विश्वविद्यालय परिसर में आए दिन हो रहे अपराधी घटनाओं पर रोक लगे और संलिप्त दोषियों पर कार्रवाई हो। स्नातकोत्तर में सभी विषयों की सीटों की संख्या में वृद्धि किया जाए। सभी जिलों के एंजीभूत महाविद्यालय में स्नातकोत्तर की पढ़ाई शुरू की जाए। साथ ही समान वर्ग के छात्रों के लिए छात्रावास की व्यवस्था जल्द से जल्द सुनिश्चित हो और व्यवसायिक पाठ्यक्रम के छात्रों को कन्या उत्थान की राशि मिलना सुनिश्चित हो। सभी अंगूठी महाविद्यालय में छात्रों से हो रही अवैध वसूली जल्द से जल्द बंद कर दोषियों पर कार्रवाई करें।

# पुलिस पर हमला मामला, 44 नामजद और 150 अज्ञात पर केस, थानाध्यक्ष सहित 8 पुलिसकर्मी घायल हो गए थे

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के अगिआंव बाजार थाना के खननी कला गांव में अवैध शराब के विरुद्ध छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला मामले में अगिआंव बाजार थानाध्यक्ष प्रियंका कुमारी गुप्ता के बयान पर प्राथमिकी हुई है। जिसमें 44 को नामजद और करीब सौ-डेढ़ सौ अज्ञातों को अभियुक्त बनाया गया है। केस में पुलिस बल पर हमला कर हत्या का प्रयास करने, पुलिस गाड़ी को क्षतिग्रस्त करने, पकड़े गए आरोपितों को पुलिस अभिरक्षा से भगाने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने का गंभीर आरोप है। पुलिस ने एक आरोपित खननी कला गांव निवासी ओम प्रकाश कुमार को गिरफ्तार कर लिया है।



**इन लोगों पर नामजद प्राथमिकीः** प्राथमिकी में खननी कला गांव के अनुसूचित जाति टोला निवासी सुदर्शन महतो, योगेन्द्र मुसहर, दीपक कुमार यादव, नटवर उर्फ नागर सिंह, उमेश राम, तेतर मुसहर, दुखन मुसहर, अनिल मुसहर, अरूण पासवान, भुअर पासवान, टेंगरी मुसहर, मन्नू बैठा, लल्लू बैठा, विशाल मुसहर, गुड्डू मुसहर, बाबुधन मुसहर, पिजिया कुमारी, बदेला मुसहर, सुनील मुसहर, छोटू मुसहर, भानू रजक, मुन्ना रजक, नागेन्द्र राम, दसई राम, दीपक यादव, सुरेश मुसहर, भुअर धोबी, संजय मुसहर, मोती मुसहर, धन्नू बैठा, मुन्ना बैठा, फागुनी राम, मुखिया राम, ददन मुसहर, तिजिया कुमारी, विनोद बैठा, सुरेश धोबी, ओम प्रकाश कुमार, धर्मेन्द्र कुमार, मेटा कुमार, जितेन्द्र राम, गदेला मुसहर, विशाल मुसहर और विनोद कुमार निराला को नामजद आरोपित किया गया है।

**पुलिस को देख भागने लगा थाः** प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि रविवार की शाम पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि खननी कला गांव निवासी सुदर्शन मुसहर अपनी पत्नी और बच्चों के साथ मिलकर अवैध शराब की बिक्री कर रहा है, जिसके बाद थानाध्यक्ष के नेतृत्व में पुलिस बल और सीआईटी टीम के साथ छापेमारी की गई। इस दौरान टीम ने सुदर्शन मुसहर के घर में छापेमारी की तो पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे पुलिस बल के सहयोग से पकड़ा गया।

**एक को पुलिस ने किया गिरफ्तार**

**दस लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई थीः** घर के आंगन से दस लीटर देसी महुआ शराब बरामद हुई। इस दौरान टीम जब सुदर्शन महतो को गिरफ्तार कर ले जा रही थी तभी हरवे-हथियार से लैस आरोपितों ने पुलिस पर हमला किया और धंधेबाज को छुड़ा लिया। इस दौरान दफादार विजय सिंह पर फरसा से हमला कर दिया गया, जिससे वे घायल हो गए। इसके बाद सिपाही अजय पासवान पर तलवार से हमले का आरोप है। थानाध्यक्ष प्रियंका गुप्ता, प्रशिक्षु दारोगा गांधीनाथ पाठक, सिपाही प्रिंस कुमार और चौकीदार उदय नारायण समेत आठ पुलिसकर्मी घायल हो गए। सरकारी सूमो गोल्ड गाड़ी को क्षतिग्रस्त किए जाने का आरोप है।

# करंट लगने से किसान की हुई मौत

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर जिले के चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव में सोमवार को विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाने के दौरान उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। जानकारी के अनुसार मृतक चांदी थाना क्षेत्र के भदवर गांव निवासी मेसर यादव का 28 वर्षीय पुत्र राकेश कुमार है। पेशे से किसान था।

**अस्पताल में डॉक्टर ने मृत घोषित कियाः** मृत युवक के पिता मेसर यादव ने बताया कि वह धान का खेत पटाने के लिए बधार में गया था। जैसे ही मोटर चालू करने गया, उसी दौरान मेन लाइन से तार टूटकर नीचे गिर गया। उसी टूटे विद्युत प्रवाहित तार की चपेट में आ गया और बुरी तरह घायल हो गया। इसके बाद में मौजूद लोगों ने इसकी सूचना उसके परिजनों को दी। सूचना पाकर परिजन फौरन वहां पहुंचे और उसे आनन-फानन में इलाज के लिए



♦ **धान के खेत में गया था पटवन करने, मेन लाइन का तार टूटकर गिर गया**

आरा सदर अस्पताल ले आए। जहां चिकित्सक ने देखा उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन अपनी स्वेच्छा से शव का बिना पोस्टमॉर्टम कराए ही वापस गांव ले गए। लेकिन पुलिस के हस्तक्षेप के बाद परिजन शव पोस्टमॉर्टम आरा सदर अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि मृतक के घर में पत्नी किरण देवी, दो पुत्र सूरज, चंदन और दो पुत्री नंदनी व दुर्गा है। वह अपने दो भाई सोनू व चुन्नू और एक बहन पूजा देवी से बड़े हैं।

# विशेष अभियान में 40 गिरफ्तार, दहेज हत्या, चोरी, वारंटी और शराब मामले में गिरफ्तारी

निज संवाददाता। आरा

भोजपुर एसपी प्रमोद कुमार के आदेश पर कांड में वांछित आरोपितों की गिरफ्तारी और शराब बरामदगी को लेकर चलाए गए छापेमारी अभियान में 40 लोग पकड़े गए। इसमें दहेज हत्या में दो, चोरी में एक, वारंट में दस शराब में पन्द्रह पुलिस के हत्थे चढ़े हैं। अभियान के दौरान 12 अवैध शराब भट्ठियों को तोड़ा गया। 240 लीटर देसी शराब एवं 20 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद किया गया। 6200 लीटर शराब को विनष्ट कर दिया गया। 17 वारंटों का निष्पादन किया गया।



टाउन थाना क्षेत्र अन्तर्गत पटना-बक्सर हाइवे पर सिंगही मोड़ के पास से पुलिस ने बाइक सवार दो शराब धंधेबाजों को धर दबोचा। करीब 112 पैकेट टेट्रा पैक शराब बरामद किया गया। इस मामले में पटना जिले के विक्रम थाना के अराब गांव निवासी नवलेश कुमार एवं रौशन कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसी तरह मुफस्सिल थाना पुलिस ने सारंगपुर के पास से दस लीटर देसी शराब के साथ टाउन थाना के मंशा पांडेय बाग निवासी राकेश यादव एवं मारूतिनगर निवासी दिलीप कुमार को गिरफ्तार कर लिया। बहोरनपुर ओपी पुलिस ने चोरी में एक को धर दबोचा। शाहपुर थाना अध्यक्ष कुमार रजनीकांत ने शराब के नशे में चार घाट के विकास कुमार यादव और दूध घाट के मनु प्रसाद और तीन वारंटी रुद्रनगर के मुन्ना रजक,सुरेश रजक एवं सोनकी के सुनील यादव का गिरफ्तार का जेल भेज दिया है। वहीं, करनामेपुर थानाध्यक्ष चंदन कुमार ने एनबीडब्लूयू वारंटी बिहारी यादव को गिरफ्तार किया है।

# जो शिव का प्रिय नहीं वह प्रभु श्री राम का प्रिय नहीं

निज संवाददाता। बक्सर

सर्वजन कल्याण सेवा समिति सिद्धाश्रम धाम की ओर से श्री रामेश्वरनाथ मंदिर में चल रहे श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ सह नव दिवसीय श्री रामकथा के तीसरे दिन कथा वाचक श्री कृष्णानंद पौराणिक जी ने कहा कि रामायण में श्री रामकथा के पूर्व ही शिव-पार्वती की कथा आती है। भारद्वाज जी ने श्रीराम की कथा पूछी थी, लेकिन याज्ञवल्क्य जी श्री राम कथा न कहते हुए शिव कथा सुना दिए। भारद्वाज जी अत्यंत श्रद्धा भक्ति से कथा श्रवण किया। यज्ञवल्क जी ने भारद्वाज जी से पूछा कहो कथा कैसी लगी ऋषि ने कहा प्रभु मैं कृति कृति हो गया। उनकी श्रद्धा भक्ति से प्रसन्न होकर ऋषि ने कहा कि हे मुनि विश्वनाथ के श्री चरणों में जिसकी प्रीति होती है वही



श्री राम का सच्चा भक्त है। पौराणिक जी ने कहा कि यदि मनुष्य शिव रहस्य को समझ जाए तो एक दिव्य भक्ति का संचार समाज में हो जाता है। सत्यम-शिवम-सुंदरम से देश परिपूर्ण हो सकता है। आज प्रत्येक परिवार विभक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि शिव परिवार इससे अलग दर्शन में जीता है। वह है वसुदेव कुटुंबकम। शिवजी का वाहन बैल, पार्वती जी का वाहन सिंह, गणेश जी का चूहा, कार्तिकेय जी वाहन का मोर है। शिव जी के गले में सर्प यह सभी जन्मजात एक दूसरे के घोर शत्रु हैं। इन सभी के खान-पान एवं रहन-सहन प्रकृति आदि में जमीन-आसमान का फर्क है। फिर भी शिव परिवार में कोई विभाजन नहीं हुआ।

# करंट की चपेट में आने से किसान की मौत, दूसरा जख्मी

निज संवाददाता। बक्सर

बक्सर के सगरा मौजा में एक अधेड़ की करंट की चपेट में आने से मौत हो गई। जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि दोनों खेत में खाद मारने के लिए घर से निकले थे। सूचना पर पहुंचे स्थानीय लोगों ने घायल को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां इलाज जारी है। घटना की सूचना पर पहुंची राजपुर थाना की पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी कर रही है। वहीं एक युवक को हिरासत में ले थाने ले गई है, जिस पर खेत में करंट दौड़ने का आरोप है। मृतक की पहचान राजपुर थाना क्षेत्र के चौबे के छावनी निवासी सिपाही कुशवाहा(55) के रूप में हुई है।

**खेत से लौटने के दौरान हुआ हादसाः** घटना को लेकर बताया जा रहा है कि मृतक और शिव शंकर राय सागर मौज स्थित अपने खेत में धान के बिचड़े में खाद डालने गए थे। जहां से लौटने के दौरान अजीत राय ने अपने बिचड़े के चारों तरफ पशुओं से सुरक्षा के लिए तार में करंट दौड़ाया गया था। जिसकी चपेट में आने से सिपाही कुशवाहा की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। वहीं उसे बचाने पहुंचे शिव शंकर राय करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए। जिससे सिपाही कुशवाहा की मौके पर ही मौत हो गई। राजपुर थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया की सूचना पर पहुंची पुलिस आगे की करवाई में जुटी हुई है। परिजनों द्वारा अभी एफआईआर के लिए आवेदन नहीं दिया गया है।

# लड़कियों के साथ हुए यौन शोषण के खिलाफ प्रदर्शन

## सरकार के खिलाफ सड़क पर उतरा एपवा, इनौस व आइसा संगठन

निज संवाददाता। बक्सर

मुजफ्फरपुर के अहियापुर क्षेत्र में सोशल मीडिया के द्वारा नौकरी देने के नाम पर लड़कियों के साथ यौन शोषण करने के खिलाफ सोमवार को एपवा, इनौस और आइसा संगठन के कार्यकर्ताओं ने ज्योति प्रकाश चौक पर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। सूबे में चल रही डबल इंजन की सरकार के विरोध में जमकर नारे लगाएं। वक्ताओं ने कहा कि 250 से अधिक लड़कियों को डीबीआर यूनिक नेटवर्किंग कंपनी के द्वारा नौकरी का प्रलोभन देकर आर्थिक और शारीरिक शोषण करने की बात एक पीड़िता के माध्यम से सामने आई है। पीड़िता ने आरोप लगाते हुए कहा है कि नौकरी में ज्वाइनिंग के नाम पर पहले 20 हजार रूपये




मांगा गया। इस रकम को देने के बाद भी ज्वाइनिंग न कराकर प्रत्येक अभ्यर्थी से अन्य 50 लड़कियों को कंपनी से जोड़ने का न केवल दबाव बनाया गया बल्कि प्रलोभन देकर इस कार्य को पूरा भी कराया गया। 250 से अधिक लड़कियों को हाजीपुर के एक कमरे में कैदी बनाकर बंद कर दिया गया। बाद में इन लड़कियों को शारीरिक और मानसिक प्रताड़ना देकर इनका यौन शोषण शुरू कर दिया गया। जिसमें अनेक लड़कियों के गर्भपात कराने का भी मामला सामने आया। इनौस के जिला संयोजक राजदेव सिंह और पार्टी नेता सह पूर्व सांसद तेजनारायण सिंह ने कहा कि इस प्रकरण ने बालिका गृह कांड की न केवल याद दिला दी बल्कि यह उससे भी वीभत्स साबित हो रहा है।

देश और राज्य में बेटी बचाओ और बेटी पढ़ाओ का नारा विगत कई सालों से चल रहा है, लेकिन इस नारे के विपरीत बेटियों के शोषण के शर्मनाक मामले दिन प्रतिदिन सामने आ रहे हैं। महिला संगठन एपवा इस जघन्य अपराध की निष्पक्ष जांच, दोषियों को तत्काल सजा देने, पीड़ितों को मुआवजा और सरकारी नौकरी प्रदान किए जाने की मांग करती है। विरोध प्रदर्शन में एपवा नेता संध्या पाल, पुजा कुमारी, इनौस के जिला संयोजक राजदेव सिंह, पार्टी नेता तेजनारायण सिंह, गनेश सिंह, अजीत राकेश, दयाशंकर सिंह, हरेराम प्रजापती, रोहित गोस्वामी, दीपू कुशवाहा आदि शामिल थे।

# संक्षिप्त समाचार

## रानी दुर्गावती का 460वां बलिदान दिवस मनाया गया

**भागलपुर।** सामाजिक संस्था स्वाभिमान ने मंदरोजा स्थित एक संस्थान में रानी दुर्गावती की 460वां बलिदान दिवस मनाया। मौके पर रानी दुर्गावती की फोटो पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। इसकी अध्यक्षता कर रहे संस्था के संस्थापक जगतराम साह कर्णपुरी ने कहा कि भारतीय वीरांगना रानी दुर्गावती का इतिहासकारों ने सही मूल्यांकन नहीं किया। रंजन कुमार राय ने कहा कि भारतीय इतिहास में अनेक वीरांगनाओं की वीरता की कहानी भरी पड़ी है। मौके पर प्रेम कुमार सिंह, अजय शंकर, गोपाल मंडल, राजीव रंजन, शिवम कुमार थे।

## "वंचितों के उत्थान के लिए सोचते थे जगन्नाथ मिश्र'

**भागलपुर।** मानवाधिकार सुरक्षा एवं सतर्कता परिषद के सदस्यों ने सोमवार को परिषद कार्यालय में पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. जगन्नाथ मिश्र का जयंती मनाई। इसकी अध्यक्षता परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलीम सुगंध ने की। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय जगन्नाथ मिश्र हमेशा गरीब, शोषित और वंचित समाज के उत्थान के लिए सोचते थे। मौके पर परिषद के महासचिव मो. रशीद अंसारी, जफीर अहमद, अनिता कुमारी, मो. एजाज इकबाल, शकील खान, मो. शाहिद अख्तर, बीवी फरहाना, अरुण कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## इस बार 13 दिनों का होगा आषाढ़ कृष्ण पक्ष, 5 को होगा खत्म

**भागलपुर।** आषाढ़ माह 23 जून से शुरू हो गया है, जो 21 जुलाई तक रहेगा। इस दौरान गुप्त नवरात्रि, गुरु पूर्णिमा समेत कई तीज-त्योहार व व्रत आएंगे तथा चातुर्मास भी शुरू होगा । दो तिथि का क्षय होने के कारण कृष्ण पक्ष पखवाड़ा 15 दिन के जगह इस बार 13 दिन का होगा। इस दौरान 23 जून से 5 जुलाई तक मांगलिक कार्य नहीं होंगे। धार्मिक मान्यता के अनुसार आषाढ़ में गुरु की उपासना सबसे फलदायी होता है। श्री हरि की उपासना से भी संतान प्राप्ति का वरदान मिलता है। कहा जाता है कि इस माह जल देव की उपासना करने से धन की प्राप्ति होती है। ज्योतिषाचार्य सौरभ कुमार मिश्र ने बताया कि ऊर्जा का स्तर नियंत्रित रखने के लिए आषाढ़ के महीने में सूर्य की उपासना की जाती है। आषाढ़ मास के प्रमुख व्रत-त्योहारों में जगन्नाथ रथयात्रा रहेगी। इसी महीने देवशयनी एकादशी के दिन से भगवान विष्णु शयन के लिए चले जाते हैं। इसे चातुर्मास के नाम से भी जाना जाता है। इस बीच शादी-विवाह नहीं होंगे। स्कंद पुराण के मुताबिक इस महीने में भगवान विष्णु और सूर्य की पूजा करने से बीमारियां दूर होती हैं। और उम्र भी बढ़ती है। भविष्य पुराण में कहा गया है कि सूर्य को अर्घ्य देने से दुश्मनों पर जीत मिलती है। इस महीने भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा करनी चाहिए। आषाढ़ की देवशयनी एकादशी यानी 17 जुलाई से चातुर्मास की शुरुआत होगी और समापन 12 नवंबर को देवउठनी एकादशी के दिन होगा।

## पर्यवेक्षण गृह से फरार एक और किशोर वापस

**मुंगेर।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पर्यवेक्षण गृह से 17 जून की अहले सुबह भागे चार किशोर में से एक किशोर ने फिर पर्यवेक्षण गृह में अपने परिजनों के साथ आकर आत्म समर्पण कर दिया। आत्म समर्पण करने वाला किशोर लखीसराय जिला का रहने वाला है और उसके ऊपर मुंगेर जिला अंतर्गत आदर्श थाना जमालपुर में केस दर्ज है। इसकी पुष्टि पर्यवेक्षण गृह के अधीक्षक प्रणय कुमार ने की। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन के दबाव के कारण दो दिनों के अंदर फरार दो किशोर ने आत्म समर्पण कर दिया है। जबकि दो किशोर अभी फरार चल रहे हैं, जिसमे लखीसराय जिला के एक और मुंगेर जिला अंतर्गत सफियाबाद थाना क्षेत्र का रहने वाला एक किशोर है।

## जमीनी विवाद में मारपीट में तीन लोग हुए जख्मी

**टेटिया बंबर।** गंगटा थाना क्षेत्र अंतर्गत मिल्की गांव में जमीन विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना घटी। जिसमें तीन लोग खुशबू देवी, मिट्ठू कुमार एवं रंजना देवी जख्मी हो गया। सभी जख्मी को परिजनों द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हवेली खड़गपुर ले जाया गया। जहां सभी जख्मी का इलाज किया गया। मामले को लेकर जख्मी द्वारा गंगटा थाना में आवेदन दिया गया है।

## नुक्कड़ सभा कर सरकार के खिलाफ किया प्रदर्शन

**भागलपुर।** सामाजिक न्याय आंदोलन, बहुजन स्टूडेंट्स यूनियन और बिहार फुले आंबेडकर युवा मंच के सदस्यों ने संयुक्त रूप से सोमवार को स्टेशन चौक पर प्रतिवाद प्रदर्शन और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया। यह प्रदर्शन बिहार में जाति सर्वे के बाद एससी, एसटी और ईबीसी-बीसी आरक्षण को 65 प्रतिशत करने के निर्णय को पटना हाईकोर्ट द्वारा रद्द करने के खिलाफ में किया गया। डॉ. योगेन्द्र ने कहा कि पटना हाईकोर्ट द्वारा बिहार में जाति सर्वे के आधार पर एससी, एसटी,ईबीसी-बीसी का बढ़ाये गये आरक्षण को रद्द किया जाना कतई उचित नहीं है। एक तरफ असंवैधानिक ईडब्लूएस आरक्षण को सुप्रीम कोर्ट जारी रखती है। दूसरी तरफ एससी, एसटी, ईबीसी-बीसी के बढ़ाये गये आरक्षण को पटना हाईकोर्ट असंवैधानिक बताती है।

## तीसरे मेरिट लिस्ट पर यूजी में 26 तक होगा दाखिला

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में सीबीसीएस पर आधारित चार वर्षीय डिग्री कोर्स, सत्र 2024-287 में नामांकन की प्रक्रिया इस महीने से चल रही है। जिसके लिए तीसरे मेरिट लिस्ट का प्रकाशन किया जा चुका है। तीसरे मेरिट लिस्ट के अनुसार 24 जून यानी सोमवार से 26 जून तक नामांकन की तिथि निर्धारित की गई है। इसके बाद 26 से 28 जून तक फ्रेश आवेदन के साथ ऑन स्पॉट नामांकन का विद्यार्थियों को मौका दिया जाएगा। पीआरओ डा. प्रियरंजन तिवारी ने बताया कि छात्र-छात्राएं विवि के पोर्टल पर तृतीय मेधा सूची की जांच कर लें। उसके बाद पोर्टल पर विषयों का चयन करें। तत्पश्चात फॉर्म का प्रिंट प्राप्त करें। उसके बाद छात्र अपने संबंधित दस्तावेजों सहित आवेदन का सत्यापन महाविद्यालय से करवा लें। तत्पश्चात ऑनलाइन माध्यम से नामांकन शुल्क का भुगतान कर रसीद अवश्य प्राप्त कर लें। उन्होंने कहा कि एस-एसटी तथा सभी कोटि की छात्राएं शून्य भुगतान का नामांकन रसीद अवश्य प्राप्त करें।

## बिजली चोरी के मामले में तीन पर केस

**टेटिया बंबर।** विद्युत विभाग टेटिया की ओर से विद्युत की चोरी को लेकर छापेमारी अभियान चलाया गया। जिसमें ठाढ़ा गांव निवासी सोनू कुमार पिता विष्णु देवप्रसाद, शंभू प्रसाद यादव पिता भुट्टो यादव एवं लश्कर गांव निवासी मनोज कुमार पिता राम आशीष सिंह को बिजली चोरी कर उपयोग करते पाया गया। तीनों पर कनीय विद्युत अभियंता रंजीत कुमार ने टेटिया थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। साथ ही जुर्माना भी लगाया है। जानकारी थाना अध्यक्ष तारकेश्वर कुमार ने दी।

## "जेएलएनएमसीएच का नेत्र बैंक हो सक्रिय'



**भागलपुर।** मारवाड़ी महिला समिति की अध्यक्ष मीनू सालारपुरिया ने स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय से सोमवार को मुलाकात की। उन्होंने शहर में नेत्र बैंक जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल को सक्रिय करने को कहा । मारवाड़ी महिला समिति भागलपुर शाखा के द्वारा चलाई जा रही नेत्र-अंगदान के लिए लोगों के बीच जागरूकता लाने के बारे में कहा। स्वास्थ्य मंत्री ने महिला समिति को यह आश्वासन दिया है कि संस्था द्वारा चलाए जा रहे इस प्रकार का कार्यक्रम सराहनीय है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि इस दिशा में सरकार द्वारा हर संभव सहायता मिलेगा। मौके पर अध्यक्ष मीनू सलारपुरिया, कोषाध्यक्ष अन्नू शर्मा, सुनीता सर्राफ, ज्योति खेतान मौजूद थी।

## अगुवानी पुल घाट का मामला, यात्रियों से हर दिन हो रही 50 हजार की वसूली

# हादसे के बाद भी ओवरलोड नाव का परिचालन

निज संवाददाता। भागलपुर

गंगा में लगातार जलस्तर में वृद्धि हो रही है। उसके बावजूद खगड़िया से अगुवानी पुल घाट पर ओवरलोडेड नाव का परिचालन थमने का नाम नहीं ले रहा है। हर दिन हजारों यात्री जान जोखिम में डालकर यात्रा करते हैं। इससे पहले अगवानी पुल से खगड़िया जाने के दौरान 2020 में नाव हादसा हुआ था। इसमें 2 लोगों की मौत हुई थी। इसके बावजूद भी नाव पर ओवरलोड कर परिचालन करने से बाज नहीं आ रहे हैं। जिस रास्ते से नाव गुजराती है, वहां पर पुल हादसा हुआ था। इसके कारण गाद जमा हुआ है।

**नाव का आधा हिस्सा पानी में डूब जाताः** मलबे को अभी तक हटाया नहीं गया है। उसी रास्ते से नाव का परिचालन होता है। नाव का आधा हिस्सा पानी में डूब जाता है। गाद रहने की वजह से पानी का लेयर चेक नहीं हो पता है। यह सब स्थानीय पुलिस के नाक के नीचे सारा काम हो रहा है। ओवरलोड नाव के परिचालन के दौरान कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। सैकड़ों की संख्या में एक बार नाव पर लोग सवार होते हैं। इसके अलावा बाइक और अन्य सामान भी नाव पर लोड किया जाता है। इसके कारण हादसे की आशंका बनी रहती है। हादसे के बाद लोगों को सबक लेने की जरूरत थी। लेकिन नाव परिचालन करने वाले लोग हादसे के वह दिन भूल गए हैं। अब शायद नए हादसे का इंतजार कर रहे हैं। मामले को लेकर सुल्तानगंज थानेदार ने भी टाल मटोल कर जवाब दिया।

**कभी भी हो सकता है बड़ा हादसाः** सुल्तानगंज थानेदार से पूछा गया कि पहले भी नाव हादसे का शिकार हो चुका है, उसके बाद भी ओवरलोडेड नाव का परिचालन अगुवानी पुल घाट से खगड़िया जा रहे हैं। उन्होंने जवाब दिया कि हम लोग निगरानी तो कर ही रहे हैं। लेकिन तस्वीरों में साफ है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**पुल का निर्माण करवा दें:** नाव पर सवार यात्री आशीष ने बताया कि जाने में बहुत डर लगता है। लेकिन साधन नहीं है। मजबूरी में हम लोगों को जाना पड़ता है, नाव पर बैठने की जगह नहीं है। ऊपर से प्रचंड गर्मी है। इसके कारण से परेशानी हो रही है। हजारों की संख्या में लोगों को रोजाना आना-जाना होता है। जो ओवरलोड होने के कारण हमेशा सफर करने में डर बना रहता है। लेकिन मजबूरी की वजह सफर करना पड़ता है। हम लोगों की मांग है कि जल्द से जल्द जिला प्रशासन और सरकार पुल का निर्माण करवा दे। ताकि हम लोगों को जाने-आने में सुविधा हो।



**नाव पर 30 यात्री की होती है क्षमताः** नाव पर 30 यात्री की क्षमता होती है। इसका कुछ सामान भी उसमें शामिल है। लेकिन नाव संचालक सैकड़ों लोगों को बैठाते हैं। उसके अलावा सामान भी नाव पर लोड किया जाता है। प्रत्येक आदमी से 30 से 50 रुपए किराया वसूली जाती है। जबकि दो चक्का वाहन का 50 से 100 रुपए तक लिए जाते हैं। हर दिन नाव संचालक 50 हजार रुपए तक इनकम करते हैं। इसके बावजूद भी सुरक्षा दृष्टिकोण का ख्याल नहीं रखा जाता है। न ही बोट, या अन्य चीजों यात्रियों के लिए रखा गया है।

**अधिकारियों ने नहीं उठाया फोनः** जिला अधिकारी नवल किशोर चौधरी को दैनिक भास्कर की डिजिटल टीम ने सोमवार सुबह 11 बजे से लेकर रात 7 बजे के बीच तकरीबन 6 बार कॉल किया। लेकिन उन्होंने कॉल का जवाब नहीं दिया। जबकि सदर एसडीएम धनंजय कुमार को भी लगातार संपर्क करने की कोशिश की, लेकिन संपर्क नहीं हो पाया। सुल्तानगंज थानेदार प्रिंरजन कुमार ने बताया कि हम लोग निगरानी रख ही रहे हैं। इस पर आप अंचलाधिकारी से टिप्पणी ले सकते हैं।

## बालू का अवैध खनन करने के दौरान धंसना गिरा, मजदूर की मौत, एक घायल

निज संवाददाता। भागलपुर

शंभूगंज थाना क्षेत्र के गढ़वा बाटो गांव के पास डांड से जमीन की खुदाई कर बालू का अवैध खनन करने के दौरान धंसना गिरने से उसमें दो मजदूर दब गए। एक मजदूर की मौत हो गई, जबकि दूसरे मजदूर को किसी तरह रेस्क्यू कर जिंदा बाहर निकाल लिया। जिनका नाम रूपेश कुमार पिता फेकन यादव है। परिजनों ने रूपेश कुमार को इलाज के लिए तारापुर के निजी क्लिनिक में भर्ती कराया है। जिसके बाद फिर ग्रामीणों ने घंटों रेस्क्यू कर शव को जमीन से बाहर निकाला, मृतक मजदूर बग्घा खास गांव के निरंजन यादव के 19 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार है। घटना में मौके के बाद फिर दो थाने की पुलिस सीमा विवाद को लेकर तीन घंटे तक उलझी रही। ग्रामीणों ने बताया की मृतक अंशु कुमार तीन भाइयों में दूसरे नम्बर पर था। जो नवम तक पढ़ाई कर फिर मजदूरी करने लगा था। साथ ही मजदूरी करते हुए ट्रैक्टर चलाने का कार्य भी सीख रहा था। इस घटना के बाद उसकी मां अंजनी देवी व पिता निरंजन यादव का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं घटना के बाद शंभूगंज और संग्रामपुर थाना की पुलिस सीमा विवाद को लेकर तीन घंटे तक उलझी रही। अंत में घटनास्थल शंभूगंज थाना क्षेत्र में रहने के बाद शंभूगंज थाना के अपर थानाध्यक्ष कुंदन कुमार घटना स्थल पर पहुंचे और घटनाओं से संबंधित आवश्यक जांच पड़ताल शुरू की।

**खनन निरीक्षक से झड़प कर माफिया छुड़ा ले गए हाईवाः** रात खनन निरीक्षक भागलपुर की ओर से छापेमारी कर वापस बांका लौट रहे थे। इस क्रम में जब वे डुमरामा के समीप से गुजर रहे थे तो सड़क किनारे हाइवा पर बालू लदा पाया। जिसकी जांच के लिये वे उतर गए और चालक से चालान सहित अन्य कागजात की मांग करने लगे। इसकी जानकारी मिलते ही करीब दो दर्जन बालू माफिया मौके पर पहुंच गए और खनन निरीक्षक से विवाद करने गए। माफियाओं के हौसला का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वे लोग खनन निरीक्षक से झड़प करने के बाद शांत नहीं हुए। मौके पर मौजूद हाइवा को लेकर अपने साथ लेकर फरार हो गए। इस संबंध में बांका के खनन निरीक्षक हरिओम ओझा ने बताया मैं रविवार रात भागलपुर से लौट रहा था। तो अमरपुर - कजरैली मुख्य मार्ग स्थित डुमरामा के समीप एक बालू लोड हाइवा को जांच के लिए पकड़ा। कुछ समय बाद वहां पर 30-40 की संख्या में माफिया आकर हाइवा छुड़ाकर फरार हो गया।

**अवैध खनन करा ट्रैक्टर पर किया जा रहा था लोडः** जानकारी के अनुसार शंभूगंज थाना क्षेत्र से होकर गुजरी बदुवा नदी में बालू का किल्लत हो जाने के बाद माफियाओं के द्वारा जहां-तहां से जमीन की खुदाई कर बालू का जुगाड़ करते हुए अवैध खनन का कारोबार कर रहे हैं। इसी क्रम में शंभूगंज थाना क्षेत्र के बग्गा खास गांव के निरंजन यादव के 19 वर्षीय पुत्र अंशु कुमार व फेकन यादव के पुत्र रूपेश कुमार गढ़वा बाटो गांव के समीप डांड में जमीन की खुदाई कर बालू का अवैध खनन का कारोबार कर रहे थे। कई दिनों से चोरी छिपे जमीन से बालू का अवैध खनन करने से उस जगह पर बड़ी खाई बनकर खतरनाक हो गया था। बावजूद माफिया के द्वारा मजदूरों को ज्यादा पैसा देकर उस खतरनाक खाई से बालू का अवैध खनन कराकर ट्रैक्टर पर लोड किया जा रहा था। जहां सोमवार की दोपहर बाद अवैध बालू का खनन करने के समय धंसना गिरने से मजदूर अंशु कुमार व मुकेश कुमार दब गए। जिसके बाद वहां मौजूद लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। जिसके बाद वहां लोगों की भीड़ ने रूपेश कुमार को जख्मी हालत में बाहर निकाल लिया। जबकि ग्रामीण के द्वारा घंटों देर तक रेस्क्यू कर जमीन की खुदाई कर अंशु कुमार को जब बाहर निकाला तब तक उसकी मौत हो गई थी।

## गोराडीह के भ्रष्ट राजस्व कर्मचारी निलंबित

# निलंबन अवधि में कर्मचारी का मुख्यालय गोपालपुर अंचल होगा

निज संवाददाता। भागलपुर

लापरवाह गोराडीह के राजस्व कर्मचारी मुकेश कुमार को निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय गोपालपुर अंचल होगा। इसके लिए डीएम की ओर से निर्देश जारी किया गया है। इसमें कहा गया है कि मुकेश कुमार के खिलाफ प्रियंका कुमारी ने कई गंभीर आरोप लगाए हैं। इसकी जांच में पाया गया कि मुकेश कुमार ने एक मामले में बिहार सरकार की भूमि को गैरमजरुआ से मुक्त होने की रिपोर्ट करते हुए नामांतरण की स्वीकृति देने की अनुशंसा की और दूसरे मामले में अस्वीकृत की है। इससे स्पष्ट है कि मुकेश कुमार पर आर्थिक लाभ के लिए काम करने का आरोप प्रमाणित होता है। जांच के दौरान मुकेश कुमार ने अपने हल्का से संबंधित जन शिकायत की पंजी व अन्य पंजी का संधारण नहीं करने, जमाबंदी पंजी का रखरखाव सही ढंग से नहीं करने और परिवादी के जमाबंदी को जान-बूझकर फाड़ देने का आरोप है।

मुकेश के आचरण से लोग परेशान हैं और सरकार को राजस्व के कामों में पारदर्शिता और समय पर निपटारे में परेशानी हो रही है। इसलिए मुकेश कुमार को निलंबित किया गया है। साथ ही गोराडीह के सीओ को निर्देश दिया गया है कि मुकेश के खिलाफ आरोप पत्र गठित कर सदर एसडीओ के माध्यम से उपलब्ध कराएं।

# जमीन के लिए भतीजे ने चाचा समेत 4 को पीटा, पीड़ित ने 10 लोगों के खिलाफ कराई प्राथमिकी



निज संवाददाता। भागलपुर

भागलपुर में जमीन के लिए दो पक्षों में मारपीट हुई। मामला सनोखर थाना क्षेत्र के सोहायल गांव की है। भतीजे ने चाचा समेत चार लोगों को धारदार हथियार से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। स्थानीय लोगों की मदद से इलाज के लिए मायागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां चाचा मोहम्मद शेखावत (65) की स्थिति गंभीर है। जबकि मोहम्मद शेखावत का पुत्र मोहम्मद आजाद, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद अब्दुल, रहमान का इलाज जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। घायलों ने पुलिस से लिखित शिकायत है। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

**प्राथमिकी दर्ज कर ली गई हैः** दोनों के बीच पिछले कई वर्षों से विवाद हो रहा है। पिछले महीने भी विवाद हुआ था। थाना स्तर पर दोनों पक्षों को समझौता कर मामले को शांत कराया गया था। उसके बाद दोनों पक्ष एक बार फिर भिड़ गए। मोहम्मद शेखावत ने पुलिस से लिखित शिकायत में मोहम्मद जुबेर, मोहम्मद जूमेद, मोहम्मद हलीम मोहम्मद दाऊद और अन्य 10 लोगों पर लगाया है। इधर, घायल का इलाज जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल में चल रहा है। मामले को लेकर सनोखर थाना अध्यक्ष रनतेज भारती ने बताया कि प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। कार्रवाई की जाएगी।।

# 2 घंटे में लुटेरे को कर लिया गिरफ्तार छीना गया मोबाइल भी हुआ बरामद

निज संवाददाता। मुंगेर

पूरबसराय थाना पुलिस ने सोमवार को आम यात्री से लूटपाट करने वाले एक लुटेरा को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लुटेरा की पहचान पूरबसराय रेलवे मैदान निवासी कैलास मलिक का पुत्र राजकुमार मालिक के रूप में हुई है। इसकी जानकारी एसपी सैयद इमरान मसूद ने दी। एसपी ने बताया कि पूरबसराय थाना में एक व्यक्ति के द्वारा आवेदन दिया गया कि 24 जून की अहले सुबह पूरबसराय ढाला के समीप सुबह 3:30 बजे एक अज्ञात व्यक्ति के द्वारा मोबाइल छीन लिया गया। मामले की जानकारी मिलते ही थाना में आवेदन के आधार पर केस दर्ज कर लिया गया और इसकी जानकारी एसपी को दी गयी। जिसके बाद पुलिस ने दो घंटे के अंदर राजकुमार मालिक को गिरफ्तार कर लिया और उसके घर से पीड़ित व्यक्ति का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया।

# गांव में ले सकेंगे ट्रेन टिकट, ड्राइविंग लाइसेंस, आधार व पैन कार्ड भी बनेंगे

निज संवाददाता। मुंगेर

ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के लिए पैक्सों को अधिक सशक्त बनाया जा रहा है। इसी कड़ी में सहकारिता विभाग पैक्सों में 25 से अधिक आर्थिक गतिविधियों को शुरू कर अपने व्यवसाय में विविधता लाएगा। अब ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे पैक्स सेंटरों पर जल्द कॉमन सर्विस सेंटर की सेवा शुरू होगी। पहले चरण में जिले के 96 पैक्स में से 56 पर कॉमन सर्विस सेंटर की सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में तेज गति से कार्य किया जा रहा है। जिला सहकारिता पदाधिकारी धर्मनाथ प्रसाद ने बताया कि 56 पैक्स सेंटर का ऑडिट रिपोर्ट अपडेट होने की वजह से पहले चरण में इन पैक्स सेंटरों पर सीएससी सेवा चालू की जा रही है। फिलहाल कम्प्यूटर को इंस्टॉल किया जा रहा है। इसके बाद जुलाई में जिला मुख्यालय में पैक्स के सीएससी संचालन के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि 56 में से 34 का आईडी क्रिएट कर दिये गए हैं और बाकी 22 पैक्स सेंटरों के आईडी के लिए व्हाइट लिस्टिंग के लिए सरकार के पास पत्र भेजा गया है।



## अगले माह शिक्षकों को प्रोन्नति संभव अनुकंपा पर नियुक्ति अंतिम चरण में

**मुंगेर।** मुंगेर विश्वविद्यालय में कई महत्वपूर्ण प्रशासनिक कार्य जुलाई में पूरे हो सकते हैं। विश्वविद्यालय में 20 पीजी विभाग खुले तो इसी साल मार्च महीने से शोध कार्य शुरू हुए। मगर भवन, संसाधनों के घोर अभाव के बीच सेन्ट्रल लाइब्रेरी के स्थापना की छात्रों की आस अभी तक अधूरी ही रही। प्रयोगशालाओं में भी पुराने उपकरणों से ही साइंस की गुत्थियां सुलझाई जा रही हैं। सत्र नियमित करने की हड़बड़ी में परीक्षा के सामने कक्षाओं का विधिवत एवं नियमित संचालन उपेक्षित ही रहा। छात्र संघ एवं सीनेट चुनाव भी नहीं हो सका। हालांकि अगस्त में इसके होने की गुंजाइश बन रही है। 8 अगस्त को छात्र संघ चुनाव निर्धारित है। अगस्त में कुलपति प्रो. श्यामा राय का कार्यकाल भी समाप्त हो रहा है। मुंगेर विश्वविद्यालय में कर्मचारियों की प्रोन्नति की प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब शिक्षकों की प्रोन्नति की प्रक्रिया चल रही है।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई—निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक, दानापुर निम्नलिखित कार्यों के लिए मान्यता प्राप्त अनुभवी एवं वित्तीय रूप से सक्षम ठेकेदारों से एवं रेल, सिचाई, सी॰पी॰डबलु॰डी॰, एम॰ई॰एस॰ अथवा अन्य लोक उपक्रम में रजिस्टर्ड अथवा कार्यरत ठेकेदारों से ऑन लाईन (ई—निविदा) आमंत्रित करते है।

निविदा सूचना संख्या : गतिशक्ति/ई—टेन्डर/07/ओपन/दानापुर/2024—25, 1. कार्य का नाम, लोकेशन के साथ : दानापुर मंडल के पटना, दानापुर और पाटलीपुत्रा स्टेशन के प्रमुख विकास के संबंध में मास्टर प्लान, ईएसपी के विकास और डीपीआर की तैयारी के लिए तकनीकी सलाहकार की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव। 2. अनुमानित निविदा राशि : ₹2,15,05,500/—, 3. बयाना की राशि : ₹2,57,500/—, 4. निविदा कागजात जमा करने की एवं निविदा खुलने की तिथि एवं समय : निविदा ऑन लाईन www.ireps.gov.inपर प्रस्तुत की जानी है। निविदाताओं द्वारा निर्धारित तिथि 15.07.2024 को 12.00 बजे तक निविदा प्रस्तुत कर दिया जाय एवं उसी दिन निविदादाताओं के समक्ष निर्धारित तिथि को 12.00 बजे के बाद निविदा खोली जायेगी। 5. वेब साईट नाम एवं निविदा संबंधी सूचना : 1. निविदा सूचना पात्रता मान दंड तथा निविदा क्रिस के वेब साईट CRIS website http.//www.ireps.gov.in पर देखा जा सकता है, एवं सूचना की पूर्ण जानकारी के लिये कार्यालय के नोटिस बोर्ड में देखें। उपरोक्त निविदा से संबंधित यदि कोई भी संशोधन/परिवर्तन किया जाता है तो इसकी सूचना समाचार पत्रों में प्रकाशित नहीं किया जायेगा बल्कि वेब—साईट पर अपलोड कर दिया जायेगा। 2. विवाद की स्थिति में हिन्दी एवं अंग्रेजी में दी सूचना में किसी प्रकार की भिन्नता पाये जाने पर आई.आर.ई.पी.एस पोर्टल में प्रकाशित सूचना मान्य होगा। 3. संशोधनों के लिए वेब साइट देखने और तद्नुसार अपनी निविदा प्रस्तुत करने के लिए निविदाकारों की जिम्मेदारी है।

वरीय मंडल अभियंता (गतिशक्ति)/ पूमरे/दानापुर

पीआर/00556/डीएनआरजीएस/ईजीईएन/टी/24—25/52



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना सं. ईएल/एचडब्ल्यूएच/25/21(नोटिस)/590, दिनांक 24.06.2024;** मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित विद्युतीय कार्यों के निष्पादन के लिए निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **क्रमांक 1, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3303; कार्य का नाम:** एईएन/आजिमगंज के अधीन कटवा-आजिमगंज अनुभाग में खगड़ाघाट रोड-कर्ण सुवर्ण के बीच किमी. 157/41-43 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 24/ए/9 के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 17,29,045; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 34,600; **क्रमांक 2, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3304; कार्य का नाम:** हावड़ा मंडल में सेवड़ाफुली-गोघाट अनुभाग में मायापुर-आरामबाग के बीच किमी. 53/11-12 पर लेवल क्रॉसिंग सं. 26 के स्थान पर सीमित ऊंचाई के सबवे (बॉक्स पुश पद्धति द्वारा) के निर्माण के संबंध में विद्युतीय (जी) कार्य। **निविदा मूल्य:** रु. 17,13,401; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 34,300; **क्रमांक 3, निविदा सं.: ईएल-एचडब्ल्यूएच-25-21-3281-आर; कार्य का नाम:** विद्युतीय/जी विभाग के अधीन डीआरएम बिल्डिंग कॉम्पलेक्स, हावड़ा सहित हावड़ा मंडल में पावर सब-स्टेशन तथा एचटी/एलटी स्विच रूमों की फायर सेफ्टी ऑडिट। **निविदा मूल्य:** रु. 25,14,232; **बोली सुरक्षा (बयाना राशि जमा):** रु. 50,300; **समापन अवधि:** प्रत्येक निविदाओं के लिए 120 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** प्रत्येक निविदा के लिए 18.07.2024 को अपराह्न 3.00 बजे तक। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, निविदा के बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत किसी भी सुविधाजनक दिवस को ऑनलाइन निविदाएं खोली जाएंगी। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है।

**(HWH-131/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

**हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter**

# गेहूं के सरकारी दर 2275 रुपए से 150 - 200 रुपया प्रति क्विंटल अधिक दाम बाजार में किसानों को मिला

## इस साल अधिकतर पैक्सों ने नहीं की गेहूं की खरीदारी



**फारबिसगंज, एजेंसी।** इसको लेकर विभाग ने सभी 09 प्रखंडों में कुल 208 पैक्सों एवं व्यापार मंडल में से किसानों से गेहूं की अधिप्राप्ति के लिए केन्द्र बनाया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुरुआत के दिनों में ही जो गेहूं किसानों से खरीद हुई उसके बाद से गेहूं की खरीद नहीं हो पाई। इसका सबसे बड़ा कारण रहा कि गेहूं खरीद के लिए निर्धारित सरकारी दर 2275 रुपए से 150 - 200 रुपया प्रति क्विंटल अधिक दाम बजार में किसानों को मिला।

इसके चलते सरकारी स्तर पर गेहूं खरीद फ्लॉप साबित हुई। जबकि उम्मीद थी कि गेहूं अधिप्राप्ति में तेजी आएगी लेकिन ऐसा नहीं हो सका। कुल मिलाकर देखा जाए तो सरकारी स्तर पर गेहूं की खरीदारी में 0.6 फीसदी लक्ष्य ही प्राप्त किया जा सका। खास बात कि विगत वर्ष जिले में 15 पैक्स का चयन किया गया था जहां 14.5 एमटी गेहूं की अधिप्राप्ति हुआ था। जबकि इस बार पूरे जिले के 19 किसानों से मात्र 25 एमटी गेहूं की खरीदारी संभव हो सका। इस बाबत फारबिसगंज प्रखंड के रामपुर दक्षिण पैक्स में दो किसानों से 5 क्विंटल गेहूं की खरीदारी हो सकी। वहीं अररिया प्रखंड में एक किसान से 50 क्विंटल,भरगामा प्रखंड में छह किसान से 183 क्विंटल, जोकीहाट में एक किसान से 7 क्विंटल, कुर्साकांटा प्रखंड में एक किसान से 5 क्विंटल, नरपतगंज में तीन किसान से 3 क्विंटल,पलासी प्रखंड में तीन किसान से 30 क्विंटल, रानीगंज प्रखंड में एक किसान से 5 क्विंटल जबकि सिकटी में एक किसान से 10 क्विंटल गेहूं की खरीदारी संभव हो सका। कुल मिलाकर अगर देखा जाए तो सभी प्रखंडों में निल की स्थिति को तोड़ा जा सका। जिले के सभी नौ प्रखंडों में 6 लाख 70 हजार 463 राशन कार्डधारी हैं। जिन्हें प्रत्येक महीने राशन की जरूरत होती है।

पिछले वर्ष भी सरकार किसानों से सरकारी दर पर गेहूं नहीं खरीद सकी थी। यदि इस बार भी गेहूं के गोदाम खाली रहे तो तय है कि 27 लाख 47 हजार 497 राशन कार्डधारी के सदस्यों को रोटी पर संकट मंडराएगा हालांकि इस बाबत जिला सहकारिता पदाधिकारी अजीत कुमार से मोबाइल के जरिए संपर्क स्थापित करने की कोशिश की गई। मगर उनका मोबाइल नंबर 9899662117 स्विच ऑफ आया। विगत वर्ष की तुलना इस साल गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपए वृद्धि तो की गई।

बावजूद सरकारी कीमत पर बाजार का मूल्य हावी रहा। विगत वर्ष सीजन में 2115 रुपए प्रति क्विंटल की दर पर खरीद होती थी। इसे बढ़ाकर 2275 रुपए प्रति क्विंटल कर दिया गया। यानि पिछले साल की तुलना में इस साल गेहूं के समर्थन मूल्य में 150 रुपए प्रति क्विंटल वृद्धि की गई। बावजूद किसान अपना गेहूं बेचने तक नहीं पहुंचे। हालांकि जिले के सभी नौ प्रखंडों में अवस्थित पैक्स के द्वारा सिर्फ और सिर्फ किसी तरह तीन - चार किसानों से किसी तरह खरीदारी कर योजना को अमलीजामा पहनाया जा सका। वहीं अधिकांश पैक्सों में न तो क्रय केंद्र खुला और न ही अपना अनाज बेचने किसान पैक्स की दहलीज तक पहुंच सका।

फारबिसगंज सरकारी स्तर पर गेहूं की खरीदारी फ्लॉप साबित हुई। जिले के विभिन्न नौ प्रखंडों में विगत 15 अप्रैल से 15 जून तक गेहूं खरीद की अंतिम तिथि समाप्त होने के बाद 4208 मेट्रिक टन लक्ष्य के अनुरूप मात्र 25 एमटी गेहूं की खरीदारी हो सकी। कहते हैं जिले के विभिन्न खुले बाजारों में गेहूं के दाम अधिक होने से पैक्सों पर सन्नाटा पसरा रहा। जिले में पैक्सों एवं व्यापार मंडल के माध्यम से गेहूं खरीद की स्थिति यह रही कि साठ दिनों में मात्र 19 किसानों से तकरीबन 25 एमटी गेहूं की खरीद हो पाई। जबकि जिले का लक्ष्य 4208 मेट्रिक टन गेहूं खरीदारी का था। जिले में 15 अप्रैल से ही सरकारी स्तर पर गेहूं की खरीदारी शुरु हुई थी।

गेहूं खरीद नहीं होने से इस साल भी गेहूं के गोदाम खाली रह गया। बतादे कि सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों का नहीं पहुंचना काफी गंभीर विषय है। क्योंकि जो गेहूं सरकार के द्वारा न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदा जाता है उसे गोदामों में भंडारण किया जाता है। अब सवाल यह है कि यदि सरकार गेहूं खरीदेगी नहीं तो फिर गरीबों को वितरण कैसे करेगी ? बताते चलें कि गोदामों में भंडारण किए जाने वाले गेहूं को राशन कार्डधारी परिवार के सदस्यों को पीडीएस विक्रेता के माध्यम से वितरण किया जाता है।

# शिक्षिका ने जहर खाकर दी जान

**मोतिहारी/ तेतरिया, एजेंसी।** बीपीएससी से चयनित शिक्षिका से ससुराल वाले ने दहेज में चार पहिया वाहन व 20 लाख रुपए के लिए प्रताड़ित करने से तंग आकर शिक्षिका नेहा कुमारी ने मायके राजेपुर थाना के भुवालीडीह गांव में 21 जून को जहर खाकर जान दे दी। मृतका नेहा कुमारी के पिता राजकुमार गुप्ता ने बताया कि पुत्री की शादी शिवहर के तरियानी छपरा गांव के बेलहिया के आशुतोष कुमार से 22 अप्रैल 2022 को किया था। शादी के एक साल बाद दहेज में चार पहिया वाहन,बीस लाख रुपए के लिए मारपीट व प्रताड़ित करने लगा। मारपीट कर आभूषण,सर्टिफिकेट भी छीन लिया। कहा कि उनके घर पर 21 जून को पूजा था।उसमें नेहा मायके आयी थी। उसी रात में पति ने पत्नी के मोबाइल पर कहा कि जब तक चार पहिया वाहन व बीस लाख रुपए लेकर आओ नहीं तो घर पर आयी तो मार दूंगा। प्रताड़ित करने से तंग आकर जहर खाकर जान दे दी। उसने कहा कि उसकी पुत्री दरभंगा जिला के केवटी में सरकारी विद्यालय में पढ़ाती थी। मृतका के पिता ने मृतका के पति आशुतोष कुमार, ससुर फुल कुमार साह,सास मीना देवी,देवर आशीष कुमार,गेतनी रानी कुमारीपर अहियापुर थाना में आवेदन दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 15 जुलाई से शुरू होगा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज में बन रहे सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल 15 जुलाई से शुरू हो जाएगा। पटना में मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य और अधीक्षक के साथ स्वास्थ्य विभाग की बैठक में यह फैसला लिया गया। सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में 21 विशेषज्ञों की तैनाती हुई है। अस्पताल में अभी नेफ्रो और न्यूरो की ओपीडी चलती है। सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू हो जाने से बर्न, प्लास्टिक सर्जरी, कार्डियोलॉजी जैसे विभाग भी शुरू होंगे। न्यूरो और नेफ्रो की सर्जरी भी होगी। न्यूरो सर्जरी शुरू होने से उत्तर बिहार के मरीजों को बाहर नहीं जाना पड़ेगा। एसकेएमसीएच परिसर में सौ करोड़ से अधिक लागत से सुपर स्पेशलिटी अस्पताल का निर्माण किया गया है। सुपर स्पेशियलिटी का भवन बनकर तैयार हो गया है और सारे उपकरण भी इंस्टॉल कर दिये गये हैं। मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य प्रो. आभा रानी सिन्हा ने बताया कि 15 जुलाई से सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल शुरू हो जायेगा।

### सबौर प्रखंड कार्यालय सभागार में बाढ़ सुखाड़ को लेकर बैठक आयोजित



**भागलपुर/ सबौर, एजेंसी।** प्रखंड कार्यालय सभागार में सोमवार को बाढ़-सुखाड़ को लेकर बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता प्रमुख अभय कुमार ने की। बैठक में बाढ़ को लेकर जीआर लिस्ट सभी पंचायत के मुखिया को उपलब्ध कराया गया। बाढ़ को लेकर सुरक्षित स्थल कौन-कौन है, इसको लेकर लिस्ट मांगी गई है। बीडीओ प्रभात रंजन ने कहा कि बैठक में बाढ़ सुखाड़ को लेकर विचार विमर्श किया गया बाढ़ के पूर्व सभी चीजों की तैयारी दुरुस्त रखने एवं सुरक्षित स्थल चिह्नित करने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर सीओ सौरभ कुमार फरका पंचायत मुखिया राजेंद्र प्रसाद मंडल बरारी पंचायत मुखिया जय करण पासवान सहित पंचायत समिति के सदस्य सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ससुराल में युवक की मौत, जहर खिलाकर हत्या का आरोप

**भागलपुर/ कहलगांव, एजेंसी।** शिवनारायणपुर थाना क्षेत्र के हबीपुर लोंगाय गांव में ससुराल में रह रहे त्रिपुरारी तांती की मौत हो गई। मृतक के पिता ने चार लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया है। मृतक कहलगांव थाना क्षेत्र के सौर गांव रनिवासी खुदेश्वर तांती का पुत्र था। खुदेश्वर तांती ने बताया कि रविवार को त्रिपुरारी द्वारा जहर खाने की बात एक रिश्तेदार ने बताई थी। पुत्र की पत्नी रितु कुमारी और सास जितनी देवी ने सूचना नहीं दी है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने शव अपने कब्जे में ले लिया था। थानाध्यक्ष राजेश कुमार यादव ने कहा कि मृतक के पिता खुदेश्वर तांती ने सास, जेठ सास, साढ़ू समेत चार लोगों के ऊपर जहर खिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए मामला थाने में दर्ज कराया है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया है।मामले की जांच कर रही है।

### 15 दुकानदारों से वसूले 10,500 रुपये जुर्माना

**मोतिहारी, एजेंसी।** मोतिहारी नगर निगम की ओर से सोमवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। मीना बाजार, गायत्री मंदिर,मधुबन छावनी चौक से अतिक्रमण हटाया गया। नगर आयुक्त सौरभ सुमन यादव ने खुद अभियान का नेतृत्व किया। इस अवसर पर, अतिक्रमण दंड शुल्क के रूप में 15 दुकानदारों से 10,500 रुपया वसूला गया। इस दौरान सुभाष पार्क के पास अधिक एरिया पर अतिक्रमण करने वाले दुकानदारों को पीछे हटा उनसे जुर्माना वसूला गया। गांधी चौक के पास अतिक्रमण को लेकर दुकानों से जुर्माना वसूल किया गया। नगर आयुक्त ने कहा कि शहर को साफ-सुथरा व सुंदर बनाना प्राथमिकता है। अभियान में नगर निगम के टैक्स दारोगा अरुण मिश्र, राजेश गुप्ता, प्रफुल्ल चंद आदि थे।

# अब तरल नहीं पाउडर में मिलेगा नीरा, जर्मनी से मिला पेटेंट

**भागलपुर, एजेंसी।** कार्यालय संवाददाता। बिहार में शराबबंदी के बाद ताड़ी पर भी पूर्णत~ प्रतिबंध लगा दिया गया। सरकार की ओर से ताजा नीरा के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए कवायद की गई, लेकिन इसके स्टोर करने की विधि में सुधार नहीं होने से काफी परेशानी हो रही थी। बिहार कृषि विश्वविद्यालय (बीएयू) सबौर ने ताजा नीरा को संरक्षित करने का उपाय ढूंढ़ निकाला। उसे पाउडर में एक विधि से परिवर्तित कर दिया।



अब इस पाउडर का जर्मनी से पेटेंट मिला है। नीरा को पाउडर बनाकर संरक्षित करने की तकनीक बीएयू के डिपार्टमेंट ऑफ फूड साइंस एवं पोस्ट हार्वेस्ट टेक्नॉलोजी विभाग के डॉ. वसीम सिदद्की ने निकाली है। उन्होंने बताया कि यह तकनीक नीरा उत्पादकों के लिए व्यापार का एक नया रास्ता खोलेगी। साथ ही इस विधि से नीरा को लंबे समय तक सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे पूरे साल नीरा के स्वाद और आनंद को लेने में मदद करेगी। स्प्रे डायर से बनेगा पाउडर वैज्ञानिक के मुताबिक ताजा नीरा का परिरक्षण अत्यंत कठिन होता है। इस वजह से इस तकनीक में स्प्रे ड्रायर के माध्यम से ताजा नीरा को पाउडर में बदला जाता है। इस विधि में बूंदों को सूखा पाउडर बनाया जाता है। इस पाउडर को करीब एक वर्ष तक एयर टाइट कंटेनर में संरक्षित रखा जा सकता है। इस पाउडर को नीरा इस्तेमाल करने वाले लोग पानी में घोलकर नीरा का स्वाद ले सकते हैं।

पानी में घुलने के बाद इसका फायदा ताजा नीरा के समान ही होता है। इसके आयामों को किसानों की आवश्यकता के अनुसार संशोधित किया जा सकता है।

# बिहार के महाराजगंज में प्लंबर की गोली मारकर हत्या, 10 दिन में तीन मर्डर से सनसनी

**महाराजगंज, एजेंसी।** बिहार के महाराजगंज में प्लंबर की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। बीते 10 दिन में यह तीसरा मर्डर है। इससे इलाके में सनसनी फैल गई है। जिस युवक की हत्या हुई है वह टेघड़ा पंचायत के हरकेशपुर गांव का निवासी है। अपराधियों ने उसको कसदेवरा पंचायत के अकिलटोला के बगउत बाबा के स्थान पर गोली मारी है। इसके साथ ही विगत दस दिनों में अपराधियों ने हत्या की तीसरी घटना को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दी है। अब चक मिली जानकारी के अनुसार, मृतक हरकेशपुर गांव के रुदल यादव का 27 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार यादव है। अपराधियों ने उसकी कनपटी में गोली मारी है। ग्रामीणों ने बताया कि सुबह शौच के लिए निकले लोगों ने युवक के शव को बगौत बाबा के चबूतरे पर पड़ा देखा। इसके बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। चबूतरे पर काफी खून फैला हुआ था। युवक के शव के पास उसकी बाइक लगी थी। पुलिस के अनुसार , अपराधियों ने युवक के कनपटी में गोली मारी है। गोली मारने के बाद अपराधी शव छोड़कर भाग गए। मृतक बाहर रहकर प्लंबरिंग का काम करता था और कुछ दिन पहले ही घर आया था। युवक के पिता कोलकाता में रहकर काम करते हैं। मृतक चार भाईयों में तीसरे नंबर पर था। मृतक के बड़े भाई विदेश में नौकरी करते हैं। मृतक सोमवार की



शाम आकाशी मोड़ बाजार से सब्जी खरीदने की बात कहकर घर से निकला था, लेकिन वह घर नहीं लौटा। सुबह होने पर उसकी हत्या की खबर मिली। सूचना के बाद घटनास्थल पर पहुंचे एसडीपीओ राकेश कुमार रंजन ने बताया कि पुलिस युवक के हत्या की जांच में जुट गई है। आपको बता दें कि इसके पहले 13 जून को महाराजगंज में राजेंद्र चौक के पास दरौंदा थाने के रुकुन्दीपुर गांव में एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। हत्या की दूसरी घटना सोमवार को सारण जिले के जनता बाजार थाने लहलादपुर गांव में एक युवक की हुई थी। इसकी लाश को झुलनिया पुल के नजदीक से पुलिस ने बरामद किया था।

# मुजफ्फरपुर के एलएस कॉलेज में प्रिंसिपल ने शिक्षक को मारा थप्पड़

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुजफ्फरपुर के एलएस कॉलेज का एक वीडियो वायरल हो रहा है। दावा किया जा रहा है कि कॉलेज के प्रिंसिपल ने एग्जाम के दौरान शिक्षक को थप्पड़ मार दिया। यह वीडियो 15 दिसंबर 2023 का है। हालांकि, प्रिंसिपल ओपी राय ने सफाई देते हुए कहा कि इस वीडियो में वे नहीं हैं। उन्होंने आरोप लगाए कि कॉलेज को बदमान करने के लिए कुछ लोगों ने यह साजिश की है। वीडियो में उनका चेहरा एआई के जरिए बदला गया है। यह मामला बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी में भी चर्चा का विषय बना हुआ है। कुलपति ने इस मामले पर संज्ञान लिया और पीड़ित शिक्षक से जानकारी ली। उन्होंने बताया कि शिक्षक ने किसी भी तरह के अभद्र व्यवहार होने से इनकार किया है। जानकारी के मुताबिक यह वीडियो पिछले साल 15 दिसंबर का है। कॉलेज में आयोजित बीपीएससी की शिक्षक बहाली परीक्षा के दौरान क्लासरूम में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज बताया जा रहा है। हालांकि, शिक्षक को थप्पड़ मारने के आरोप पर एलएस कॉलेज के प्राचार्य प्रो. ओपी राय ने सोमवार को कहा कि वह क्यों किसी पर हाथ उठाएंगे? वह तो परीक्षा में केंद्राधीक्षक भी नहीं थे।

वह कॉलेज के उत्थान के लिए लगातार काम कर रहे हैं। उनके और कॉलेज के खिलाफ साजिश रची गई है। वहीं, वीडियो वायरल होने के बाद बीआरए बिहार यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय ने पीड़ित शिक्षक को अपने दफ्तर बुलाया और उनसे सारी जानकारी ली। कुलपति ने बताया कि शिक्षक के अनुसार उनके साथ कोई अभद्र व्यवहार नहीं हुआ है। प्राचार्य को उन्होंने अभिभावक कहा है। वायरल वीडियो के सामने आने पर दिनभर विश्वविद्यालय में चर्चा का बाजार गर्म रहा। शिक्षक से लेकर कर्मचारी तक इस वीडियो पर चर्चा करते रहे।

सोशल मीडिया पर भी इस वीडियो पर लोग कमेंट करते रहे। हालांकि, कुलपति ने कहा कि अगर शिक्षक को मारा गया है तो गलत है, ऐसा नहीं करना चाहिए था। कुलपति ने कहा कि जिस दिन का यह वीडियो बताया जा रहा है उस दौरान प्राचार्य को कंट्रोल रूम से फोन आया था कि केंद्र पर नकल हो रही है, इसके बाद वह वहां पहुंचे थे। वहीं, सोमवार देर शाम सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिखाए जा रहे पीड़ित शिक्षक ने भी एक वीडियो जारी कर ऐसी किसी भी घटना से इनकार किया और इसे साजिश बताया है।



# नीट पेपर लीक में गिरफ्तार बिट्टू, कारू और पंकू निकले साइबर अपराधी

## चलाते हैं बड़ा फ्रॉड गैंग



**पटना, एजेंसी।** नीट पेपर लीक मामले में झारखंड के देवघर से गिरफ्तार तीन सेटर साइबर अपराधी निकले हैं। चिंटू उर्फ बालदेव कुमार 4 मई की देर रात को पटना के खेमनीचक में हुई छापेमारी के बाद ही देवघर फरार हो गया था। उसे कारू उर्फ राजीव कुमार ने अपनी गाड़ी से लेकर देवघर गया था। इनके साथ वहां पंकू कुमार और बिट्टू उर्फ परमजीत सिंह भी गए थे। छापेमारी के दौरान अन्य के साथ ये सभी भी गिरफ्तार हुए थे। जांच में पता चला कि कारू, पंकू और बिट्टू साइबर अपराधी हैं। ये बड़ा गिरोह चलाते हैं। लोगों से हर तरह से साइबर ठगी करते हैं। ठगी के पैसे से ही कारू ने अमेज गाड़ी खरीदी थी। देवघर में एम्स के पास झुन्नू सिंह के जिस फार्म हाउस से इन्हें गिरफ्तार किया गया था, यह इनके छिपने का ठिकाना था। झुन्नु और कारू एक ही गांव नालंदा के एकंगरसराय थाना के कुंडवापर गांव के रहने वाले हैं। इन तीनों का गिरोह बिहार में शेखपुरा जिला के शेखोपुरसराय थाना के मोसीमपुर गांव के रहने वाले कुख्यात साइबर ठग रंजन कुमार के लिए काम करता है। फिलहाल ईओयू की टीम रंजन की तलाश में जुट गई है। चिंटू के संपर्क में आकर इस बार इन तीनों साइबर अपराधियों ने नीट प्रश्न-पत्र लीक मामले में भी हाथ आजमाया। ये लोग ईओयू के हत्थे चढ़ गए और जांच में साइबर ठगी की पूरी करतूत भी सामने आ गई। इसके मद्देनजर ईओयू ने एक अलग से एफआईआर 22 जून को दर्ज की है। ताकि साइबर ठगी और अवैध सिम देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके। नीट पेपर लीक से साथ ही साइबर ठगी से जुड़े मामलों की गहन जांच होगी।

नीट परीक्षा के एक दिन पहले 4 मई की देर रात पेपर लीक होने और कुछ वाट्सएप ग्रुप पर इसके वितरण की सूचना पुलिस को मिली। पुलिस पटना के रामकृष्ण नगर थाना क्षेत्र के खेमनीचक स्थित लर्न्ड एंड प्ले स्कूल एवं ब्यॉज हॉस्टल में छापेमारी की और 13 लोगों की गिरफ्तारी की गई। पटना के शास्त्री नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई।

### फर्जी तरीके से सिम और मोबाइल लिया था

शुरुआती जांच में यह बात सामने आई है कि इन साइबर ठगों ने फर्जी दस्तावेज की मदद से सिम कार्ड और मोबाइल फोन नवादा के अलावा देवघर समेत कुछ झारखंड के अन्य शहरों से लिए थे। नवादा में जिन डीलरों के यहां से इन्होंने फर्जी दस्तावेज पर सिम लेकर इसे एक्टिवेट कराया था, उन सभी के बारे में विस्तृत जानकारी जुटाई जा रही है। इसके बाद इनके खिलाफ व्यापक स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। चूंकि दूर संचार मंत्रालय के नियमानुसार, बिना सही पहचान के कोई सिम सक्रिय नहीं करना है। फिर भी इन्हें गलत नाम-पता और दस्तावेज पर सिम सक्रिय करके कैसे मिल गए। फर्जी दस्तावेज पर मोबाइल बेचने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।



# ग्रीस में चट्टानों के बीचोंबीच बना है ये घर

**युरोपीय देश ग्रीस में एक द्वीप हैं। अजियन समुद्र के तट पर बसा ऐसी ही एक द्वीप टीनो अनोखे घरों और लैंडस्केप के लिए विख्यात है। द लैप पूल हाउस नाम का यह घर आर्किटेक्चर और डिज़ाइनिंग मे रूचि रखने वाले लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है।**

गुफाओं और चट्टानों के प्रेरित होकर घर आर्टिसाइडस डल्लास आर्किटेक्टस ने डिज़ाइन किया है। घर का प्रवेश द्वार पीछे जमीन में एक दरार से होकर जाता है। वहीं छत पर अलग अलग जगह मौजूद दरारों से रोशनी और हवा अंदर आ सकती है। इस इलाके चलने वाली सर्द उत्तरी हवाओं से भी ये घर बचाता है।



# क्रिस्टियन शावन कैनाल पर बना सर्किल ब्रिज है कला का बेहतरीन नमूना

डेनमार्क के ईसाईशवन क्षेत्र में ईसाईशवन नहर के दक्षिणी मुहाने पर फैला ये पुल डेनमार्क की राजधानी में कोपेनहेगन हार्बर के आसपास के इलाकों को एक-दूसरे से जोड़ने का काम करता है। कला का बेहतरीन नमूना पेश करने वाले इस पुल को देखकर जहाज के किनारे का आभास होता है। एक नहर में फैले इस पुल को तैयार करने के लिए बेहतरीन तकनीक के साथ 5 परस्पर जुड़े हुए वृत्तों को स्टील केबल्स के साथ पिरोया गया है। इस पुल को हजारों पैदल चलने वालों और साइकिल चालकों के हिसाब से डिजाइन किया गया है। पुल को विश्व प्रसिद्ध ओलाफुर एलियासन ने डिजाइन किया है। एक कलाकार के रूप में अपने करियर के दौरान उन्होंने कोपेनहेगन, न्यूयॉर्क और बर्लिन में कई अन्य स्थानों में एकल प्रदर्शनियां आयोजित की हैं और निश्चित रूप से उन्होंने दुनिया भर में कई स्थापनाएं, कलाकृतियां और वास्तुशिल्प डिजाइन किए हैं, जिनमें अब सर्किल ब्रिज भी शामिल है।



# इन मंदिरों में प्रसाद में कहीं चॉकलेट तो कहीं मिलता है डोसा

**पौराणिक लोक कथाओं के मुताबिक़ इस सृष्टि में कुल 33 करोड़ देवी-देवता हैं. इस संसार में जितने देवी-देवता उतने ही मंदिर और करोड़ों की संख्या में उनके भक्त. आप भारत के किसी भी हिस्से में पहुंच जाएं आपको हर जगह मंदिर ज़रूर मिल जाएंगे. भगवान के आशीर्वाद और प्रसाद के लिए भक्त हज़ारों किमी की यात्रा करके दर्शन करने पहुंचते हैं. हिंदू धर्म में प्रसाद का बेहद महत्व होता है, भक्त तब तक मंदिर की चौखट नहीं छोड़ता, जब तक उसे प्रसाद नहीं मिल जाता.**

आज हम भारत के कुछ ऐसे ही मंदिरों की लिस्ट लाये हैं जहां मिठाई, बताशे या गुड़ नहीं, बल्कि कुछ और ही चढ़ाया जाता है. इन मंदिरों में भक्तों को मिलने वाला प्रसाद भी अनोखा होता है. चलिए जानते हैं वो कौन से मंदिर हैं जो अपने अनोखे प्रसाद के लिए प्रसिद्ध हैं.

## काल भैरव मंदिर (उज्जैन)

उज्जैन की शिप्रा नदी के किनारे पर स्थित काल भैरव मंदिर में भक्त काल भैरव को 'शराब' चढ़ाते हैं. यही शराब भक्तों को प्रसाद के रूप में वितरित भी की जाती है.

## जय दुर्गा पीठम मंदिर (चेन्नई)

चेन्नई के पडप्पई में स्थित जय दुर्गा पीठम मंदिर में प्रसाद के रूप में लोगों को 'ब्राउनी, बर्गर, सैंडविच और चैरी-टमाटर का सलाद' दिया जाता है. इस मंदिर की सबसे ख़ास बात ये है कि इसका प्रसाद FSSAI से प्रमाणित है, जिसमें एक्सपायरी डेट भी लिखी होती है. मंदिर में लगी वेंडिग मशीन में टोकन डालकर भक्त प्रसाद का डिब्बा पाते हैं.

## करणी माता मंदिर (राजस्थान)

राजस्थान के बीकानेर में स्थित करणी माता मंदिर चूहों की वजह से विश्व विख्यात है. इस मंदिर में भक्तों को 'चूहों का झूठा प्रसाद' दिया जाता है. कहा जाता है कि इस मंदिर में 20 हज़ार से ज़्यादा चूहे रहते हैं, जिन्हें माता करणी की संतान माना जाता है. यहां हर साल लाखों श्रद्धालु माता के दर्शन को पहुंचते हैं और चूहों का जूठा प्रसाद ग्रहण करते हैं.

## पडप्पई मंदिर (चेन्नई)

चेन्नई के पडप्पई मंदिर प्रशासन ने 'बर्थडे केक प्रसादम' की भी शुरुआत की है. इसके अंतर्गत भक्तों को उनके बर्थडे पर केक के रूप में विशेष प्रसाद दिया जाता है. मंदिर में इसका रिकॉर्ड रहे इसके लिए भक्तों की जन्मतिथि और उनका पता लिखा जाता है.

## कामाख्या देवी मंदिर (गुवाहाटी)

असम के गुवाहाटी स्थित विश्व विख्यात कामाख्या देवी मंदिर में माता का मासिक धर्म के दौरान भीगा हुआ कपड़ा प्रसाद के रुप में बांटा जाता है.

## बालसुब्रमणिया मंदिर (केरल)

केरल के बालसुब्रमणिया मंदिर में भक्तों को प्रसाद के रूप में 'चॉकलेट' दी जाती हैं. स्थानीय मान्यता के मुताबिक़, बालामुरुगन भगवान को चॉकलेट बेहद पसंद है, इसीलिए यहां प्रसाद के रूप में चॉकलेट चढाने की परंपरा है.

## काली माता मंदिर (कोलकाता)

कोलकाता के टांगरा क्षेत्र में स्थित काली माता मंदिर में भक्तों को चाइनीज़ प्रसाद दिया जाता है. इस मंदिर में भक्त 'नूडल्स, चावल और सब्जियों' का भोग लगाते हैं. दरअसल, कोलकाता के जिस क्षेत्र में ये मंदिर स्थित है, वहां चाइनीज़ लोगों की अधिकता है. इसीलिए यहां पर विशेष तरह का प्रसाद वितरित किया जाता है.

## गोगामेड़ी मंदिर (राजस्थान)

राजस्थान के हनुमानगढ़ ज़िले में स्थित गोगामेड़ी मंदिर में भक्त प्रसाद के रूप लोकदेवता गोगा जी को 'प्याज' चढ़ाते हैं. यही प्याज भक्तों को प्रसाद के रूप में मिलता है.

## अलागार मंदिर (तमिलनाडु)

दक्षिण भारत में वैसे तो कई प्रसिद्ध मंदिर हैं, लेकिन तमिलनाडु के मदुरई में बना भगवान विष्णु को समर्पित अलागार मंदिर अपने अनोखे प्रसाद के लिए प्रसिद्ध है. इस मंदिर में भक्तों को प्रसाद के रूप में 'डोसा' बांटा जाता है.

## थ्रिसुर महादेव मंदिर (केरल)

केरल का थ्रिसुर महादेव मंदिर अपने अनोखे प्रसाद के लिए दुनियाभर में प्रसिद्ध है. इस मंदिर में भक्तों को प्रसाद के रूप में धार्मिक चीजों से जुड़ी सीडी, डीवीडी किताबें वितरण की जाती हैं. मंदिर के ट्रस्ट का मानना है कि धर्म और ज्ञान के प्रचार और प्रसार से बड़ा प्रसाद और क्या हो सकता है.

## शिव मंदिर (उत्तर प्रदेश)

आपने भैरव बाबा के मंदिर में शराब चढाने के बारे में तो सुना ही होगा. क्या कभी ये सुना है कि शिवलिंग का अभिषेक शराब से किया जाता है? शायद नहीं, लेकिन यूपी के सीतापुर ज़िले में एक ऐसा शिव मंदिर है, जहां भोलेनाथ का अभिषेक शराब से होता है. प्रसाद के तौर पर ये शराब यहां के बंदर पी जाते हैं.

## मुनियंडी स्वामी मंदिर (तमिलनाडु)

आप सभी बिरयानी प्रेमियों के लिए तमिलनाडु के मदुरै ज़िले के वडक्कमपट्टी गांव में मुनियंडी स्वामी मंदिर में भक्तों को प्रसाद के रूप में 'चिकन बिरयानी' परोसी जाती है. इस मंदिर में हर साल 3 दिन का उत्सव मनाया जाता है. इस दौरान भक्तों को चिकन और मटन बिरयानी प्रसाद के रूप में दिया जाता है.

# पाकिस्तान में मिला 2300 साल पुराना बौद्ध मंदिर

उत्तर पश्चिमी पाकिस्तान में पुरातत्वविदों ने बौद्ध काल के एक मंदिर की खोज की है, जिसे 2300 साल पुराना बताया जा रहा है। इसके अलावा कुछ अन्य बेशकीमती कलाकृतियां भी खुदाई के दौरान मिली हैं। खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के स्वात जिले में मिले इस मंदिर को एक वरिष्ठ अधिकारी ने पाकिस्तान के तक्षशिला में मिले मंदिरों से भी पुराना बताया है। मंदिर की खुदाई के दौरान पाकिस्तानी और इटैलियन पुरातत्व विशेषज्ञों को मंदिर से जुड़ी कुछ अन्य सामान भी बरामद किया है। मंदिर के अलावा पुरातत्वविदों ने बौद्धकालीन 2,700 से अधिक अन्य कलाकृतियां भी बरामद की हैं, जिनमें सिक्के, अंगूठियां, बर्तन और यूनान के राजा मिनांदर के कान की खरोष्ठी भाषा में लिखी सामग्री भी शामिल हैं । इतालवी विशेषज्ञों ने भरोसा जताया है कि स्वात जिले के एतिहासिक बजीरा शहर में खुदाई के दौरान और भी स्थल मिल सकते हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले साल 2020 में पाकिस्तान के स्वात जिले में ही खुदाई के दौरान पुरातत्वविदों को विष्णु मंदिर के अवशेष भी मिले थे। यह मंदिर कम-से-कम 1,000 साल पुराना था। इस मंदिर की खोज भी पाकिस्तान और इटली के पुरातत्वविदों के संयुक्त दल ने ही की थी।





# इन नदियों में कभी ना करें जाने की कोशिश

**मानवीय इतिहास को कुरेदा जाए तो नदियां इंसानी सभ्यता का हिस्सा रही हैं। पानी के बिना जीवन की कल्पना करना नामुमकिन है। इसलिए हमें बचपन से ही सिखाया जाता है 'जल ही जीवन है'। पृथ्वी पर लाखों छोटी-बड़ी नदियां बहती हैं।**

भारत समेत कई देशों में नदियों को पूजा भी जाता है, क्योंकि ये जीवनदायनी हैं। लेकिन, बात पूरे विश्व की कि जाए तो कुछ ऐसी भी नदियां है, जो इंसानों के लिए यमराज से मुलाकात करने के समान है। आज हम आपको विश्व में बहने वाली ऐसी ही पांच नदियों के बारे में बताएंगे, जहां जाने की हिम्मत कोई नहीं कर सकता।

## अमेजन नदी

दक्षिण अमेरिका से निकलने वाली 'अमेजन नदी' दुनिया की सबसे बड़ी और लंबी नदी है, जिसकी लंबाई 6200 किलोमीटर से लेकर 7,000 किलोमीटर तक मानी जाती है। अमेजन नदी की घाटी दक्षिण अमेरिका के आठ देशों में फैली है। नदी के आस-पास 300 करोड़ की आबादी बस्ती है। ब्राजील, बोलीविया, पेरू, इक्वाडोर, कोलंबिया, वेनेज़ुएला, गुयाना, सूरीनाम और फ्रेंच गुयाना तक यह नदी बहती है। घने जंगलों के बीच बहने वाली इस नदी में कई तरह खतरनाक जीव पाए जाते हैं। इस नदी पर कई फिल्में भी बनाई जा चुकी हैं। नदी के आस-पास मौजूद जंगल को धरती के फेफड़े भी कहा जाता है।

## रेड रिवर

रेड रिवर देखने में जितनी खूबसूरत नजर आती है उतनी ही खतरनाक भी है। अमेरिका के दक्षिणी हिस्से में बहने वाली ये नदी रातों रात खतरनाक हो जाती है। उसका यही बदलाव स्थानीय लोगों के लिए परेशानी और हादसों का कारण बन जाता है। इसके अलावा नदी में खतरनाक भंवर है। जिसकी चपेट में आया इंसान या जानवर कभी नहीं बच पाता। नदी के अचानक बदलते नेचर के चलते ही इसको खतरनाक माना जाता है।

## शाने टिम्पिस्का

अमेजन नदी की सहायक नदी 'शाने टिम्पिस्का' नदी का पानी चाय या कॉफी से भी ज्यादा गर्म है। इस नदी का पानी दो सौ डिग्री सेल्सियस के तापमान पर खौलता है। वैज्ञानिकों को अभी तक इसके पीछे का कारण नहीं पता चला। पेरू से लगे हुए अमेजन जंगल में इस नदी को बॉयलिंग रिवर नाम दिया गया है। इसके अलावा इसको थर्मल रिवर, बॉयलिंग रिवर और मयानतुयाकू नाम भी दिए गए हैं।

## येलो रिवर

चीन की येलो रिवर दुनिया की खतरनाक नदियों में शामिल है। दरअसल, ये नदी अपने बहाव क्षेत्र में 24 बार बदलाव करती है। जो चीन में हर साल बाढ़ से होने तबाही की वजह बनती है। चीन के लोग इसे दुख की नदी भी कहते हैं। क्योंकि, रौद्र रूप धारण करने के बाद येलो रिवर अपने रस्ते में आने वाली हर चीज़ को तबाह करती आगे बढ़ती है। इसकी वजह से चीन में हर साल हज़ारों लोगों की जान चली जाती है।

## रिओ टिंटो रिवर

खून की तरह लाल ये नदी स्पेन में बहती है। रिओ टिंटो का रंग दुनिया में बहने वाली अन्य नदियों से बिल्कुल अलग है। सोने-चांदी और तांबे की खदानों के बीच से होकर बहने वाली इस नदी के पानी का कहीं भी इस्तेमाल नहीं किया जाता। लावे की तरह बहती इस नदी में कुछ ही जलीय सूक्ष्मजीव ही रहते हैं जो इसके तेजाबी पानी को सहन कर पाते हैं। यह स्पेन के सिएर्रा मोरेना पहाड़ श्रृंखला से निकलती है और अन्ध महासागर में जाकर गिर जाती है।




# दुनिया के अजीबों गरीब टैक्स
# मुस्कुराओ या कंफ्यूज हो जाओ

**इस दुनिया में आए हैं, तो टैक्स तो देना पड़ेगा. चाय, बिस्कुट या हो कोई महंगी चीज़ आप हर चीज़ के लिए टैक्स देते हैं. अगर सैलरी अधिक है तो उनको तो देना ही देना है.**

हम सब जानते हैं कि इनके लिए टैक्स देना पड़ता है. लेकिन कुछ-कुछ टैक्स का मतलब समझ पाना मानो असंभव सा लगता है. दुनिया में ऐसी बहुत सी जगहें है, जहां सरकार बेफ़िज़ूल की चीज़ों पर टैक्स लगा कर लोगों से पैसे ले रही है सरकारें. ख़ास बात ये है कि इन टैक्स के नाम पढ़कर शायद आप मुस्कुराओ या कंफ्यूज़ हो जाओ. चलिए इसी क्रम में दुनिया के कोने-कोने से अजीबों गरीब टैक्स की लिस्ट लेकर आए हैं जो अगर नहीं होते, टैक्स जैसी चीज़ मज़ेदार नहीं लगती. नज़र डालते हैं इन अजीबो गरीब टैक्स की लिस्ट पर

## टैटू टैक्स

क्या आपने कभी सुना है की टैटू बनवाने के लिए भी टैक्स देना ज़रूरी होता है? लोग टैटू अपने शरीर पर कुछ यादों को छपवाने के लिए बनवाते हैं. लेकिन इसके लिए भी उन्हें एक कीमत चुकानी पड़ती है. संयुक्त राज्य अमेरिका में स्थित अर्कांसस 2002 से विभिन्न टैटू स्टूडियो से सेल्स टैक्स लेता है.

## बैचलर टैक्स

क्या मतलब कोई अपनी मर्ज़ी से अकेले भी नहीं रह सकता है क्या? ये टैक्स संयुक्त राज्य अमेरिका के मिसौरी में लिया जाता है. यहां 21 साल से 50 साल के बैचलर पुरुषों से 1 डॉलर टैक्स लिया जाता है.

## कद्दू टैक्स

कद्दू सुनते ही दिमाग में हैलोवीन का त्योहार आ जाता है. जहां लोग खूब सजते और संवरते हैं. लेकिन क्या आप जानते हैं कि न्यू जर्सी (संयुक्त राज्य अमेरिका) में कद्दू एक कर-मुक्त खाना है, लेकिन अगर इसे पेंट, वार्निश या काटकर और सजावट के रूप में बेचा जाता है, तो इसपर सेल्स टैक्स लगता है.

## खिड़की टैक्स

इस टैक्स को प्रॉपर्टी टैक्स भी कहा जाता है. इस टैक्स को लगाने का एक ही उद्देश्य था. इस टैक्स में लोगों के घरों में कितनी खिड़कियां हैं, उसपर लगता था. ताकि अमीर और गरीब का पता लगाया जा सके. लेकिन बाद में इन देशों द्वारा इस तरह के करधन के ख़िलाफ़ बहुत से आंदोलन के कारण इसे ख़त्म कर दिया गया था.

## ब्लूबेरी टैक्स

ब्लूबेरी टैक्स फलों की अधिक कटाई को रोकने के लिए लगाया जाता है. जो बदले में वनस्पति को पनपने में मदद करता है. यूनाइटेड स्टेट्स के मेन में काफ़ी ज़्यादा है. इसीलिए मेन में, ब्लूबेरी के उत्पादन पर प्रति पाउंड डेढ़ पैसा टैक्स लगाया जाता है.

## प्लेइंग कार्ड टैक्स

एक कारण है कि अलबामा अपने कैसीनो के लिए क्यों नहीं जाना जाता है और इसका सबसे बड़ा कारण टैक्स है. अलबामा संघ का एकमात्र राज्य है जिसने राज्य के भीतर ख़रीदे गए कार्डों के डेक के लिए 10% प्लेइंग कार्ड टैक्स चार्ज करता है.

## टॉयलेट फ्लश टैक्स

पानी के ख़र्च पर नज़र रखने के लिए ये टैक्स मैरीलैंड में लगाया था. जहां 5 डॉलर प्रति माह का टैक्स लगता है. जो बाद में मैरीलैंड सीवेज ट्रीटमेंट सिस्टम में जाता है.

## कैंडी टैक्स

कोई टॉफ़ी और कैंडी पर कैसे टैक्स लगा सकता है? लेकिन Chicago में ऐसा होता है. कैंडी अगर मैदा या आटा से बनी हो, तो उसपर साधारण टैक्स लगता है. वहीं अगर कैंडी बिना मैदा के बनती है, तो उसपर 5.25% का टैक्स लगाया जाता है.

## फैट टैक्स

भारत के केरल राज्य में 14.5% का टैक्स लिया जाता है. ताकि लोग कम मात्रा में जंक खाना खाएं और अपने स्वास्थ्य के ऊपर ध्यान दें.

## एंटरटेनमेंट टैक्स

फैट टैक्स ही नहीं, बल्कि भारत में एंटरटेनमेंट टैक्स भी लिया जाता है. हां, एक स्पेशल तरह का टैक्स है, जो स्पोर्ट्स इवेंट, मूवीज़ और थिएटर शो पर लगता है जो हर एक राज्य में अलग-अलग होता है.

# विचार-मंथन

## संपादकीय

# कठघरे में परीक्षा और दांव पर विश्वसनीयता

इससे बड़ी विडंबना और क्या होगी कि देश भर में जिन कुछ परीक्षाओं को सबसे पुख्ता इंतजामों के बीच कराए जाने और उनकी गुणवत्ता के लिए जाना जाता रहा है, आज धांधली या फिर पहले ही प्रश्न-पत्रों के बाहर आ जाने की लगातार घटनाओं के बीच उनकी विश्वसनीयता को गहरी चोट पहुंच रही है। इन परीक्षाओं का आयोजन कराने वाली एजंसी की साख इस तरह गिर चुकी लगती है कि अब उसकी क्षमता पर सवाल उठने लगे हैं। सवाल है कि अगर यह स्थिति पिछले काफी समय से निरंतर बनी हुई है, तो इसके लिए किसकी जिम्मेदारी बनती है। गौरतलब है कि बुधवार को हुई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग-नेट परीक्षा में कई स्तर पर हुई गड़बड़ी के संकेत मिलने के बाद केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने उसे रद्द करने की घोषणा कर दी। दरअसल, परीक्षा के अगले ही दिन यूजीसी को गृह मंत्रालय के भारतीय साइबर अपराध कोआर्डिनेशन केंद्र से परीक्षा में गड़बड़ी होने के स्पष्ट संकेत मिले थे। अब मंत्रालय ने परीक्षा रद्द करने के साथ-साथ इसकी जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो यानी सीबीआइ को सौंप दी है। हाई लेवल समिति भी गठित कर दी गई और सख्त कानून के तहत अब 10 साल की जेल और एक करोड़ का जुर्माने का प्रावधान किया है। जाहिर है, अब समूचे मामले की जांच की प्रक्रिया चलेगी, लेकिन कितने दिनों में उसका नतीजा क्या आएगा, किसे कठघरे में खड़ा किया जाएगा, क्या कार्रवाई होगी, गड़बड़ी से बचाव के क्या इंतजाम किए जाएंगे, इसे लेकर कोई स्पष्टता शायद ही सामने आए! यूजीसी-नेट की परीक्षा में हुई गड़बड़ी इस तरह का कोई पहला मामला नहीं है। देश में अलग-अलग राज्यों में स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर चिकित्सा और इंजीनियरिंग पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं के दौरान गड़बड़ी या प्रश्न पत्रों के पहले ही बाहर आ जाने की घटनाएं पिछले कुछ समय से लगातार सुर्खियों में रही हैं। यह तब है, जब इन परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को परीक्षा केंद्र में प्रवेश के पहले बहुस्तरीय और बारीक जांच की प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है और किसी भी तरह की संदिग्ध वस्तु अंदर ले जाने की छूट नहीं होती। इसके बावजूद परीक्षा के प्रश्न पत्र कुछ आपराधिक तत्वों के हाथ लग जाते हैं और उनका संजाल ऊंची रकम लेकर इन्हें अभ्यर्थियों को बेचता है। जब एनटीए और संबंधित महकमों की ओर से हर स्तर पर चौकसी बरतने और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाने का दावा किया जाता है, तब इतनी गंभीर गड़बड़ी कैसे संभव हो पाती है? अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि हाल ही में जब नीट की परीक्षा में धांधली की खबर सामने आई, तब केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने पहले उससे इनकार कर दिया था। मगर बाद में जब इस मामले में कुछ माफिया की गिरफ्तारी हुई, तब जाकर यह कहा गया कि कुछ गड़बड़ी हुई है। सवाल है कि धांधली की खबरें आने के बाद उस पर उचित कार्रवाई सुनिश्चित कराने के बजाय उसे नजरअंदाज करने, पर्दा डालने या फिर उस पर राजनीति की कोशिशों को कैसे देखा जाएगा! जिन परीक्षाओं में लाखों विद्यार्थी एक उम्मीद लेकर तैयारी करते हैं, उनके प्रश्न पत्रों को बाहर निकाल कर लाखों विद्यार्थियों के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले माफिया या आपराधिक तत्वों की पहुंच कैसे परीक्षाओं के आयोजन से जुड़े उस तंत्र तक हो जाती है, जो पूरी पारदर्शिता और सख्ती के साथ परीक्षा आयोजित कराने का दावा करता है? बीते कुछ समय से जिस तरह लगातार इन परीक्षाओं में धांधली की घटनाएं सामने आ रही हैं, उसमें इनकी विश्वसनीयता को लेकर कैसी राय बनेगी और इसके लिए किसकी जवाबदेही तय की जाएगी।

# बाहरी बनाम उड़िया की जंग में खेत रहे नवीन

(उमेश चतुर्वेदी)

*बड़े से बड़े राजनीतिक पर्यवेक्षक यही मान रहे थे कि बहुत होगा तो लोकसभा में बीजेपी की सीटें बढ़ जाएगी। विधानसभा में भी बीजेपी की ताकत बढ़ेगी, लेकिन राज्य की सत्ता नवीन बाबू के ही हाथ रहेगी। लेकिन स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे के साथ ही बीजू जनता दल के नेताओं के पलायन से उड़ीसा में संदेश गया कि अगर नवीन बाबू को जीत मिलती भी है तो उनके हाथ सत्ता नहीं रहेगी। उन पर शासन करने वाला उनका अपना नहीं, तमिलनाडु का नेता होगा। बीजेपी ने चुनाव अभियान में इसे बार-बार उछाला।*

इतिहास हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे। साल 2000..संसद का बजट सत्र चल रहा था..मार्च के पहले हफ्ते का कोई दिन था..लोकसभा में मंत्रियों वाली सीट की ओर एक सांसद धीरे-धीरे बढ़ रहा था..उस शख्स को देख लोकसभा की प्रेस गैलरी में हलचल मच गई..इस हलचल पर नीचे बैठे कुछ सांसदों की निगाह पड़ी..उनकी भी निगाह उसी ओर चली गई, जिधर रिपोर्टर देख रहे थे..इस बीच तत्कालीन सत्ताधारी गठबंधन के सांसदों की हथेलियां मेजों को थपथपाने लगीं..देखते ही देखते इस हथेली कोरस में समूचे सदन की हथेलियां जुड़ गईं..क्या सत्ता पक्ष, क्या विपक्ष, हर सांसद की थपेली जैसे एक लय में मेजों को थपथपाने लगीं थी..इस कोरस में शामिल नहीं था, तो संसद के कर्मचारी और अधिकारी, जिन्हें नियम-कानून इसकी अनुमति नहीं देते..सांसदों के इस अभूतपूर्व स्वागत से उस शख्सियत का अभिभूत होना स्वाभाविक था..इस औचक घटना के बाद वह व्यक्ति विनम्रता से और भर उठा.। वह शख्सियत थे वाजपेयी सरकार के इस्पात मंत्री नवीन पटनायक...फरवरी 2000 में हुए उड़ीसा विधानसभा चुनाव में उनकी अगुआई में बीजू जनता दल ने 117 सदस्यीय विधानसभा में 68 सीटें जीत कर कांग्रेस के गढ़ को ध्वस्त कर दिया..अपने अस्तित्व के बाद बीजू जनता दल का वह पहला विधानसभा चुनाव था, जिसमें उसकी सहयोगी भारतीय जनता पार्टी थी, जिसने 38 सीटें जीती थीं..तब उड़ीसा में नया इतिहास रचा गया। राज्य के कद्दावर नेता रहे बीजू पटनायक के इकलौते इंजीनियर बेटे के तूफान में बंगाल की खाड़ी के किनारे की धरती से कांग्रेस उड़ गई। तब नया इतिहास रचा गया था। उस जीत के नायक का लोकसभा में सम्मान के लिए अगर उस कांग्रेस के सांसदों को भी मजबूर होना पड़ा था, उसकी वजह सिर्फ जीत नहीं, बल्कि उस शख्स की सादगी और विनम्रता रही। यह विनम्रता विगत 13 जून को भी भुवनेश्वर में नए मुख्यमंत्री के शपथ ग्रहण समारोह में भी दिखी, जब भूतपूर्व शासक के रूप में नवीन पटनायक शपथ मंच पर पहुंचे। इसे संयोग कहें या कुछ और कि जिस बीजेपी की बैसाखी के सहारे नवीन पटनायक ने उड़ीसा में नया इतिहास रचा, उसी बीजेपी ने ठीक 24 साल बाद नवीन पटनायक को भूतपूर्व बना दिया। अठारहवीं लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश और महाराष्ट्र में मिले सदमे से जब बीजेपी जूझ रही थी, उसी वक्त उड़ीसा ने पार्टी को सांत्वना देने का काम किया। राज्य की 21 लोकसभा सीटों में बीस पर एकतरफा जीत हासिल करके राज्य को एक तरह से कांग्रेस मुक्त बना दिया। विपक्ष को मिली इकलौती सीट नवीन पटनायक को मिली। इतिहास हमेशा विजेता का ही है। इस लिहाज से देखें तो आज के उड़ीसा का इतिहास बीजेपी का है। लेकिन सवाल यह है कि नवीन पटनायक ने गलती कहां की? नवीन पटनायक ने विवाह नहीं किया है। उनके पिता बीजू पटनायक पहले कांग्रेस में थे, बाद के दौर में वे जनता परिवार की अहम हस्ती रहे। जनता दल के नेता के रूप में राज्य के मुख्यमंत्री बने। जब तक बीजू पटनायक जिंदा रहे, तब तक नवीन अमेरिका में इंजीनियर की नौकरी करते रहे। लेकिन उनके निधन के बाद नवीन ने नई पार्टी बनाई और बीजू पटनायक की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाया। 2000 के चुनावों में जिस बीजेपी के साथ वे सत्ता की सीढ़ी नापने में कामयाब रहे, उस बीजेपी से उन्होंने बाद के दिनों में अपना रिश्ता तोड़ लिया और देखते ही देखते उड़ीसा के सबसे लोकप्रिय शख्सियत बन गए। यह लोकप्रियता बाद के हर चुनाव में दिखी, चाहे वह विधानसभा का हो या लोकसभा का या फिर पंचायती चुनाव। लेकिन अपने आखिरी कार्यकाल में उन्होंने गलतियां शुरू की। तमिलनाडु मूल के आईएएस अधिकारी वीके पांडियन उनके करीबी बनकर उभरे। विधानसभा चुनावों के ठीक पहले पांडियन ने इस्तीफा दे दिया और बीजू जनता दल में नवीन के अघोषित उत्तराधिकारी के रूप में उभरते चले गए। उन्होंने चुनाव अभियान में खूब मेहनत की। उड़ीसा में यहां तक माना जाने लगा था कि आने वाले दिनों में अगर बीजू जनता दल को जीत मिलती है तो नवीन सिर्फ नाम मात्र के मुख्यमंत्री होंगे और पांडियन असली मुख्यमंत्री होंगे। जिस उड़ीसा के लोग पूरे देश में रोजगार और पढ़ाई के लिए फैले हुए हैं, जहां के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की तूती अमेरिका के सिलिकॉन वैली तक में बोलती है, उसी उड़ीसा के लोगों का अपना स्वाभिमान जाग उठा। उन्हें नवीन पटनायक तो पसंद रहे, लेकिन उनके उत्तराधिकारी के रूप में वी के पांडियन पसंद नहीं रहे। उड़िया बनाम बाहरी का नारा लगा और भारतीय जनता पार्टी ने इसे जन नारा बना दिया। इसका असर यह हुआ कि बीजेपी ने उस नवीन पटनायक को किनारे लगा दिया, जिन्होंने कभी उसका हाथ झटककर उसे किनारे लगा दिया था। वी के पांडियन की पत्नी भी उड़ीसा में आईएएस अफसर हैं। सुजाता कार्तिकेयन और पांडियन की जोड़ी पिछले पांच साल में सबसे ज्यादा प्रभावी हुई। उड़ीसा ऐसा राज्य है, जहां कम पढ़े लिखे, और कई बार अनपढ़ आदिवासी आबादी के साथ ही सवर्ण और पढ़े-लिखे प्रभावी लोगों का बेहतर अनुपात है। आदिवासी समुदाय में चर्चों का प्रभाव है। चर्च के प्रभाव को रोकने के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और विश्व हिंदू परिषद यहां गहरे तक सक्रिय है। संघ विचार परिवार के मजबूत सांगठनिक पहुंच और पकड़ के चलते देखते ही देखते बीजेपी ने भी गांव-गांव तक अपनी पैठ बना ली। नवीन पटनायक की चूंकि उम्र बढ़ रही है और वे शादीशुदा नहीं है। लिहाजा मौजूदा चलन के मुताबिक, उनकी विरासत को बढ़ाने के लिए उनके परिवार में कोई रहा नहीं। बीजू जनता दल का संगठन भारतीय जनता पार्टी की तरह नहीं रहा, लिहाजा वहां दूसरी पंक्ति का नेतृत्व उभर नहीं पाया। पांडियन और उनकी बढ़ती दखलंदाजी और प्रभाव के चलते बीजू जनता दल के कद्दावर नेता अलग होते चले गए। उनमें से ज्यादातर ने भारतीय जनता पार्टी का दामन थाम लिया। इस बीच बीजेपी ने आदिवासी समुदाय में अपनी पैठ बनाई। आदिवासी समुदाय की द्रौपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च पद पर विराजमान कराया। चुनाव जैसे-जैसे नजदीक आता गया, बीजेपी ने स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे को खूब उछाला।

# आधी रात तक जागते बच्चे और उनका ब्लड प्रेशर

(क्षमा शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार)

कल एक खबर पढ़ते हुए कई साल पहले की घटना दिमाग में कौंध गई। बुखार के कारण मैं एक डॉक्टर के पास पहुंची थी। सामने एक छह-सात साल की बच्ची बैठी थी। उसकी नकसीर बह रही थी। मां बार-बार रूमाल से पोंछ रही थी। बच्ची डॉक्टर के सामने गई, तो कुछ देर वह सोचते रहे। फिर मां से पूछा, तो पता चला कि कल से रह-रहकर ऐसा हो रहा है। डॉक्टर ने बच्ची का 'ब्लड प्रेशर' मापा। ऊपर का बीपी ढाई सौ से ऊपर और नीचे का एक सौ दस था। डॉक्टर हतप्रभ थे। देखने वालों के लिए भी यह आश्चर्य की बात थी कि इतनी छोटी बच्ची को ब्लड प्रेशर, जबकि इसे तो उम्रदराज लोगों का रोग माना जाता है। न जाने उस बच्ची का क्या हुआ होगा! मगर जिस खबर का ऊपर जिक्र किया, वह भी बच्चों में बढ़ते ब्लड प्रेशर से संबंधित थी। कई अध्ययनों और शोध के मुताबिक, भारत में स्कूल जाने वाले बच्चों में से सात प्रतिशत बच्चे 'हाई ब्लड प्रेशर' यानी उच्च रक्तचाप से पीड़ित हैं। दुनिया भर में बच्चों और किशोरों में बीपी बढ़ रहा है। बच्चों में मोटापा भी इसका एक बड़ा कारण है। अब तक माना जाता था कि योग, कसरत और खान-पान का ध्यान रखकर इसे कंट्रोल में रखा जा सकता है। मगर बच्चों के स्वास्थ्य से संबंधित पत्रिका में छपे एक लेख में बताया गया है कि उनमें उच्च रक्तचाप को रोकने के लिए जरूरी है कि वे पूरी नींद लें। जिन बच्चों को बीपी की समस्या है, उनकी काउंसलिंग के वक्त उन्हें सही समय पर सोने की हिदायतें दी जानी चाहिए। डॉक्टर उनके अभिभावकों को भी जागरूक करें। उच्च रक्तचाप से ग्रसित 539 बच्चों और किशोरों पर किए गए अध्ययन के निष्कर्ष इस पत्रिका में छपे गए हैं। डॉक्टरों ने अपने अध्ययन में यह पाया है कि जो बच्चे ज्यादा देर तक गहरी नींद लेते हैं, उनका रक्तचाप संतुलित रहता है। इसलिए ज्यादा नींद और जल्दी सोना जरूरी है। मगर दिक्कत यह है कि आजकल बच्चे भी आधी रात तक जागते रहते हैं। उनका बहुत सारा समय मोबाइल पर बीतता है। ऐसी कई रिपोर्ट आ ही चुकी हैं कि काफी बच्चों को मोबाइल की ऐसी लत लग चुकी है कि वे न बाहर खेलते-कूदते हैं और न ही किसी शारीरिक काम में दिलचस्पी लेते हैं। यहां तक कि वे दोस्तों से भी नहीं मिलते। स्क्रीन देखते हुए वे कुछ न कुछ खाते रहते हैं। खाने-पीने की इन चीजों में भी जंक फूड अधिक होता है, जिससे उनका मोटापा भी बढ़ता है। इससे न केवल ब्लड प्रेशर, बल्कि डायबिटीज और जोड़ों की समस्याएं भी बढ़ती हैं। दुनिया भर में बच्चों में मोटापा एक महामारी का रूप लेता जा रहा है। इस पर नियंत्रण के लिए अक्सर बताया जाता है कि बच्चों को स्क्रीन से ज्यादा से ज्यादा दूर रखें। उन्हें मोबाइल थोड़े समय के लिए दें, मगर ऐसा हो नहीं पाता। बहुत से माता-पिता कहते हैं कि अगर हम बच्चों को मोबाइल देना बंद करते हैं, तो वे अपने दोस्तों के मुकाबले खुद को हीन समझते हैं। दोस्त उनका मजाक भी उड़ाते हैं। बच्चों के बीच एक से एक नए ब्रांड का मोबाइल उनकी हैसियत का प्रतीक बन गया है। दूसरी तरफ, डॉक्टरों का कहना है कि ज्यादा स्क्रीन टाइम का मतलब है, देर से सोना। इसके अलावा बहुत से मामलों में नींद ही न आना। विशेषज्ञों के अनुसार, अच्छी नींद का हमारे हृदय के स्वास्थ्य से भी संबंध है। दिमागी स्वास्थ्य के लिए भी गहरी और लंबी नींद जरूरी है। छह से बारह साल के बच्चों को कम से कम बारह घंटे सोना चाहिए। यही नहीं, सोने से कम से कम आधा घंटे पहले टीवी, मोबाइल कुछ नहीं देखना चाहिए। ये तो ऐसी हिदायतें हैं, जो हर उम्र के व्यक्ति के लिए जरूरी हैं। मगर बच्चों की सेहत के लिए ये अनिवार्य हैं। छोटी उम्र में उच्च रक्तचाप जैसी स्वास्थ्य समस्या का मतलब है, पूरी जिंदगी उसे भुगतना। भारत में यदि सात प्रतिशत बच्चे इसके शिकार हैं, तो सोचिए कि उनकी संख्या कितनी बड़ी है और ये प्रतिशत भी सिर्फ उन बच्चों का है।

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5412

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | 6 | | 4 | | | 3 | |
| | 5 | 7 | 8 | 2 | | | | |
| 1 | | | 9 | | | 5 | | |
| | | 9 | | 1 | | | | 8 |
| 5 | | | | | | | | 2 |
| 4 | | | | 9 | | 6 | | |
| | | 4 | | | 3 | | | 1 |
| | | | | 7 | 9 | 2 | 6 | |
| | 2 | | | 5 | | 9 | 8 | |

नियम : प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

### सुडोकू पहेली क्र. 5411

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 3 | 5 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 1 |
| 1 | 8 | 9 | 5 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 4 | 6 | 8 | 9 | 1 | 2 | 5 | 3 |
| 4 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 | 3 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 8 | 1 | 2 | 5 | 7 | 9 | 4 |
| 9 | 7 | 2 | 3 | 6 | 4 | 5 | 1 | 8 |
| 6 | 9 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 1 | 3 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 7 |
| 5 | 2 | 4 | 7 | 8 | 6 | 1 | 3 | 9 |

## आज का राशिफल

### मेष
आज का दिन आपके लिये काफी अच्छा रहेगा। जॉब में उन्नति होगी। वैवाहिक जीवन सुख से भरपूर होगा। आपकी वाणी से लोग प्रभावित रहेंगे। शेयर मार्केट के माध्यम से आप धन लाभ ले सकते हैं। परिवार का माहौल काफी अच्छा रहेगा।

### वृष
आपकी सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यावसायिक मामलों में आपको उत्तम सफलता मिल सकती है। उच्चाधिकारी आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। कानूनी मामलों का निराकरण होने के योग बन रहे हैं। आज आप उधार वापस लौटा पाने की स्थिति में रहेंगे।

### कर्क
आपको मित्रों से अपेक्षित सहयोग प्राप्त होगा। उच्च शिक्षा के लिये विदेशी शिक्षण संस्थानों में प्रवेश ले सकते हैं। प्रतिद्वन्दी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। आज आपको किसी को धन उधार नहीं देना चाहिये। सन्तान की गतिविधियों पर नजर रखें। गूढ़ विषयों के अध्ययन में रुचि लेंगे।

### सिंह
परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम हो सकता है। कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ेगा। आपके ऊपर अच्छे प्रदर्शन का दबाव हो सकता है। धैर्यवान होकर कार्य करें। माता की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में धन की कमी को लेकर समस्या हो सकती है।

### मिथुन
कानूनी मामलों में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। आपकी कार्यशैली में व्यापक बदलाव देखने को मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मैनेजमेन्ट से जुड़ी परेशानियों का निवारण होगा। नयी सम्पत्ति में निवेश कर सकते हैं। आपके प्रति सम्मान भाव बढ़ेगा।

### कन्या
आज आपको प्रतिज्ञा अथवा वचन देने से बचना चाहिये। प्रेमी जन के साथ रिश्ते प्रभावित हो सकते हैं। व्यवसाय में अनुबन्ध को लेकर सावधानी रखें। पुराना रोग वापस लौट कर आ सकता है। शुगर के रोगियों को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिये। अपरिचित लोगों पर ज्यादा विश्वास न करें।

### तुला
अधिकारियों के साथ बहसबाजी से दूर रहें। कुछ लोग आपके स्वाभिमान को चोट पहुँचाने का प्रयास कर सकते हैं। यात्रा के दौरान आपको असुविधाओं का सामना करना पड़ेगा। सरकारी कार्यों को लेकर ज्यादा आशावादी न रहें। धर्म-कर्म के प्रति आपका रुझान बढ़ेगा। परिवार के किसी सदस्य के विवाह को लेकर चर्चा हो सकती है।

### वृश्चिक
आज का दिन आपके लिये विशेष शुभ रहेगा। परिस्थितियाँ आपके लिये अनुकूल रहेंगी। नयी जॉब के ऑफर मिलने के योग बन रहे हैं। आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। रुका हुआ धन प्राप्त हो सकता है। गुप्त शत्रुओं को लेकर सावधान रहें।

### मकर
कानूनी मामलों में सफलता मिलने की सम्भावना है। जॉब में प्रमोशन मिलने के योग बन रहे हैं। उच्च अधिकारी आपके काम की प्रशन्सा करेंगे। ऐश्वर्य के साधनों पर धन खर्च होगा। पेट में गैस की शिकायत हो सकती है। खानपान में शुद्धता का ध्यान रखें।

### कुंभ
जीवनसाथी के साथ आप काफी अच्छा समय बितायेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलने के योग बन रहे हैं। अपनी उन्नति से आप काफी सन्तुष्ट रहेंगे। सन्तान आपके प्रति आज्ञाकारी रहेगी। अध्यापन क्षेत्र से जुड़े लोगों को सम्मान मिलेगा।

### धनु
सामाजिक कार्यक्रमों में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। अधिकारी वर्ग के लोगों से साथ सम्बन्ध मधुर होंगे। कई दिनों से रुके हुये कार्यों में आपको सफलता मिल सकती है। मूल्यवान वस्तुओं को सम्भालकर रखें। घर के बुजुर्ग सदस्यों के साथ आपकी चर्चा होगी।

### मीन
आपको कुछ लोग धोखा देने की कोशिश कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर एकतरफा विश्वास किसी पर न करें। सरकारी नियमों का कड़ाई पूर्वक पालन करें। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों का मन पढ़ाई से भटक सकता है। आज आपको भावुकता के बजाय व्यवहारिक होकर समझदारी पूर्वक परिस्थितियों को सम्भालना होगा।

## वर्ग पहेली 5412

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| 6 | | | ■ | | ■ | | ■ |
| | ■ | ■ | 7 | ■ | 8 | | 9 |
| 10 | 11 | 12 | ■ | 13 | ■ | 14 | |
| 15 | | | 16 | | ■ | 17 | |
| ■ | | ■ | 18 | | 19 | ■ | ■ |
| 20 | | ■ | | ■ | 21 | 22 | 23 |
| 24 | | | | ■ | 25 | | |

**संकेतः बाएं से दाएं**
1. भारत के राज्य का प्रथम राज्यपाल होने का गौरव इस महिला को प्राप्त है (7)
6. पहाड़ी ने नीचे की घाटी का मैदान (3)
7. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू)(1)
8. यह नेपाल और बिहार में बहने वाली नदी है जिसे नेपाल में सालिग्रामी कहते है (3)
10. दुर्घटना, अनेहानी, विपदा (3)
14. अवनमित, वक्र टेड़ा (2)
15. जिसके दिल में रहम या करूणा का भाव हो, कृपालु, दयालु (5)
17. शब्दब्रह्म, अर्ध महाकल्प (2)
18. उमंग, मौज, तरंग (3)
20. यह वाराणसी का पुराना नाम है (2)
21. पूर्व और उत्तर के मध्य का कोना (3)
24. जल में विचरण करने वाली प्राणी (4)
25. बलमा, प्रेमी, साजन, 1951 की देवानंद और सुरैया अभिनीत एक फिल्म (3)

**ऊपर से नीचे**
1. चिर नवीन, चिरयुवा (5)
2. देह के बाल, रोआं (2)
3. जिस का बहुवचन, एक विलायती मदिरा (2)
4. अम की पहाड़ी जंगलों में रहने वाली एक जाति, अनुपस्थिति, गैर हाजिरी (2)
5. यह टूर्नामेंट एशिया का सबसे पुराना फुटबॉल टूर्नामेंट ओर दुनिया का तीसरा सबसे पुराना टूर्नामेंट है (5)
9. काजल शब्द का अपभ्रंश (3)
11. ज्वलनशील, जलने वाला (5)
12. गाए जाने वाले वेदमंत्र (2)
13. समझौता, संधि, मुआहिदा (3)
16. प्रेमपात्र, माशूक, दिल उड़ा ले जाने वाला (उर्दू)(4)
19. धनवान, धनाढ्य (3)
20. कारण, मंगलोत्सव, बटन का घर (2)
22. तड़क-भड़क, ठाट-बाट, वैभव (2)
23. हल्का गीला, आर्द्र, नमस्कार, त्याग (2)

### वर्ग पहेली 5411 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | ऊ | दी | अ | र | ब | ■ | म |
| ग | ब | न | ■ | क | या | म | त |
| र | ■ | ए | त | बा | र | ■ | ल |
| ■ | ■ | इ | न | ■ | ■ | बॉ | बी |
| ■ | गु | ला | ब | ■ | र | बी | ■ |
| ■ | श | ही | द | ■ | ■ | दे | र |
| व | ■ | ■ | न | बी | ■ | ओ | स |
| ह | वा | ना | ■ | ■ | ज | ल | द |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# सीएम चंपाई सोरेन के आदेश के बाद जिले में म्यूटेशन के मामलों के निबटारे में आई तेजी



**रांची/खूंटी।** राज्य के मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने म्यूटेशन से संबंधित मामले को गंभीरतापूर्वक लिया हैं। राज्य के सभी अंचल कार्यालय के सीओ को निर्देश दिए हैं कि म्युटेशन से संबंधित केस को ससमय निष्पादन करें। इसके लिए जिले के वरीय अधिकारियों की कमेटी लंबित मामलों की जांच करेगी। जिस अंचल में लंबित अधिक रहेंगे, उसके कारण की जांच करेगी। साथ ही आवेदन खारिज होने के कारणों की भी जांच की जाएगी। अंचलाधिकारियों को आवेदन खारिज होने के कारणों का उल्लेख करना जरूरी होगा। अंचलाधिकारियों को आवेदन खारिज होने के कारणों का उल्लेख करना जरूरी होगा।

खूंटी जिले में म्यूटेशन के 974 मामले अब भी लंबित हैं। जिले में म्यूटेशन से संबंधित जिलास्तरीय बैठक दो बार आयोजित की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि जून महीने में जिले के सभी अंचल कार्यालयों के कुल 305 म्यूटेयशन किए गए। जिसमें खूंटी सदर अंचल में 436, कर्रा में 359, तोरपा में 73, मुरहू में 73, अड़की में 28 और रनिया 05 आवेदन लंबित हैं।

खूंटी जिला के अपर समाहर्त्ता परमेश्वर मुंडा ने म्यूटेशन प्रक्रिया से संबंधित जानकारी देते हुए बताया कि वर्त्तमान में निबंधन कार्यालय में जमीन के रजिस्ट्री होते ही संबंधित अंचल के लॉगिन में ऑटोमेटिक चला जाता हैं। पुराना मामला हो तो अलग से प्रज्ञा केंद्र या अन्य माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किया जाता हैं। आवेदन लॉगिन में आने के बाद अंचल कार्यालय में म्यूटेशन की प्रक्रिया शुरू हो जाता हैं। सिस्टम के मुताबिक दोनों पक्ष को सर्वप्रथम नोटिस जारी किया जाता हैं। इस दौरान बिक्रेता के नाम, पता, जमीन के पंजी-2, खाता, खतियान, वंशावली आदि की जांच अंचल के राजस्व उप निरीक्षण (कर्मचारी), अंचल निरीक्षण (सीआई) द्वारा किया जाता हैं और दखल कब्जा मुख्य बिंदू होता है। जांच रिर्पोट सही आने पर एवं किसी प्रकार का विवाद या आपत्ति नहीं रहने पर 30 दिनों के अंदर अंचलाधिकारी द्वारा स्वीकृति दे दी जाती हैं।

खूंटी सदर के अंचलाधिकारी जया शंखी मुरमू ने बताया कि खूंटी सदर में चुनाव के दौरान म्यूटेशन प्रक्रिया धीमी पड़ गई थी। इस कारण आवेदन पेंडिंग है। उन्होंने कहा कि अब म्यूटेशन की प्रक्रिया चल रहीं हैं। उन्होंने बताया कि खूंटी सदर अंचल में सोमवार को कुल सात म्यूटेशन किए गए। उन्होंने कहा कि म्यूटेशन से संबंधित आवेदन लोगिन में आने के 15 दिन बाद म्यूटेशन प्रक्रिया शुरू कर दी जाती हैं। इसके लिए दोनों पक्षों को नोटिस जारी करते हैं। किसी प्रकार की आपत्ति रहने पर दोनों पक्षों को दो तारिखों में बुलवाकर सुनवाई की जाती है। वहीं आपत्ति नहीं रहने पर 30 दिनों के अंदर स्वीकृति दे दी जाती हैं।

खूंटी सदर अंचल में अपराह्न एक बजे के बाद अंचलाधिकारी पहुंचीं, जबकि सुबह से ही म्यूटेशन समेत अन्य कार्यों को लेकर ग्रामीण अंचल कार्यालय पहुंचे हुए थे। मुरहू अंचल कार्यालय में म्यूटेशन के लिए सोमवार को कोई भी आवेदक नहीं पहुंचे थे।

तोरपा अंचल कार्यालय में वर्ष 24-25 में म्यूटेशन के करीब 75 मामले लंबित हैं। अन्य अंचल की अपेक्षा यहां दाखिल खारिज का कम मामला लंबित हैं। सोमवार को कई लोग म्यूटेशन को लेकर अंचल कार्यालय पहुंचे थे। सीओ के अवकाश पर रहने के कारण उन्हें वापस लौटना पड़ा।

## सहकारिता से ही समग्र विकास संभव : दीनानाथ ठाकुर



**देवघर।** वायरो इन गार्डेन देवघर में सहकार भारती का दो दिवसीय प्रांतीय अधिवेशन संपन्न हुआ। मौके पर पूर्व केंद्रीय रजिस्ट्रार एवं सहकार भारती के वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनानाथ ठाकुर ने बताया की कैसे सहकारिता के माध्यम से यथा पैक्स, लैंप्स , सहयोग समिति को सशक्त कर उसके माध्यम से कई तरह के रोजगारों उन्मुख काम समाज की भलाई एवं प्रगति के लिए किए जा सकते हैं। कहा कि आज सहकारिता के माध्यम से कुछ भी उद्यम के काम किए जा सकते हैं। पैक्स के माध्यम से पेट्रोल पंप फार्मास्यूटिकल आदि नवाचार का काम भी किया जा सकता है। यह दर्शाता है की सहकारिता मील का पत्थर साबित हो रहा है। आज जहां विश्व उपभोक्तावादी संस्कृति की ओर बढ़ रहा है, ऐसे में सहकार भारती इतनी सकारात्मक के साथ सहकारी समितियां को आगे बढ़ाने में आंदोलन स्वरूप भरपूर सहयोग देने के लिए संकल्पित होकर मिशन में लगी हुई है। सहकार भारती अपने प्रयासों से समाज के आखिरी व्यक्ति तक सहकारिता के माध्यम से कैसे उनका लाभ दिया जा सके इसके लिए कृत संकल्पित है। राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पंचपोर ने कहा कि दिल्ली मुंबई और विविध राज्यों में अपने स्तर से बात करके श्रमिकों के लिए कल्याणकारी रोजगार का भरसक प्रयास करूंगा।

अधिवेशन में झारखंड सरकार के सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख की भी उपस्थिति हुई। उन्होंने ऐसे कार्यों में अपनी पूर्ण सहयोग का भरोसा दिलाया। चतुर्थ प्रांतीयअधिवेशन में नई कार्यकारणी के गठन के लिए निर्वाचन पदाधिकारी पूर्व क्षेत्र संगठन प्रमुख विवेकानंद पात्रा द्वारा लोकतांत्रिक तरीके से निर्वाचन कार्य संपन्न कराया गया। जिसमे सर्वसम्मति से प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र पाठक और महामंत्री धनंजय कुमार सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए तथा प्रदेश संगठन प्रमुख के लिए भारत भूषण को राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मनोनित किया। निर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष द्वारा नई कार्यकारिणी की घोषणा की गई। जिसके उपाध्यक्ष के लिए चुन्नुकांत एवं अर्चना ,प्रांत मंत्री के लिए रीतेश रंजन झा ,राकेश चौधरी एवं रीता समद । प्रदेश कार्यकारणी के लिए विमल कुमार, शिवशंकर मंडल , अनिमा पांडे , उमेश चौरसिया, अजीत सिंह, सुबोध कुमार, विजय कुमार, सुजीत कुमार के नाम की घोषणा की गई।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष दीनानाथ ठाकुर , राष्ट्रीय संगठन मंत्री संजय पांचपोर ने नई प्रदेश समिति को शुभकामनाए दी और उत्साह एवं ऊर्जा के साथ काम को गति देने की सलाह दी। इस दौरान राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग की सदस्य आशा लकड़ा ने भी अपने अनुभवों को साझा किया। कार्यक्रम में सहकार भारती की राष्ट्रीय महिला प्रमुख रेवती शेनदुर्निकरभी, बिहार के प्रदेश महामंत्री अंकेश भी उपस्थित थे। अधिवेशन में ,झारखंड स्टेट कोऑपरेटिव बैंक की चेयरमैन विभा सिंह द्वारा एक प्रस्तुति दी गई एवं 100 लाभार्थियों को एक अति आधुनिक माइक्रो पॉश मशीन वितरित की गई।

## संक्षिप्त समाचार

### मेघाहातुबुरु खदान में वाहन दुर्घटना में घाटशिला के एक दर्जन मजदूर घायल



**चाईबासा/गुवा।** सेल की मेघाहातुबुरु लौह अयस्क खदान में हुई कैम्फर वाहन दुर्घटना में लगभग एक दर्जन मजदूर घायल हो गये। सभी घायलों को सेल के एम्बुलेंस व अन्य वाहनों से इलाज के लिए सेल अस्पताल किरीबुरु लाया गया। यह दुर्घटना सोमवार की रात लगभग 8.15 बजे घटी है। घटना के बाबत घायल मजदूरों ने बताया कि वे पुनिया नामक कंपनी के अधीन मेघाहातुबुरु स्क्रिनिंग प्लांट में काम कर रहे थे। काम खत्म करने के बाद रात में लगभग 30 मजदूर एक ही वाहन पर सवार होकर मेघाहातुबुरु लौट रहे थे। इसी दौरान खदान के अंदर सुरक्षा माता वाले चढ़ाई पर वाहन चढ़ नहीं पा रहा था और चालक की लापरवाही से वाहन पीछे होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में गंभीर रुप से घायल मजदूरों में संको सोरेन, कारु सोरेन, रामदास हेम्ब्रम, दासो बेसरि, सुरु हंसदा, लखन हंसदा, मसंग हेम्ब्रम, बस्ता मुर्मू, दीकीराम टुडू, धानो मुर्मू आदि शामिल हैं। ये सभी मजदूर घाटशिला क्षेत्र के विभिन्न गांवों के हैं। इन घायलों में संको सोरेन, कारु सोरेन, रामदास हेम्ब्रम, दासो बेसरा को गंभीर चोटें आयी है। घायलों का इलाज जारी है तथा सीआईएसएफ व सेल के अधिकारी घायलों को मदद में लगे हुए हैं।

### डीएवी गोविंदपुर ने बैडमिंटन प्रतियोगिता पर कब्जा जमाया

**रांची/कर्रा।** टीसीआई डीएवी पब्लिक स्कूल गोविंदपुर ने रविवार को अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक दिवस के अवसर पर खूंटी हेल्थ क्लब में आयोजित जिला स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में बालिका वर्ग में प्रगति राय ने प्रथम एवं द्वितीय स्थान शैल्वी राज बड़ाइक एवं बालक वर्ग में आयुष कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। ज्ञात हो कि ओलंपिक दिवस के अवसर पर विभिन्न खेलों का आयोजन कराया गया था। इस अवसर पर हॉकी ओलंपिक खिलाड़ी निक्की प्रधान ने विजेता छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया। साथ ही बच्चों का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि जिला अब खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। गांव देहात के लोग आज खेल को प्रधानता देते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में आप लोग राष्ट्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर का खिलाड़ी बनकर जिला और देश का नाम रोशन करें ऐसी हमारी उम्मीद है। वहीं दूसरी ओर विजेता छात्र-छात्राओं को विद्यालय के प्रधानाध्यापक विवेकानंद घोष, खेल शिक्षक नागेंद्र कुमार महतो सभी शिक्षक शिक्षिका उज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दिए।

### जूनियर बालक बालिका हॉकी लीग चैंपियनशिप का शुभारंभ

**रांची/खूंटी।** हॉकी खूंटी व सिनी संस्था के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित जूनियर बालक बालिका हॉकी लीग चैंपियनशिप का शुभारंभ सोमवार को किया गया। यह प्रतियोगिता 27 जून तक चलेगी। इस दौरान प्रतियोगिता का उदघाटन पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी सुशील तोपनो एवं हॉकी खूंटी के पदाधिकारियों द्वारा की गई। सोमवार को कुल 8 मैच खेले गए। बालक वर्ग के पहले मैच में एस एसएस प्लस टू ने डे- बोर्डिंग सेंटर को 5-0 से पराजित किया। दूसरे मैच में हॉकी खूंटी ने डे- बोर्डिंग तोरपा को 6-0 से पराजित किया। तीसरे मैच में आरडीसी बिचना ने डे-बोर्डिंग गोविंदपुर को 11-0 से हराया। इसी क्रम में चौथा मैच एसएस प्लस टू व हॉकी खूंटी के बीच 1-1 गोल की बराबरी पर समाप्त हुआ। बालिका वर्ग के पहले मैच में डे-बोर्डिंग खूंटी को आरडीसी बिचना ने 1-0 से हराया। दूसरे मैच में डे-बोर्डिंग गोविंदपुर ने डे-बोर्डिंग तोरपा को 2-1 से हराया। तीसरे मैच में हॉकी खूंटी ने रुट फाउंडेशन को 3-2 से हराया। सोमवार के आठवें व अंतिम मैच में डे- बोर्डिंग खूंटी ने डे-बोर्डिंग तोरपा को 2-1 हराया। इस दौरान बालक वर्ग में प्लेयर ऑफ द मैच क्रमशः ग्लैडसन भेंगरा, नमजन होरो, अंथोनी पूर्ती एवं जॉन जयवंत धान को दिया गया। वहीं बालिकाओं में क्रमशः बेला कुमारी, कुसुम तोपनो, हिरंजली हेमरोम व नंदनी कुमारी को दिया गया।

## लालपुर में अवैध रूप से बार चलाने वाले मालिक और मैनेजर गिरफ्तार

**रांची।** उत्पाद विभाग के बाद अब रांची पुलिस ने भी अवैध रूप से बार चलाने और निर्धारित समय से देर तक खुले रहने व म्यूजिक बजाने पर कार्रवाई शुरू कर दी है। रविवार को लालपुर थाना की पुलिस ने ड्रामा क्लब एंड लाउंज में रात में छापेमारी की। पता चला कि बार बिना लाइसेंस के ही चल रहा है। लालपुर थाना क्षेत्र में इतना बड़ा बार बिना लाइंसेस के चल रहा था और इसकी भनक ना तो उत्पाद विभाग को थी और न ही पुलिस को।

लालपुर थाना की पुलिस ने बार के संचालक गौरव कुमार सिंह और मैनेजर अभिमन्यु सिंह को गिरफ्तार किया है। दोनों को जेल भेज दिया गया है। बार में बिना लाइसेंस अवैध रूप से विदेशी शराब तो परोसी जा ही रही थी, उसमें हुक्का भी ग्राहकों को उपलब्ध कराया जा रहा था। बार से पुलिस ने कई विदेशी ब्रांड की शराब, हुक्का, उसका तंबाकू जब्त किया है।

लालपुर पुलिस ने 22 जून की रात में लूप बार एंड लाउंज में छापेमारी की। जिसमें पाया गया कि बार रात 12 बजे के बाद भी खुला था। बार में तेज आवाज में लाउड स्पीकर बज रहा था, जिससे आसपास में न्यूसेंस की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। इस मामले में लालपुर थाना की पुलिस ने बार के मैनेजर टिंकू शर्मा को गिरफ्तार किया। हालांकि उसे थाने से ही जमानत दे दी गई। पुलिस ने बार में बज रहे साउंड सिस्टम को जब्त किया है।

## मरीजों के लिए कुछ करिये सर, अपने ओहदे की जिम्मेवारी निभाइए



**धनबाद।** अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा की बजाय हर जगह असुविधा है। बीमारी के साथ यहां की अव्यवस्था से लोग परेशान हैं। यह अस्पताल है। इसलिए यहां हल्ला हंगामा उचित नहीं, लेकिन इसका यह मतलब बिल्कुल नहीं है कि हम चुप बैठ जाएंगे। मरीजों के लिए कुछ करिये सर। अपने ओहदे की जिम्मेवारी निभाइए। सिर्फ सरकार पर फेंकाफेंकी करने से कुछ नहीं बदलेगा। यह कहना है झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के जयराम महतो का।

युवाओं की भीड़ के साथ सोमवार को धनबाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल का निरीक्षण करने के बाद जयराम प्राचार्य डॉ. ज्योति रंजन प्रसाद से मिले और उन्हें अस्पताल की कमियों और अव्यवस्थाओं से अवगत कराया। जयराम ने प्राचार्य को बताया कि अस्पताल में हर जगह गंदगी है। बाथरूम के दरवाजे टूटे हुए हैं। मरीजों को दवाएं नहीं मिल रही हैं। आउटसोर्सिंग कर्मियों ने शिकायत की है कि उन्हें सरकार द्वारा दिया जाने वाला पूरा पैसा नहीं मिलता। उनकी नौकरी की गारंटी नहीं है। डॉक्टर गायब रहते हैं। रेडियोलॉजिस्ट नहीं होने के कारण मरीजों को अल्ट्रासोनोग्राफी के लिए बाहर जाना पड़ता है। जांच से लेकर इलाज तक में अनियमितता बरती जाती है। प्राचार्य ने उनकी बताई कमियों को दूर करने का आश्वासन दिया है। मौके पर प्राचार्य के साथ डॉ. रवि भूषण, डॉ. सीके सुमन, डॉ. विनीत तिग्गा आदि मौजूद थे।

**हर जगह कमीशनखोरी :** जयरामने प्राचार्य को बताया कि यहां दवा और एंबुलेंस से लेकर जांच तक में कमीशनखोरी चल रही है। मरीजों को डराकर डॉक्टर निजी अस्पतालों में रेफर कर देते हैं। एंबुलेंस चालक कमीशन के लिए मरीजों को निजी अस्पताल में पहुंचा देते हैं। डॉक्टर कमीशन के लिए अस्पताल की उपलब्ध दवाओं को छोड़ बाहर की महंगी दवा लिखते हैं। इस पर रोक लगनी चाहिए ताकि मरीजों को इस अस्पताल की मौजूदगी का पूरा लाभ मिले। ऐसा नहीं होने पर सबके लिए मुश्किल खड़ी हो जाएगी।

**अप्लास्टिक एनीमिया पीड़ित बच्चे को मदद का आश्वासन :** अस्पताल पहुंचे जयराम ने शिशु रोग विभाग में भर्ती अप्लास्टिक एनीमिया से पीड़ित सिद्धार्थ भगत (10 वर्ष) को देखा और उसके पिता लोदना निवासी शशि कुमार भगत से जानकारी ली। बच्चे के इलाज के लिए 50 हजार रुपए की मदद का आश्वासन दिया। इस मामले को लेकर प्राचार्य से भी बात की और उन्हें सहयोग करने को कहा। यह भी कहा कि वे स्वास्थ्य मंत्री से बात कर बच्चे के इलाज में हरसंभव सरकारी सहयोग दिलाने की कोशिश करेंगे।

**स्वास्थ्य मंत्री को कोयला मंत्रालय दे दिया जाए :** पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए जयराम महतो ने कहा कि स्वास्थ्य मंत्री बराबर धनबाद आते हैं। यहां वे स्वास्थ्य की बात न कर कोयले की बात करते हैं। मुझे लगता है कि उन्हें कोयला मंत्रालय दे दिया जाए। स्वास्थ्य की जिम्मेवारी किसी काबिल मंत्री को दिया जाए।

## सड़क जाम करने के सवाल पर दो पक्षों में मारपीट, आधा दर्जन घायल



**गिरडीह/सरिया।** रविवार देर रात ट्रक के कारण सड़क जाम होने पर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों ओर से आधे दर्जन लोग घायल हुए हैं। इस मामले को लेकर दोनों ओर से सरिया थाना में मामला दर्ज कराया गया है।

घटना को लेकर सरिया के गल्ला व्यवसाई अर्जुन मंडल ने बताया कि चूंकि दिनभर वाहनों का आवागमन होता रहता है, इसी को देखते हुए रात साढ़े दस बजे काला रोड गली नम्बर 01 स्थित अपने गोदाम के सामने ट्रक लगाकर गुड़ उतरवा रहा था। इसी बीच मेन काला रोड निवासी सह होटल संचालक कुलन मंडल, उसके पुत्र दिनेश मंडल, दिगम्बर, लक्की मंडल अपना टेम्पु लेकर उस रास्ते से गुजर रहा था। बताया गया कि इनलोगों ने ट्रक हटाने को कहा जबकि टेम्पो जाने का रास्ता था। फिर भी ये लोग गाली गलौज करने लगे और रड एवं लाठी से हमला कर दिया जिसमें मेरा व मेरे लेबर उपेंद्र राम का सर फट गया। इसी क्रम में इनलोगो ने मेरी अंगूठी व पैकेट में रखे 45 हजार नगदी भी छीन ली और जाते समय धमकी दी की अब रोड में ट्रक लगाए तो जान से मार देंगे। इधर, दूसरे पक्ष के दिगम्बर मंडल ने बताया कि पहले तो विवाद होकर खत्म हो गया था। फिर कुछ देर बाद अर्जुन मंडल, लालेश्वर मंडल व अन्य हरवे हथियार के साथ मेरे घर मे घुस गए व मारपीट करने लगे। इस मारपीट में मेरे पिता कुलन मंडल एवं भाई दिनेश एवं विवेक को पत्थर व लाठी से गम्भीर जख्म हुआ है। इस क्रम में इनलोगो ने मेरे घर से नगदी, जेवरात भी लूट लिये और धमकी देते हुए चले गए।

## रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट के वार्षिक अवार्ड कार्यक्रम का हुआ आयोजन चाईबासा को मिले 9 पुरस्कार




**चाईबासा।** रोटरी इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3250 झारखंड बिहार का वार्षिक अवार्ड कार्यक्रम जमशेदपुर में आयोजित किया गया द्य डिस्ट्रिक्ट गवर्नर शिव प्रसाद बागरिया के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में रोटरी क्लब चाईबासा को डिस्ट्रिक्टमें लगातार सामाजिक कार्यों में योगदान करने के लिए 9 अवार्ड से सम्मानित किया गया द्य ये सभी अवार्ड अध्यक्ष हीना ठक्कर और उनकी टीम को दिए गए।अध्यक्ष हीना ठक्कर ने कहा कि÷वे अपनी पूरी टीम का आभार व्यक्त करना चाहती है। सबके सहयोगात्मक भावना, और समर्पण हमारी सफलताओं के पीछे प्रेरक शक्ति रहे हैं। ये सारे पुरस्कार हमारी उपलब्धियों का प्रतीक है। सबके सहयोग के बिना यह मुमकिन नहीं था, सभी बधाई के पात्र हैं। अध्यक्ष हिना ठक्कर नेटीम के उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी का धन्यवाद दिया।

## बाबा वैद्यनाथ मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

देवघर। बाबा वैद्यनाथ मंदिर में सोमवार को बाबा वैद्यनाथ पर जलार्पण करने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सोमवार को आषाढ़ मास कृष्ण पक्ष तृतीया तिथि होने के कारण श्रद्धालुओं ने बाबा वैद्यनाथ की पूजा अर्चना कर मंगलकामना की। इस दौरान बाबा वैद्यनाथ मंदिर प्रांगण में विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों का भी आयोजन श्रद्धालुओं ने किया। वहीं तेज धूप व गर्मी से राहत देने के लिए जिला प्रशासन द्वारा मंदिर प्रांगण में पंडाल लगा दिया गया है। ताकि बाबा वैद्यनाथ मंदिर पूजा अर्चना करने आने वाले श्रद्धालुओं को तेज धूप व गर्मी से राहत मिल सके। इस दौरान श्रद्धालुओं ने कतारबद्ध तरीके से बाबा वैद्यनाथ मंदिर के गर्भगृह में जाकर बाबा वैद्यनाथ का जलाभिषेक किया।

## 500 ग्रामीणों की भीड़ ने अवैध बालू लदे आठ हाइवा पकड़कर किया पुलिस के हवाले

**रांची/कर्रा।** अवैध बालू के उठाव के कारण अस्तित्व विहीन होती छाता नदी और कई गांवों में उत्पन्न पेयजल संकट ने ग्रामीणों के मन से बालू माफियाओं के भय को निकाल फेंका। रविवार की रात लगभग नौ बजे एक साथ 500 से ज्यादा ग्रामीण जलंगा बड़काटोली चौक के पास जूटे और अवैध बालू लदे आठ हाइवा को रोक दिया। ग्रामीणों ने चारों ओर से हाइवा को घेर लिया और इसकी जानकारी एसडीएम अनिकेत सचान समेत जरियागढ़ थाना प्रभारी को दी। जब ग्रामीणों ने हाइवा रोका, तब चंद बालू माफियाओं ने ग्रामीणों को फिर एक बार धमकाकर गाड़ी छुड़वाने का प्रयास किया, लेकिन इस बार ग्रामीण डरे नहीं और धमकी देने वाले बालू माफिया के खिलाफ थाने में केस दर्ज करा दी।

इधर एसडीएम अनिकेत सचान के निर्देश पर कर्रा की बीडीओ समेत तोरपा के एसडीपीओ, पुलिस सर्किल इंस्पेक्टर समेत कई अधिकारी जलंगा बड़काटोली पहुंचे। जिसके बाद सभी आठ हाइवा को जब्त कर थाना ले जाया गया और सभी हाइवा को चालक, खलासी व मालिक के खिलाफ केस दर्ज कराया गया।

### छाता नदी का भविष्य संकट में, गांवों में उत्पन्न हुई जल संकट

छोटी सी छाता नदी कर्रा के रेहरगड़ा, गोविंदपुर, जिलिंगा, बड़काटोली समेत कई गांवों के ग्रामीणों के लिए जीवन धारा के समान है। गांव के लोग बताते हैं कि पहले गर्मी के मौसम में भी छाता नदी में पानी रहता था। गांव के कुंओं के साथ बोरिंग का जलस्तर बेहतर रहता था। लेकिन पिछले कई वर्षो से बालू माफियाओं के द्वारा छाता नदी के कौआ खाप घाट समेत अन्य घाटों ने इस कदर बलू का उठाव किया गया है कि नदी का अस्तित्व लगभग समाप्ति की ओर है। ग्रामीण कहते हैं कि अगर आज भी वे नदी को बचाने सामने नहीं आते हैं, तो आने वाले समय में गांवों के इंसान के साथ मवेशियों को भी पानी के लिए भटकना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कहा कि वे नदी की रक्षा ग्रामसभाओं के माध्यम से करेंगे, अवैध बालू का उठाव नहीं होने देंगे।

### उड़ रही थी एनजीटी के आदेशों की धज्जियां:

एनजीटी ने 10 जून से 15 अक्तूबर तक नदियों से बालू के उठाव पर रोक लगा रखा है। नदियों का इको सिस्टम बनाए रखने के लिए मॉनसून के दौरान हर साल इस अवधि तक बालू के उठाव पर रोक रहती है। यह रोक देश के अन्य राज्यों में भी है। कुछ राज्य इसका पालन भी कर रहे हैं। लेकिन झारखंड में एनजीटी के आदेशों की धज्जियां उड़ रही है। खूंटी जिले में अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से जारी है। जिसे जलंगा बड़काटोली चौक के पास आठ अवैध बालू लदे हाइवा को पकड़कर ग्रामीणों ने प्रमाणित करने का काम किया है।

### कर्रा इलाके से हर दिन दर्जनों हाइवा अवैध बालू रांची भेजे जाने की है शिकायत

कर्रा थाना क्षेत्र के कारो व छाता नदी घाटों से हर दिन दर्जनों हाइवा अवैध बालू रांची भेजा जाता है। इन इलाकों में बेरोकटोक अवैध बालू का धंधा चल रहा था, जिसे विफल करने का काम ग्रामीणों के द्वारा किया गया है। जल जंगल जमीन के लिए संघर्ष करने वाले कर्रा के झारखंडी ग्रामीण जल के लिए नदियों को बचाने का संकल्प ले लिया है।

## भाग्यमणि ज्वेलर्स में जेवर चोरी करते तीन महिलाएं पकड़ी गई

**हजारीबाग।** शहर के भाग्यमणि ज्वेलर्स में सोमवार को तीन महिलाएं चोरी करते रहेंगे हाथ पकड़ी गई। महिलाएं कोलकाता के कोलीजोर थाना क्षेत्र की रहने वाली हैं। महिलाओं के इस गिरोह का काम विभिन्न शहरों में घूम घूम कर चोरी की घटना को अंजाम देना है। लोहसिंधना पुलिस ने तीनों महिलाओं को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। बताया जाता है कि सोमवार को भागमणि ज्वेलर्स में तीन महिलाएं जेवर खरीदने के लिए पहुंची। इसी क्रम में एक महिला ने जेवर दिखाने के क्रम में एक चांदी के आइटम को अपने शरीर में छुपा लिया। जिसे प्रोपराइटर ओम प्रकाश गुप्ता देख रहे थे। उन्होंने जब यह बात कही तो तीनों महिलाएं भगाने का प्रयास करने लगे। लेकिन उम्र दराज होने के कारण मुमताज बेगम पकड़ी गई।

# हाजीपुर रेलवे स्टेशन पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र का उद्घाटन

निज संवाददाता

**हाजीपुर (वैशाली)।** रेलवे स्टेशन पर आने वाले यात्रियों और आम लोगों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ाने और सभी के लिए गुणवत्तापूर्ण दवाइयां और उपभोग्य वस्तुएं (जन औषधि उत्पाद) उपलब्ध कराने के भारत सरकार के मिशन को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय रेलवे ने स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया एवं कॉनकोरस में प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र स्थापित करने के लिए एक नीति के अनुरूप दिनांक 12.03.2024 से भारतीय रेलवे में 50 स्थानों पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र ने सफलतापूर्वक कार्य करना शुरू कर दिया है। इन 50 केन्द्रों में पूर्व मध्य रेल में पटना जं., दरभंगा एवं पं. दीनदयाल उपाध्याय जं. पर प्रधानमंत्री भारतीय औषधि केंद्र कार्य कर रहा है। इस पहल की सफलता एवं लोगों के उत्साह को देखते हुए भारतीय रेलवे ने और 61 स्थानों पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के स्टॉल खोलने का निर्णय लिया गया है। इनमें बिहार के आरा, हाजीपुर, समस्तीपुर, छपरा एवं भागलपुर स्टेशन शामिल हैं जहां प्रधानमंत्री भारतीय औषधि केंद्र खोले जाएंगे। इन स्टेशनों पर प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के स्टॉल खोलने के इच्छूक व्यक्ति से निविदा आमंत्रित किये जा चुके हैं तथा चयनित निविदाकर्ता को अगस्त के प्रथम सप्ताह तक आउटलेट का निर्माण पूरा करते हुए उन्हें सौंप दिया जाएगा। इस महत्वपूर्ण निर्णय से न केवल रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि लोगों को सस्ती कीमतों पर दवाइयां भी उपलब्ध होंगी। विदित हो कि प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों का उद्देश्य सभी लोगों, विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए इन केन्द्रों के माध्यम से किफायती मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण दवाइयां उपलब्ध कराना, ताकि स्वास्थ्य देखभाल में जेब से होने वाले खर्च को कम किया जा सके। प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के तहत विभिन्न उत्पादों में 1963 दवाइयां और 293 सर्जिकल उपकरण शामिल हैं, जो सभी प्रमुख चिकित्सीय समूहों जैसे कि कार्डियोवैस्कुलर, एंटी-कैंसर, एंटी-डायबिटिक्स, एंटी-इंफेक्टिव्स, एंटी-एलर्जिक, गैस्ट्रो-आंत्र संबंधी दवाइयाँ, न्यूट्रास्युटिकल्स आदि को कवर करते हैं। रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्र के उत्पादों में कई आयुर्वेदिक उत्पादों को भी शामिल किया गया है और यह लोगों के लिए सस्ती कीमतों पर आसानी से उपलब्ध है।




## प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु भूमि आवंटन को लेकर एडीएम ने दिये निर्देश

निज संवाददाता

**रजौली (नि.सं.)।** नवसृजित नगरपंचायत का कार्यालय बीते तीन वर्षों से 1994 में बने अनुमण्डल कार्यालय के दो जर्जर कमरों में संचालित किया जा रहा है। इससे पदाधिकारी समेत मुख्य पार्षद, उपमुख्य पार्षद एवं वार्ड पार्षदों को आम बैठक समेत अन्य कार्यों के लिए काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पंचायत में चुनाव को डेढ़ वर्ष पूरे हो गए हैं। नगर पंचायतवासियों को जनप्रतिनिधिगण मिले और क्षेत्र के विकास कार्यों में प्रगति देखने को मिल रही है। वहीं नगर पंचायत के स्टैंडिंग कमिटी एवं वार्षिक वित्तीय बैठक में भी कार्यालय निर्माण हेतु प्रस्ताव भी मुख्य पार्षद मानती देवी के द्वारा पारित किया जा चुका है। किन्तु रजौली के स्थानीय पदाधिकारियों की उदासीनता के कारण अबतक नगर पंचायत को जमीन नहीं उपलब्ध कराया गया, जिसके कारण कार्यालय निर्माण का कार्य अधर में लटका हुआ था। वहीं नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश के द्वारा भी सीओ, डीसीएलआर एवं एसडीओ को नगर पंचायत के प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु पत्राचार किया गया था। अब जिला प्रशासन द्वारा नवसृजित नगर पंचायत में सर्वांगीण विकास के लिए पहल किया गया है। एडीएम नवादा चन्द्रशेखर आजाद ने बताया कि रजौली नगर पंचायत का कार्यालय पुराने अनुमण्डल कार्यालय के दो कमरों में संचालित किया जा रहा था। उन्होंने कहा कि सरकारी निर्देश के आलोक में शीघ्र ही नगर निकाय भवन के लिए प्राक्लन के अनुसार नगर परिषद हेतु न्यूनतम 15010 वर्ग फीट अथवा 1395 वर्ग मीटर भूमि तथा नगर पंचायत के लिए न्यूनतम 7403 वर्ग फीट अथवा 688 वर्ग मीटर भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। उन्होंने कहा कि अनुमंडल स्थापना के 28 साल के बाद बने नगर पंचायत रजौली के निर्माण के दो वर्षों के बाद भी ना तो कार्यपालक पदाधिकारी एवं न ही मुख्य पार्षद व उपमुख्य पार्षद द्वारा सार्थक प्रयास किया गया है। नगर पंचायत कार्यालय निर्माण को लेकर रजौली के एसडीओ, डीसीएलआर एवं सीओ को भी काफी संवेदनशील होने की आवश्यकता है। साथ ही एडीएम ने कहा कि एसडीओ, डीसीएलआर एवं सीओ को राज्य के नवगठित नगर निकायों में नगर पंचायत रजौली के प्रशासनिक भवन निर्माण हेतु न्यूनतम 7403 वर्ग फीट अथवा 688 वर्ग मीटर के भूखंड का प्रस्ताव यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया है, ताकि रजौली शहरी क्षेत्र का तीव्र विकास हो सके।

## लकड़ी व्यवसायी से 1.45 लाख की लूट

**अररिया (नि.सं.)।** अररिया के बहादुरगंज में एनएच-327 ई पर बेलवा पुल के पास लकड़ी व्यवसायी को चाकू मार कर एक लाख 45 हजार रुपए लूट लेने का मामला सामने आया है। वहीं घायल व्यवसायी को स्थानीय लोगों व परिजनों ने आनन-फानन में सदर अस्पताल अररिया में भर्ती कराया है। इधर अस्पताल प्रबंधन ने घटना की सूचना नगर थाना पुलिस को दे दी है। वहीं पीड़ित ने बताया कि इलाज के बाद संबंधित लोगों के खिलाफ नगर थाने में आवेदन दिया जाएगा। घटना को लेकर बटुरबाड़ी झौआ निवासी मो अजहर ने बताया कि गांव के ही शमीम व उनके परिवार के लोगों ने अररिया-बहादुरगंज एन.एच 327 ई पर बेलवा पुल के पास रविवार की शाम को 5 से 6 बाइक पर आए 10 से 12 लोगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया है। पीड़ित ने आगे बताया कि मो शमीम से उनका पहले से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है। वहीं रविवार को अररिया लकड़ी खरीदने गया था। दुकान बंद रहने की वजह से वह अपनी बाइक से वापस घर लौट रहा थे। इस क्रम में बेलवा पुल के पास घटना को अंजाम दिया गया। मामले में नगर थानाध्यक्ष मनीष कुमार रजक ने बताया कि उन्हें इस घटना की कोई जानकारी नहीं है।

## ससुराल पक्ष पर दहेज हत्या का आरोप



**अररिया (नि.सं.)।** अररिया के जोगबनी थाना क्षेत्र अंतर्गत रामगंज वार्ड संख्या-8 में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका रामगंज निवासी सुनील साह की 20 साल की पत्नी दुलारी देवी बताई जा रही है। घटना की सूचना मृत विवाहिता के मायके वालों व स्थानीय लोगों ने जोगबनी थाना पुलिस को दी। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची जोगबनी थाना पुलिस ने मृतका के शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल अररिया भेज दिया है, जहां शव का पोस्टमार्टम करा के मृतका के मायके वालों को अंतिम संस्कार के लिए सौंप दिया है। वहीं, मृत विवाहिता के ससुराल पक्ष के लोग घर छोड़कर फरार बताए जा रहे हैं। मामले को लेकर जोगबनी थाना अध्यक्ष राजीव कुमार आजाद ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष के 4 से 5 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराई है। कांड दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। वहीं, घटना को लेकर जानकारी देते हुए मृत विवाहित दुलारी देवी की बहन किरण देवी और जीजा प्रमोद साह ने बताया कि 2 साल पहले उनकी साली की शादी जोगबनी थाना क्षेत्र के रामगंज वार्ड संख्या-8 निवासी सुखानु साह के बेटे सुनील साह से हुई थी, शादी के समय दुलारी के पिता ने अपने दामाद को उपहार स्वरूप 55 हजार रुपए नगद देने की बात कही थी। इसमें उन्होंने 38 हजार रुपए दिए, बाकी बचे 17 हजार रुपए नहीं दे पाए। इसके लिए दुलारी देवी को उनके ससुराल पक्ष के लोग लगातार प्रताड़ित कर रहे थे। साथ ही मारपीट की जाती थी। इसके बाद दुलारी के पिता व भाई ने दिल्ली से कमा कर बाकी पैसे देने की बात कही थी। लेकिन, इस दौरान रविवार की देर रात दुलारी के साथ उनके ससुराल वालों ने मारपीट कर गला दबा कर हत्या कर दी। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि दुलारी के पति दिल्ली में रहकर मजदूरी करते हैं और दुलारी अपने ससुराल में अकेले रहती थी। इसे रविवार की देर रात भैसूर, सास और ससुर ने मिलकर गला दबाकर हत्या कर दी है।


**कार्यालय, उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी, पलामू**
**(समाज कल्याण शाखा) (जिला बाल संरक्षण इकाई)**
Email ID - dcpspalamu@gmail.com (Office-06562-299971)

**सूचना**

पलामू जिले में जिला बाल संरक्षण इकाई, पलामू में संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति से संबंधित विज्ञापन दिनांक 05.09.2023 को स्थानीय एवं राष्ट्रीय समाचार पत्रों में प्रकाशित किया गया था। प्रकाशित विज्ञापन के आलोक में उपरोक्त पदों के लिए प्राप्त आवेदन को कम्प्यूटरीकृत करने के उपरान्त अभ्यर्थियों की प्रारंम्भिक सूची पलामू जिला के Official Website-www.palamu.nic.in पर अपलोड किया गया है।

जिला समाज कल्याण पदाधिकारी
पलामू

PR 327625 Social Welfare,Women and Child Development(24-25)#D



**जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार**

**मत्स्य कृषकों के लिए महाझींगा पालन प्रत्यक्षण हेतु आम सूचना का प्रकाशन**

वित्तीय वर्ष 2024–25 में विभागीय राज्यादेश सं0 05 रा0 (वि0) दिनांक 13.06.2024 द्वारा स्वीकृत लक्ष्य के आलोक में मत्स्य प्रसार अनुसंधान एवं प्रशिक्षण योजना अन्तर्गत प्रायोगिक तौर पर निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन एवं प्रत्यक्षण हेतु जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार को निम्न प्रकार से भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्य प्राप्त है जिसके लिए दिनांक 15.07.2024 तक आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

| क्र0 सं0 | स्वीकृत कार्य | भौतिक लक्ष्य (एकड़ में) लघु शीर्ष 796 | इकाई लागत (रू0 में) | अनुदान की राशि प्रति इकाई (रू0 में) | लाभुक का अंशदान प्रति इकाई (रू0 में) | अनुदान एवं लाभुक के अंशदान की विवरण |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | निजी क्षेत्र में महाझींगा पालन कार्य | 2.00 | 160000/– | अनु0ज0जा0/अ0जा0 एवं महिला लाभुक को 128000/– रू0 प्रति एकड़ | अनु0ज0जा0/अ0जा0 एवं महिला लाभुक का अंशदान 32000/– रू0 प्रति एकड़ | स्वीकृत कार्य में अनु0ज0जा0/ अ0जा0 / महिला लाभुक को प्रति इकाई 80 प्रतिशत अनुदान एवं लाभुक का 20 प्रतिशत अंशदान निहित होगा तथा सामान्य वर्ग के लाभुक को प्रति इकाई 70 प्रतिशत अनुदान एवं लाभुक का 30 प्रति अंशदान निहित होगा। |
| | | | | अन्य सामान्य वर्ग के लाभुक को 112000/– रू0 प्रति एकड़ | अन्य सामान्य वर्ग के लाभुक का अंशदान 48000/– रू0 प्रति एकड़ | |

नोट– उपरोक्त कार्य हेतु इच्छुक लाभुक जिला मत्स्य कार्यालय, लातेहार से कार्य दिवस पर आवेदन ले सकते हैं एवं निर्धारित तिथि तक प्रत्येक कार्य दिवस में अपना आवेदन निम्न कागजातों के साथ संलग्न कर जमा करेंगे–

- स्थानीय ग्राम पंचायत के मुखिया द्वारा प्रमाणित निजी तालाब धारक होने का प्रमाण पत्र।
- लाभुक के साथ तालाब का फोटोग्राफ।
- अनु0जा0 / अनु0ज0जा0 के आवेदक का जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति।
- मत्स्य पालन प्रशिक्षण का प्रमाण पत्र यदि हो तो।
- आधार कार्ड की छायाप्रति।
- महाझिंगा पालन के लिए आवेदन में उनके घर से तालाब की दूरी का जिक्र होना आवश्यक है, जिनका तालाब घर के नजदीक होगा, उन्हें चयन में प्राथमिकता दी जाएगी।
- लाभुक के पास निजी / सरकारी सदाबहार तालाब होना आवश्यक है।
- लाभुकों का चयन सुरक्षित जमा निर्धारण समिति द्वारा किया जाएगा तथा समिति का निर्णय अंतिम होगा।
- आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि – दिनांक 15.07.2024 अपराह्न 4.00 बजे तक।

जिला मत्स्य पदाधिकारी,
लातेहार

PR 327593 Fish(24-25).D



**कार्यालय जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू**
Email:- zilaparishad.palamu@gmail.com

**अतिअल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।**
**ई– संख्या– DOPR/DE/ZP/Palamu 15/2023-24 (Retender)**

विज्ञापन दाता का नाम :– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।
˘मइेपजम पर निविदा प्रकाशन की तिथि:–दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे)
ई–निविदा प्राप्त करने की तिथि :– दिनांक 27.06.2024 (पूर्वाह्न 10:00 बजे) से दिनांक 03.07.2024 (अपराह्न 2:00 बजे तक)
निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– दिनांक 05.06.2024 (अपराह्न 3:00 बजे)
निविदा खोलने का स्थान :–कार्यालय जिला परिषद, पलामू।
कार्य की विस्तृत विवरणी :–

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | पंचायत | ग्राम | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (लाख में) | निविदा शुल्क (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | एन0आई0टी0 रेफरेंस संख्या |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 4 | 7 | 8 | |
| 1 | छतरपुर | काला पहाड़ | काला पहाड़ | ग्राम काला पहाड़ में सुरेश प्रसाद गुप्ता के घर से स्कूल होते हुए नदी तक नाली निर्माण। | 2491000.00 | 50000.00 | 5000.00 | 6 माह | DE/ZP/PALAMU -15/2023-24/GR-1 |

नोट– 1. केवल ई–निविदा ही स्वीकार होंगे।
2. निविदा डबल बीड पद्धति से होगी।
3. जिला परिषद, पलामू में द्वितीय अथवा उससे उच्चतर श्रेणी में निबंधित संवेदक ही निविदा में भाग ले सकेंगे।
4. परिमाण विपत्र की राशि घट बड़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
5. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
6. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही निविदादाता की होगी।

निविदा की तकनिकी एवं सामान्य शर्ते www.palamu.nic.in एवं कार्यालय जिला परिषद, पलामू के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है। वितृत जानकारी के लिए Website- www.jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

PR.NO.327686 District(24-25):D
ह0/– जिला अभियंता, जिला परिषद, पलामू।



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा**

**जिला योजना अनाबद्ध निधि**
**अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या – 01/2024-25/RWD/GARHWA दिनांक – 25.06.2024

1. कार्य का विवरण :–

| क्र0 | प्रखण्ड | आईडेन्टी फिकेशन संख्या/ पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि: अंक में (लाख में) | प्राक्कलित राशि: अक्षर में | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मेराल | RWD/GARHWA /01/2024-25 | प्रखण्ड मेराल के ग्राम पिण्डरा में जमुना राम के घर से अंकित चन्द्रवंशी के डीपबोर तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.150 कि0मी0) | 13.93164 | तेरह लाख तिरानबे हजार एक सौ चौसठ रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 2 | चिनियाँ | RWD/GARHWA /02/2024-25 | ग्राम चिनियाँ में मेन रोड हीरा साव के घर से नहर तक पीसीसी पथ निर्माण। (0.175 कि0मी0) | 16.74343 | सोलह लाख चौहत्तर हजार तीन सौ तेतालीस रूपये। | 03 (तीन) महीना |
| 3 | बिशुनपुरा | RWD/GARHWA /03/2024-25 | बिशुनपुरा–संध्या पथ में बिशुनपुरा स्वास्थ्य उपकेन्द्र तक पुँच पथ का निर्माण। (0.300 कि0मी0) | 27.413 | सताईस लाख एकतालीस हजार तीन सौ रूपये। | 03 (तीन) महीना |

2. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 06.07.2024
3. ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय :–13.07.2024 अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 15.07.2024 पूर्वाह्न 11:30 बजे।
5. निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रा0का0वि0 कार्य प्रमंडल, गढ़वा।
6. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाश सं0: 06561–299963

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट www.jharkhandtenderers.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गढ़वा

PR.NO.327611 Rural Development(24-25):D


## काम के लिए नहीं जाना पड़ेगा बाहर, 2 टॉप कंपनियां करने जा रहीं इंवेस्टमेंट

निज संवाददाता





**अरवल।** राज्य सरकार की लेदर पालिसी आने के बाद यह पहला मौका है जब फूटवियर इंडस्ट्रीज की दो बड़ी कंपनी बिहार में एक साथ आ रही है। उद्योग विभाग ने रेड टेप ब्रांड से जूते और अन्य किस्म के फूटवियर बनाने वाली कंपनी को पूर्णिया तथा अजंता चप्पल व शूज की निर्माता अंजता फूटवियर को अपनी उत्पादन इकाई आरंभ करने को जगह उपलब्ध करा दी है। उद्योग विभाग से मिली जानकार के अनुसार, स्टेट इंवेस्टमेंट प्रमोशन बोर्ड से मंजूरी के बाद अजंता फूटवियर को पटना के सिकंदरपुर इंडस्ट्रियल एरिया में उत्पादन इकाई के लिए जगह उपलब्ध करायी गयी है। सभी तरह के क्लियरेंस मिलने के बाद कंपनी अपना काम आरंभ करेगी। अजंता फूटवियर के लिए बिहार एक बड़े बाजार के रूप में है। उसके उत्पादों की बाजार में बड़े स्तर पर स्वीकार्यता है। ब्रांडेड जूते और चमड़े का चप्पल बनाने वाली कंपनी रेड टेप ने अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बिहार में कई एक्सक्लूसिव शो रूम खोल रखे हैं। बिहार में रेड टेप अपनी पहली उत्पादन इकाई लगा रहा। स्टेट इंवेस्टमेंट प्रमोशन बोर्ड से अनुमति मिलने के बाद कंपनी को पूर्णिया में अपनी उत्पादन इकाई लगाने को जगह मिली है। बिहार में लेदर इंडस्ट्रीज को लेदर पॉलिसी के माध्यम से प्रोत्साहित करने के साथ-साथ राज्य सरकार किशनगंज जिले में ग्रीनफील्ड लेदर टेनरी क्लस्टर की स्थापना कर रही है। यह 33.77 एकड़ में स्थापित किया जाएगा। यहां इस इंडस्ट्री के लिए डेडिकेटेड कॉमन एफ्ल्यूएंट ट्रीटमेंट प्लांट भी लगाया जा रहा।


पंजाब नैशनल बैंक (भारत सरकार का उपक्रम) pnb punjab national bank (Govt. of India Undertaking)

औरंगाबाद मंडल / Aurangabad Circle
**पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, अरवल मे सविंदागत नियुक्ति के लिए विज्ञापन**

| पद | विवरण |
|---|---|
| पूर्णकालिक संकाय (वार्षिक समीक्षा के आधार पर तीन वर्ष तकविस्तार) | रिक्ति, पात्रता और अर्हता: रिक्ति की संख्या -01<br>• वांछित आयु 22-40 वर्ष<br>• स्नातक (कोई भी अर्थात विज्ञान/वाणिज्य/कला) /स्नातकोत्तर होना चाहिए; हालाकि, ग्रामीण विकास में एमएसडब्ल्यू/एमए/समाजशास्त्र/मनोविज्ञान में एमए/बीएससी (पशु चिकित्सा), बीएससी (बागवानी), बीएससी (कृषि), बीएससी (कृषि विपणन)/बीए के साथ बीएड आदि को प्राथमिकता दी जा सकती है।<br>• अध्यापन की क्षमता होनी चाहिए और कंप्यूटर का अच्छा ज्ञान होना चाहिए ।<br>• स्थानीय भाषा में उत्कृष्ट संचार तथा टाइपिंग कौशल होना आवश्यक, अंग्रेजी और हिंदी के ज्ञान तथा टंकण को महत्व दिया जाएगा।<br>• संकाय के रुप में पिछले अनुभव को महत्व दिया जाएगा ।<br>• 30,000 - 2000x5 - 40000/- रुपये का समेकित वेतन । |
| पूर्णकालिक (वार्षिक समीक्षा के आधार पर तीन वर्ष तकविस्तार) | रिक्ति, पात्रता और अर्हता: रिक्ति की संख्या -01<br>• वांछित आयु 22-40 वर्ष<br>• मैट्रिक पास होना चाहिए<br>• स्थानीय भाषा पढ़ने और लिखने की क्षमता को प्राथमिकता दी जाएगी<br>• 14,000-1000x5 – रुपये 19000/- का समेकित वेतन । |
| पूर्णकालिक चौकीदार / माली (वार्षिक समीक्षा के आधार पर तीन वर्ष तकविस्तार) | रिक्ति, पात्रता और अर्हता: रिक्ति की संख्या -01<br>• वांछित आयु 22-40 वर्ष<br>• सातवीं कक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।<br>• कृषि/बागवानी का अनुभव होना चाहिए।<br>• 12000-800 x 5-16000/- रुपये का समेकित वेतन । |

चयन लिखित परीक्षा, व्यक्तिगत साक्षात्कार तथा प्रदर्शन/ प्रस्तुतिकरण (यदि लागू हो) पर आधारित होगा। यह ऑफर बैंक में सेवा के लिए नहीं है। इस मामले में बैंक का निर्णय अंतिम होगा। बैंक के पास किसी भी पात्रता शर्त को संशोधित/जोड़ने/हटाने या प्रक्रिया को किसी भी समय रद्द करने का अधिकार होगा।

आयु, अर्हता, अनुभव, स्व-प्रमाणित फोटो और टेलिफोन नं. के साथ अपना बायोडाटा वैध दस्तावेज संलग्न करते हुए केवल स्पीड-पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से **मुख्य प्रबंधक, वित्तीय समावेशन प्रभाग, पंजाब नैशनल बैंक, औरंगाबाद मंडल कार्यालय, पहला तल, ओल्ड जीटी रोड, औरंगाबाद (बिहार), पिन – 824101** पर 08 जुलाई , 2024 तक भेज दें । कृपया नोट करें कि किसी भी अन्य माध्यम से आवेदन प्राप्त नहीं किया जाएगा ।आवेदन प्रपत्र एवं भर्ती से संबंधित विवरण बैंक की कॉरपोरेट वेबसाइट के नया क्या है (What's New) सेक्सन पर उपलब्ध है ।



# जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान

## शुभमन गिल को बनाया गया कप्तान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बीसीसीआई ने सोमवार को जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान कर दिया है। दोनों टीमों के बीच 5 मैचों की टी20 सीरीज खेली जाएगी। पहला मुकाबला जिम्बाब्वे और भारत के बीच 6 जुलाई को खेला जाएगा। खास बात ये है कि टीम की कमान शुभमन गिल को सौंपी गई है। वह पहली बार भारतीय टीम के कप्तान बनाए गए हैं। अभिषेक शर्मा, नीतीश रेड्डी, रियान पराग, तुषार देशपांडे, ध्रुव जुरेल को पहली बार टी20 टीम में जगह दी गई है।

गिल के साथ-साथ खलील अहमद, आवेश खान और रिंकू सिंह को टीम में शामिल किया गया है । इसके अलावा रोहित शर्मा, विराट कोहली, सूर्य कुमार यादव, ऋषभ पंत समेत कई सीनियर खिलाड़ियों को इस सीरीज में आराम दिया गया है। बता दें कि इस वक्त टीम इंडिया टी-20 वर्ल्ड कप में शानदार लय में दिखाई दे रही है। भारत सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के करीब है। टी-20 वर्ल्ड कप के बाद भारतीय टीम जिम्बाब्वे दौरे पर रवाना हो जाएंगी।

भारत और जिम्बाब्वे के बीच पहला टी-20 छह जुलाई को हरारे स्पोर्ट्स क्लब में खेला जाएगा। जबकि, दूसरा टी-20 सात जुलाई, तीसरा टी-20 दस जुलाई, चौथा टी-20 तेरह जुलाई और पांचवा और आखिरी टी-20 मैच 14 जुलाई को खेला जाएगा। सभी मैच भारतीय समयानुसार शाम 4.30 बजे से खेले जाएंगे।

### जिम्बाब्वे दौरे के लिए टीम इंडिया

शुभमन गिल (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, ऋतुराज गायकवाड़, अभिषेक शर्मा, रिंकू सिंह, संजू सैमसन (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), नीतीश रेड्डी, रियान पराग, वॉशिंगटन सुंदर, रवि बिश्नोई, आवेश खान, खलील अहमद, मुकेश कुमार, तुषार देशपांडे।

# रोहित शर्मा ने टी-20 क्रिकेट में रचा इतिहास



**सेंट लूसिया, एजेंसी।** अमेरिका और वेस्टइंडीज की मेजबानी में खेले जा रहे टी20 वर्ल्ड कप 2024 के सुपर-8 में भारतीय टीम ने ऑस्ट्रेलिया को 24 रनों से करारी शिकस्त दी. इस जीत के साथ भारतीय टीम ने सेमीफाइनल में एंट्री कर ली है. मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को चुना गया. रोहित शर्मा ने मैच में 19 गेंदों पर फिफ्टी जड़ी. हालांकि वो अपना शतक पूरा नहीं कर सके, लेकिन उन्होंने 41 गेंदों पर 92 रनों की आतिशी पारी खेली. इस दौरान रोहित ने 8 छक्के और 7 चौके जमाए. रोहित की इस पारी और मैच जीतने के बाद रिकॉर्ड्स की झड़ी लग गई है.

### रोहित बने सिक्सर किंग, बनाए कई धांसू रिकॉर्ड्स

रोहित ने टी20 इंटरनेशनल में अपने 200 छक्के पूरे कर लिए हैं और वो ऐसा करने वाले वर्ल्ड के पहले क्रिकेटर बन गए. रोहित ने एक और ऐतिहासिक रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.

रोहित टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले प्लेयर बन गए हैं. इस मामले में उन्होंने पाकिस्तानी कप्तान बाबर आजम को पछाड़ दिया. आइए देखते हैं मैच में बने इसी तरह के कुछ दमदार रिकॉर्ड्स के बारे में...

### बतौर कप्तान सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल मैच जीत का रिकॉर्ड

48 जीत - रोहित शर्मा (60 मैच)
48 जीत - बाबर आजम (85 मैच)
45 जीत - ब्रायन मसाबा (60 मैच)
44 जीत - ओएन मोर्गन (72 मैच)

### टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए सबसे तेज फिफ्टी का रिकॉर्ड

12 - युवराज सिंह VS इंग्लैंड, डरबन 2007
18 - केएल राहुल VS स्कॉटलैंड, दुबई 2021
19 - रोहित शर्मा VS ऑस्ट्रेलिया, ग्रॉस आइलेट 2024

टी20 वर्ल्ड कप में बतौर कप्तान हाइएस्ट स्कोर
98 - क्रिस गेल VS भारत (2010)
92 रोहित शर्मा VS ऑस्ट्रेलिया (2024)
88 क्रिस गेल VS ऑस्ट्रेलिया (2009)
85 केन विलियमसन VS ऑस्ट्रेलिया (2021)

### टी20 वर्ल्ड कप में भारत के लिए हाइएस्ट स्कोर

101 - सुरेश रैना VS साउथ अफ्रीका - ग्रॉस आइलेट (2010)
92 - रोहित शर्मा VS ऑस्ट्रेलिया - ग्रॉस आइलेट (2024)
89* - विराट कोहली VS वेस्टइंडीज - वानखेड़े (2016)
82* - विराट कोहली VS ऑस्ट्रेलिया - मोहाली (2022)
82* - विराट कोहली VS पाकिस्तान - मेलबर्न (2022)

### एक टीम के खिलाफ इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा छक्के

130 - क्रिस गेल VS इंग्लैंड
130* - रोहित शर्मा VS ऑस्ट्रेलिया
88 - रोहित शर्मा VS वेस्टइंडीज
87 - क्रिस गेल VS न्यूजीलैंड
86 - शाहिद आफरीदी VS श्रीलंका

### टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा रनों का रिकॉर्ड

4165 रन - रोहित शर्मा (भारत)
4145 रन - बाबर आजम (पाकिस्तान)
4103 रन - विराट कोहली (भारत)
3601 रन - पॉल स्टर्लिंग (आयरलैंड)
3531 रन - मार्टिन गुप्टिल (न्यूजीलैंड)

### टी-20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा सिक्स

173 - मार्टिन गुप्टिल (न्यूजीलैंड)
137 - जोस बटलर (इंग्लैंड)
134 - ग्लेन मैक्सवेल (ऑस्ट्रेलिया)
132 - निकोलस पूरन (वेस्टइंडीज)

**203- रोहित शर्मा (भारत)**

# ओलंपिक में भारत के 100 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में जेएसडब्ल्यू ग्रुपप ने पेरिस में प्रदर्शनी का आयोजन किया




**पेरिस, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू समूह ने पेरिस में एक प्रदर्शनी के उद्घाटन के साथ रविवार को ओलंपिक दिवस मनाया, जो ओलंपिक आंदोलन के संस्थापक पियरे डी कूबर्टिन के जीवन और विरासत का जश्न मनाता है, साथ ही मेजबान शहर पेरिस में खेलों में भारत की उपस्थिति के 100 साल पूरे होने का जश्न भी मनाता है।

जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन की चेयरपर्सन, श्रीमती संगीता जिंदल और इंस्पायर इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट के संस्थापक, पार्थ जिंदल के साथ आईओसी के अध्यक्ष, थॉमस बाक, संस्कृति मंत्री, मैडम रचिदा दाती, फ्रांस गणराज्य में भारत के राजदूत जावेद अशरफऔर पियरे डी कूबर्टिन फैमिली एसोसिएशन की अध्यक्ष श्रीमती एलेक्जेंड्रा डी नवासेले प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगी, जो पेरिस के 7वें एरोनडिसेमेंट के टाउन हॉल में आयोजित की जाएगी और सितंबर में पेरिस 2024 ग्रीष्मकालीन पैरालंपिक खेल के अंत तक चलेगी। इस अवसर पर, संगीता जिंदल ने कहा कि जेएसडब्ल्यू समूह पेरिस में जीनियस ऑफ स्पोर्ट प्रदर्शनी में ओलंपिक में भारत के 100 साल के आयोजन का समर्थन करते हुए प्रसन्न है। इस अनूठी प्रदर्शनी के माध्यम से, हम पियरे डी कूबर्टिन के जीवन और विरासत और भारत की उल्लेखनीय ओलंपिक यात्रा और सफलता के 100 वर्षों का जश्न मनाते हैं।

हम पियरे डी कूबर्टिन के दृष्टिकोण और विश्वास को साझा करते हैं कि खेल में सीमाओं को पार करके और शांति और दोस्ती की भावना में लोगों को एक साथ लाकर दुनिया को अलग तरह से बदलने की क्षमता है।

2024 ओलंपिक जेएसडब्ल्यू ग्रुप के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हमें इस प्रदर्शनी के साथ-साथ पेरिस में टीम इंडिया का समर्थन करने पर गर्व है।

# वसीम अकरम ने बढ़ाया सस्पेंस, पाकिस्तान का दौरा करेगी टीम इंडिया !

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 की मेजबानी पाकिस्तान के पास है। लेकिन सवाल यह है कि क्या भारतीय टीम पाकिस्तान का दौरा करेगी या फिर एशिया कप 2023 की तरह टूर्नामेंट हाइब्रिड मॉडल के जरिए आयोजित किया जाएगा। तमाम अटकलों के बीच पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर वसीम अकरम ने इस मुद्दे पर बातचीत की है।



चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन 19 फरवरी से 9 मार्च तक पाकिस्तान में किया जाएगा और इसमें मेजबान पाकिस्तान को छोड़कर सात देश भाग लेंगे। इन सात देशों में भारत, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका, बांग्लादेश, न्यूजीलैंड और अफगानिस्तान शामिल हैं। अकरम ने बताया कि मुझे उम्मीद है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी के लिए पाकिस्तान आएगी।

पूरा देश सभी टीमों का स्वागत करने के लिए उत्सुक है। एक यादगार टूर्नामेंट के लिए हम उनका तहे दिल से स्वागत करेंगे। हमारे पास बेहतरीन सुविधाएं हैं और हम नए स्टेडियम बनाने पर काम कर रहे हैं। चेयरमैन ने लाहौर, कराची और इस्लामाबाद में नए स्टेडियमों पर काम शुरू कर दिया है, इसलिए मेरा मानना है कि यह एक शानदार टूर्नामेंट होगा और पाकिस्तान को क्रिकेट की बेहतरी के लिए इस टूर्नामेंट की जरूरत है।

### टी20 विश्व कप से ऑस्ट्रेलिया बाहर

# पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचा अफगानिस्तान

**किंग्सटाउन, एजेंसी।** राशिद खान की कप्तानी में अफगानिस्तान की टीम ने इतिहास रच दिया है। अफगानिस्तान ने बांग्लादेश को हराकर टी20 विश्व कप 2024 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह पहली बार है जब अफगानिस्तान की टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची है।




अफगानिस्तान की इस जीत के साथ ही ऑस्ट्रेलिया का सफर इस टूर्नामेंट में खत्म हो गया है। ऑस्ट्रेलिया 2021 में टी20 विश्व कप की चैंपियन बनी थी। लेकिन, इस बार उसका सफर सुपर-8 में ही थम गया है। बांग्लादेश के खिलाफ राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले बैटिंग चुनी। अफगानिस्तान ने पांच विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए। टीम के लिए रहमानुल्लाह गुरबाज ने सबसे ज्यादा 43 रन बनाए। जबकि अंतिम ओवरों में राशिद खान ने 10 गेंदों में महत्वपूर्ण 19 रन बनाए और टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। मैच के दौरान 4 बार बारिश ने खलल डाला। इसलिए बांग्लादेश की पारी में एक ओवर की कटौती की गई।

अफगानिस्तान ने बांग्लादेश के सामने 116 रन का लक्ष्य रखा था। लेकिन, डकवर्थ लुईस नियम के तहत ओवर घटाकर बांग्लादेश को 19 ओवर में 114 रन का नया टारगेट मिला। जवाब में बांग्लादेश की टीम के विकेट लगातार गिरते रहे। अकेले लिटन दास ही टीम के लिए लड़ते रहे। लिटन ने 54 रन बनाए, लेकिन दूसरे छोर पर कोई बल्लेबाज नहीं टिक सका। बांग्लादेश की टीम 105 रन पर ही सिमट गई।

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक ने 18वें ओवर में लगातार 2 विकेट लेकर मैच का पासा पूरी तरह पलट दिया और जीत अफगानिस्तान के नाम कर दी। कप्तान राशिद ने भी इस मुकाबले में 4 विकेट लिए।

### पेरिस ओलंपिक

## अदिति और दीक्षा ने पेरिस ओलंपिक के लिए किया क्वालिफाई, विश्व रैंकिंग के आधार पर मिला मौका



**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय गोल्फ स्टार अदिति अशोक और दीक्षा डागर ने सोमवार को विश्व रैंकिंग के जरिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर लिया। दोनों महिलाएं, पुरुष वर्ग के शुभांकर शर्मा और गगनजीत भुल्लर के साथ मिलकर 26 जुलाई से 11 अगस्त तक होने वाले इस टूर्नामेंट में भारत का प्रतिनिधित्व करती नजर आएंगी। अदिति के लिए यह ओलंपिक में तीसरी उपस्थिति होगी, जो किसी भारतीय के लिए सबसे अधिक है। वहीं, दीक्षा दूसरी बार खेलती नजर आएंगी।

पुरुष वर्ग के शर्मा और भुल्लर के लिए यह ओलंपिक में उनकी पहली उपस्थिति होगी। ओलंपिक में भारत का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अदिति ने किया, जो टोक्यो गेम्स 2020 में चौथे स्थान पर रही थी।

### कोपा अमेरिका

# ब्राजील और कोस्टा रिका के बीच गोल रहित ड्रॉ

**लॉस एंजिल्स, एजेंसी।** सोफी स्टेडियम में मंगलवार को ब्राजीलियन फैंस काफी निराश हुए, जब नौ बार के कोपा अमेरिका चैंपियन ब्राजील को कोस्टा रिका के खिलाफ 0-0 से ड्रॉ खेलना पड़ा। कोपा अमेरिका में ब्राजील का निराशाजनक प्रदर्शन देखकर उनके फैंस काफी निराश हुए। एक रोमांचक मुकाबले में कोस्टा रिका ने ब्राजील को कड़ी टक्कर दी। दोनों टीमों ने अपनी पूरी ताकत लगा दी लेकिन गोल करने में सफल नहीं रहे।



कई बार मौका बनाने और गोल पर शॉट्स की बौछार करने के बावजूद ब्राजील के सभी प्रयास फेल हुए। विनिसियस जूनियर और रोड्रिगो के पास एक भी शॉट टारगेट पर नहीं था, लेकिन किसी और ने भी उनकी कमी को पूरा करने के लिए कुछ नहीं किया। कोस्टा रिका के गोलकीपर पैट्रिक सेक्वेरा अपनी टीम के हीरो रहे। उन्होंने कई महत्वपूर्ण बचाव किए और अपनी टीम के लिए क्लीन शीट बनाए रखी।

हालांकि, कुछ निर्णय ब्राजील के पक्ष में नहीं गए, जिसमें रिव्यू के बाद मामूली अंतर से कुछ संदिग्ध फैसले शामिल हैं। टूर्नामेंट में टीम की काफी आलोचना हुई और इस ड्रॉ ने ब्राजील के लिए मुश्किलें और बढ़ा दी हैं।

टीम अपने दबदबे को गोल में बदलने के लिए संघर्ष करती रही। रेफरी के फैसलों ने भी निराशा को और बढ़ा दिया। पूरे मैच में ब्राजील के खिलाफ कई संदिग्ध फैसले लिए गए।

# त्रीसा और गायत्री अमेरिकी ओपन में करेंगे भारतीय चुनौती की अगुआई

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधू, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला डबल्स टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है।

भारतीय टीम त्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की अगुआई में मंगलवार से शुरू हो रहे अमेरिकी ओपन बीडब्ल्यूएफ विश्व टूर बैडमिंटन टूर्नामेंट में खेलने उतरेगी। त्रीसा और गायत्री की महिला डबल्स जोड़ी पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालिफाई कर चुके खिलाड़ियों की गैरमौजूदगी इस टूर्नामेंट में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे। ओलंपिक में एक महीने से भी कम समय बचा है और ऐसे में पेरिस जाने वाले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ियों पीवी सिंधू, एचएस प्रणय, लक्ष्य सेन, सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की पुरुष डबल्स जोड़ी तथा अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो की महिला डबल्स टीम ने टूर्नामेंट में नहीं खेलने का फैसला किया है।

### त्रीसा-गायत्री को मिली दूसरी वरीयता



मई-जून में सिंगापुर ओपन सुपर 750 टूर्नामेंट में उपविजेता रही विश्व की 24वें नंबर की भारतीय जोड़ी त्रीशा और गायत्री को इस सुपर 300 टूर्नामेंट में दूसरी वरीयता मिली है। त्रीशा और गायत्री को बाई के बाद सीधे प्री क्वार्टर फाइनल में जगह मिली है जहां उनका सामना सेई पेई शेन और हंग एन-जू की चीनी ताइपे की गैरवरीयता प्राप्त जोड़ी से होगा। दुनिया की 10वें नंबर की जापान की जोड़ी रिन इवानागा और केइ नाकानिशी को शीर्ष वरीयता मिली है।

पुरुष सिंगल्स में आठवीं वरीयता प्राप्त प्रियांशु राजावत ड्रॉ में शीर्ष भारतीय हैं और वे अपना अभियान चेक गणराज्य के यान लोडा के खिलाफ शुरू करेंगे। आयुष शेट्टी और एस शंकर मुथुस्वामी सुब्रमण्यम पुरुष सिंगल्स में दो अन्य भारतीय हैं।

शेट्टी का सामना सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से होगा, जबकि मुथुस्वामी अपना अभियान क्वालिफायर के खिलाफ शुरू करेंगे। सातवीं वरीयता प्राप्त मालविका बंसोड़ महिला सिंगल्स ड्रॉ में शीर्ष भारतीय खिलाड़ी हैं और वे अपना अभियान एस्टोनिया की क्रिस्टिन कूबा के खिलाफ शुरू करेंगी। गैर वरीयता प्राप्त तान्या हेमंत महिला सिंगल्स में दूसरी भारतीय हैं और उनको चीनी ताइपे की पांचवीं वरीयता प्राप्त वेन ची यू से भिड़ना है।

## एक नजर

### आपातकाल एक काला अध्याय पर परिचर्चा का आयोजन

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** संपूर्ण क्रांति मंच के बैनर तले 26 जून को शहर के पृथ्वीराज चौहान स्मृति भवन में 'आपातकाल एक काला अध्याय' विषयक परिचर्चा आयोजित की गई है। आयोजन समिति के प्रो. ज्ञानेश्वर सिंह ने बताया कि परिचर्चा में जेपी आंदोलन से जुड़े लोगों, शहर के बुद्धिजीवियों एवं समाजसेवियों को परिचर्चा में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

### अवैध महुआ शराब बेंच रहा धंधेबाज रंगेहाथ गिरफ्तार

**गोह (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** गोह पुलिस ने देवहरा में पुनपुन नदी के किनारे अवैध महुआ शराब की बिक्री कर रहे एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। वही पुलिस को देखते ही उसका सहयोगी धंधेबाज भागने में सफल रहा।

# नकाबपोश दरिंदे ने विधवा के साथ की दरिंदगी, हालत गंभीर

निज संवाददाता



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के रफीगंज प्रखंड में कासमा थाना के एक गांव की 40 वर्षीया विधवा महिला से नकाबपोश बदमाश द्वारा दरिंदगी की वारदात को अंजाम देने का सनसनीखेज मामला प्रकाश में आया है। महिला की हालत गंभीर बताई जा रही है और प्राइवेट पार्ट से ब्लीडिंग हो रही है। महिला को रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है।

बताया जाता है कि पीड़िता रफीगंज शहर से पोछा बर्तन का काम कर अपने घर वापस जा रही थी। इसी दौरान रास्ते में शेरपुर-कांडी गांव में मदार नदी के पास उसे पीछे से मुंह में गमछा बांधे बदमाश ने उस पर प्रहार किया जिससे वह बेहोश हो गई। जब उसे होश आया तो वहां कोई नहीं दिखा। होश आने पर महिला को अपने प्राइवेट पार्ट में दर्द महसूस हुआ और जब उसने वहां देखा तो काफी ब्लीडिंग हो रही थी। इसके बाद पीड़िता हिम्मत कर किसी तरह अपने गांव पहुंची।

मामले की जानकारी आसपास के लोगो को दी। इसके बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी कासमा थाना की पुलिस को दी। सूचना मिलते ही आनन फानन में मौके पर पहुंची कासमा थाना की पुलिस ने महिला को इलाज के लिए रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया, जहां चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद मामला गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल, रेफर कर दिया। मामले में पुलिस पीड़िता का बयान लेकर आगे की कार्रवाई में जुटी है। बताया जाता है कि पीड़िता के पति की कुछ वर्ष पूर्व मौत हो चुकी है। पीड़िता की एक 10 वर्ष की बेटी है जो पढ़ाई कर रही है। महिला रफीगंज शहर के एक घर में पोछा बर्तन का काम करती है। इस काम के बदले उसे 100 रुपया प्रतिदिन मिलता है। इसी पैसे से वह अपना और अपनी बेटी का पेट पालती है। मामले में कासमा थानाध्यक्ष ईमरान आलम ने बताया कि महिला के प्राइवेट पार्ट से काफी ब्लड निकल रहा था। उसका औरंगाबाद सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जो भी इस घटना में संलिप्त होगा, पुलिस उसे जल्द से जल्द गिरफ्तार कर लेगी। किसी भी हाल में अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। महिला से दरिंदगी की जानकारी मिलते ही विधानसभा चुनाव में रफीगंज से प्रत्याशी रहे लोजपा(रामविलास) के प्रदेश महासचिव प्रमोद सिंह सदर अस्पताल पहुंचे। उन्होंने चिकित्सकों से पीड़िता के स्वास्थ्य की जानकारी ली। इसके बाद कहा कि मजदूरी कर घर लौट रही कासमा थाना क्षेत्र की एक महिला के साथ दरिंदें ने सुनसान जगह पर उसके साथ बलात्कार किया है। यह घटना शर्मनाक और निंदनीय है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से मांग किया कि इस तरह का कुकृत्य करने वालों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर सख्त से सख्त सजा दिलाए।

## गबन के आरोप में बसडिहा पैक्स अध्यक्ष को हुई सज़ा

**औरंगाबाद (नि.सं.)।** व्यवहार न्यायालय औरंगाबाद में प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी शोभित सौरव ने जी आर -1921/19, टंडवा थाना कांड संख्या -70/19 में निर्णय पर सुनवाई करते हुए एकमात्र काराधीन अभियुक्त को सज़ा सुनाई है। अनुमंडलीय अभियोजन पदाधिकारी विकास कुमार ने बताया कि न्यायालय ने अभियुक्त को भादंवि के धारा-406 और 420 में दोषमुक्त कर दिया और भादंवि धारा 409 में दोषी करार देते हुए तीन साल कठोर कारावास की सजा और दस हजार रुपए जुर्माना लगाया है जुर्माना न देने पर एक माह अतिरिक्त कारावास होगी। अभियोजन की ओर से घटना के समर्थन में पांच गवाही हुई। बचाव पक्ष से एक भी गवाह नहीं आया।

## दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन

**नवीनगर (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** प्रखंड के जयपुर में दो दिवसीय नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन राजपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि काली सिंह, क्षत्रिय करणी सेना के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सह कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष (बिहार) रणधीर सिंह और ज्योतिषविद श्रीराम पांडे ने किया। नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट के आयोजक जयपुर क्रिकेट क्लब के अध्यक्ष सुबोध सिंह सचिव रितिक सिंह कोषाध्यक्ष अंकित सिंह नायक ने बताया कि टूर्नामेंट का सफल आयोजन का श्रेय समस्त ग्रामीणों को जाता है। जिसमें 16 टीमों ने भाग लिया, इस टूर्नामेंट के विजेता नवीनगर प्रखंड के बरियांवा और उपविजेता सिमरा रहा। इस टूर्नामेंट में अंपायर की भूमिका में भोजपुरी लोक गायक कुंदन कॉम्बो, रमेश चौधरी, राहुल सिंह ने किया। कोमेंट्री की भूमिका में घनश्याम पांडेय (अंग्रेजी) कृषाणु सिंह बिट्टू (हिंदी)। प्रदीप सिंह और कमिटी के सदस्य राजीव सिंह राजू, सोनू, नितेश का योगदान सराहनीय रहा।

## नबीनगर छात्रा हत्याकांडः पूर्व मंत्री ने परिवार से मिलकर न्याय दिलाने का जताया भरोसा



**औरंगाबाद (नि.सं.)।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रीय जनता दल के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. सुरेश पासवान, राजद के नबीनगर प्रखंड अध्यक्ष जगन यादव, कांग्रेस के प्रखंड अध्यक्ष संतन सिंह, राजद के कुटुंबा प्रखंड अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, प्रखंड सचिव विकास कुमार यादव, राजद के जिला महासचिव नंदकुमार सिंह यादव, सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र कुमार सिंह, राकेश कुमार सिंह उर्फ टुनटुन सिंह एवं पंकज यादव के साथ नबीनगर की छात्रा हत्याकांड मामले में शोकाकुल परिवार से मिलकर ढ़ांढस बंधाया। हर स्तर से न्याय दिलाने का भरोसा दिया। कहा कि पूरा बिहार अपराधियों के चंगुल में जकड़ गया है। सरकार अपराधियों के सामने असहाय साबित हो रही है। किसी भी घटना पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बोलते नहीं है और इनके दोनों उप मुख्यमंत्री केवल उल जुलूल बात करते रहते हैं। इसीलिए राज्य के अंदर कोई ऐसा दिन नहीं है कि कहीं न कहीं हत्या, लूट, अपहरण, बलात्कार जैसी घटनाएं धड़ल्ले से नही हो हो रही है। पुलिस प्रशासन केवल और केवल खानापूर्ति में लगा रहता है। नबीनगर की घटना ने मानवता को झकझोर दिया है। छात्रा के साथ हुई दरिंदगी समाज के लिए कलंक है। इस घटना में संलिप्त अपराधियों को कठोर से कठोरतम सजा दिलवाने की कार्रवाई पुलिस प्रशासन को करना चाहिए। डॉ. पासवान ने छात्रा के पिता अभय सिंह को भरोसा दिलाया है कि मैं नेता विरोधी दल तेजस्वी प्रसाद यादव से मिलकर कहुंगा कि इस हत्याकांड का दुध का दुध और पानी का पानी इंसाफ दिलाने के लिए राज्य सरकार के उच्चाधिकारियों से बात करें और विधानसभा में भी जोरदार आवाज उठाने का काम किया जाए ताकि परिजनों एवं समाज को शीघ्र इंसाफ मिल सके। चूंकि पुरा समाज इंसाफ के लिए शांतिपूर्ण ढंग से आंदोलनरत हैं।

## आपसी विवाद को ले दो पक्षों में मारपीट

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि.सं.)।** रफीगंज प्रखंड के सीहदा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में हुई मारपीट में सरिता कुमारी एवं प्रेमशीला कुमारी घायल हो गई। दोनो का इलाज रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया गया। मामले में सरिता कुमारी ने गांव की ही सुरेंद्र पासवान, को नामजद आरोपी बनाया है।




बिहार सरकार

अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस

26 जून 2024

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार

मादक पदार्थों का सेवन एक प्रमुख सामाजिक चिंता बन चुकी है। आज पूरी दुनिया किसी न किसी रूप में इस समस्या का सामना कर रही है। खासकर आज–कल के युवा पीढ़ी नशीले पदार्थों के प्रति आसानी से आकर्षित हो रहे हैं। इसके सेवन से व्यक्ति का शारीरिक, मानसिक एवं चारित्रिक पतन हो रहा है जिसमें परिजनों, विशेषकर महिलायें और बच्चे काफी असुरक्षित महसूस करते हैं। नशे का सेवन व्यक्ति को सामाजिक एवं आर्थिक पतन की ओर ले जाता है और समाज को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ती है।

राज्य सरकार ने बिहार में पूर्ण मद्य निषेध लागू कर सामाजिक परिवर्तन की बुनियाद रखी है। साथ ही नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक करने का अभियान लगातार जारी है। मुझे उम्मीद है कि राज्य सरकार के इन प्रयासों से बिहार के युवा मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक होंगे और स्वस्थ समाज का निर्माण करेंगें।

26 जून 2024 को ''अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस'' के अवसर पर आइए, हम सब मिलकर मादक पदार्थों के सेवन एवं इसके अवैध व्यापार से स्वयं और समाज को बचाएं तथा इसके विरूद्ध राज्य सरकार द्वारा चलाये जा रहे अभियान में पूर्ण भागीदारी का संकल्प लें जिससे हम एक स्वस्थ और खुशहाल समाज की दिशा में अग्रसर हो सकें।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 002436 (SWD)D. 2024-25



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस

26 जून 2024

संदेश

मादक पदार्थों का व्यसन एक सामाजिक और मनोवैज्ञानिक समस्या है, जो न केवल युवाओं, अपितु समाज के विभिन्न आयु वर्ग के लोगों को प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करता है। इसका सेवन न केवल मनुष्य के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित करता है, बल्कि परिवार, समाज एवं राष्ट्र को पतन की ओर ले जाता है। अतएव, इस बुराई से बचाव करना हम सब की जिम्मेवारी है, जिससे कि एक सतत प्रगतिशील समाज एवं राष्ट्र का निर्माण किया जा सके।

आइए, 26 जून, 2024 को ''अन्तर्राष्ट्रीय मादक पदार्थ दुरूपयोग निवारण दिवस'' के अवसर पर हम सब मिलकर मादक पदार्थों के दुरूपयोग एवं इसके अवैध व्यापार से अपने को बचाने का संकल्प लें, ताकि हमारा समाज और भावी पीढ़ी सुरक्षित रह सके।

(राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर)

PR No.- 002435 (SWD) D. 2024-25